CMYK

ख़बरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 18°C
न्यूनतम : 07°C

नई दिल्ली, शनिवार 27 दिसम्बर 2025 राष्ट्रीय संस्करण: वर्ष 23 अंक 266 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com पौष शुक्ल पक्ष 7 विक्रमी सम्वत् 2082 6 रजब 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



सरकार राहुल के विदेश दौरों की निगरानी कर रही: पित्रोदा पेज 2



स्टीव स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा खेल टाइम्स



भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर सम्पादकीय



पाकिस्तान ने एलओसी पर एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात किए पेज 12



नई दिल्ली: 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर एक समारोह के दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार प्रदान किया।

# 22 राज्यों में तेज सर्दी और कोहरा, यूपी में जीरो विजिबिलिटी

## 50 से ज्यादा ट्रेनें लेट, माउंट आबू में पारा एक डिग्री, पचमढ़ी में 3.6 डिग्री सेल्सियस

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** देशभर में सर्दी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। यूपी-एमपी, राजस्थान समेत 22 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तेज ठंड और घना कोहरा हो रहा है।

मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दो दिनों में ठंड और कोहरा और ज्यादा बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में हालात सबसे ज्यादा खराब बने हुए हैं। यूपी में कानपुर, प्रयागराज, वाराणसी, अयोध्या समेत 27 जिलों में शुक्रवार सुबह घना कोहरा छाया रहा, जिससे कई जगहों पर विजिबिलिटी जीरो हो गई। यूपी में पहाड़ों पर बर्फबारी और सर्द हवाओं के चलते मौसम बिगड़ गया है। पिछले 24 घंटे में प्रदेश में शिमला-मनाली (7डिग्री सेल्सियस), नैनीताल (9 डिग्री सेल्सियस) और जम्मू (10 डिग्री सेल्सियस) से भी ज्यादा ठंड रिकॉर्ड की गई। मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। सड़कों पर कुछ मीटर आगे भी दिखाई नहीं दे रहा। प्रयागराज, देवरिया समेत कई रेलवे स्टेशनों पर 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं। वहीं गोरखपुर समेत कई एयरपोर्ट्स पर 5 फ्लाइट्स कैंसिल हैं। इधर, मध्य प्रदेश में भी ठंड ने रिकॉर्ड तोड़ने शुरू कर दिए हैं। प्रदेश के 25 से ज्यादा शहरों में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया है। गुरुवार को पचमढ़ी प्रदेश का सबसे ठंडा शहर रहा, जहां न्यूनतम तापमान 3.6 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। राजस्थान में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस का असर खत्म होते ही उत्तरी ठंडी हवाओं ने सर्दी और बढ़ा दी है। 4 शहरों में न्यूनतम तापमान 5 डिग्री और 21 शहरों में 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया।



- अगले दो दिन में सर्दी और बढ़ेगी
- मेरठ का तापमान 5.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया

## संक्षिप्त समाचार

### क्रिकेटर वैभव समेत 20 बच्चों को बाल पुरस्कार

**नई दिल्ली।** वीर बाल दिवस पर शुक्रवार को 20 बच्चों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह अवॉर्ड राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिए। अलग-अलग क्षेत्र में बेहतरीन और बहादुरी के कामों की वजह से इन बच्चों को 18 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से चुना गया। 14 साल के क्रिकेटर वैभव सूर्यवंशी भी इनमें शामिल हैं। 20 बच्चों में से 2 बच्चों को मरणोपरांत पुरस्कार दिया गया। तमिलनाडु की ब्योमा और बिहार के कमलेश कुमार का पुरस्कार उनके माता-पिता ने लिया। वीर बाल दिवस गुरु गोविंद सिंह के 4 बेटों की शहादत के सम्मान में मनाते हैं। गुरु गोविंद सिंह के तीन पत्नियों से चार बेटे थे, जिनका नाम अजीत, जुझार, जोरावर और फतेह था। इन्हें साहिबजादे भी कहा जाता है। उत्तर प्रदेश के 9 साल के अजय राज को साहस के लिए अवॉर्ड दिया गया।

### केरल में पहली बार भाजपा का मेयर बना

**तिरुवनंतपुरम।** केरल में पहली बार भाजपा का मेयर चुना गया है। तिरुवनंतपुरम नगर निगम में शुक्रवार को हुए मेयर चुनाव में भाजपा के वीवी राजेश को 51 वोट मिले। जिसमें एक निर्दलीय पार्षद का समर्थन भी शामिल था। वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) केपी शिवाजी को 29 वोट, जबकि कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) उम्मीदवार केएस सबरिनाथन को 19 वोट मिले। जिनमें से दो को बाद में अमान्य घोषित कर दिया गया। दरअसल 9 दिसम्बर को तिरुवनंतपुरम नगर निगम के 101 वार्डों का रिजल्ट आया था। 50 वार्डों पर भाजपा जीती थी। पिछले 45 साल से यहां वाम लोकतांत्रिक मोर्चा (एलडीएफ) का कब्जा था। एलडीएफ ने 29 और कांग्रेस गठबंधन (यूडीएफ) ने 19 वार्ड जीते थे। तिरुवनंतपुरम कांग्रेस सांसद शशि थरूर का गढ़ है।

### नेपाली जेल से भागे 80 कैदी नेपाल को सौंपे गए

**नई दिल्ली।** जेन-जी हिंसक विरोध प्रदर्शनों के दौरान नेपाल की जेलों से भागे लगभग 80 कैदियों को पकड़ लिया गया है और पड़ोसी मुल्क के संबंधित अधिकारियों को सौंप दिया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि इस साल सितम्बर में जेन-जी प्रदर्शनकारियों द्वारा विभिन्न कारागारों से निकाले गए लगभग 80 कैदी सीमा पार कर भारत में शरण लेने की कोशिश कर रहे थे, जिनमें से कुछ ने फर्जी नामों का इस्तेमाल किया था।

# यूपी में 2.89 करोड़ मतदाताओं का नाम वोटर लिस्ट से कटना तय

## एसआईआर फॉर्म जमा करने की समयसीमा हुई खत्म

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश में मतदाता सूची के चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में कुल 15.44 करोड़ मतदाताओं में से 2.89 करोड़ के नाम कटने अब तय हैं। शुक्रवार को एसआईआर के तहत गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है।

यह ऐसे मतदाता हैं, जो अनुपस्थित, स्थानांतरित, मृत व डुप्लीकेट श्रेणी में शामिल हैं। यह कुल मतदाताओं का 18.70 प्रतिशत है। अब 31 दिसम्बर को मतदाता सूची का ड्राफ्ट प्रकाशन होगा। जिन जिलों में सबसे अधिक नाम कट रहे हैं उनमें लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा व बरेली आदि शामिल हैं। मतदाता सूची में दर्ज 1.11 करोड़ मतदाताओं के रिकॉर्ड नहीं मिल रहे हैं। वर्ष 2003 -**शेष पृष्ठ दो पर**



- लखनऊ, गाजियाबाद, प्रयागराज, कानपुर, आगरा और बरेली में सबसे ज्यादा नाम कटे

### 1.11 करोड़ वोटर्स को भेजा जाएगा नोटिस

**लखनऊ।** चुनाव आयोग के मुताबिक, यूपी में मैपिंग का काम भी पूरा कर लिया गया है। यानी साल 2003 की वोटर लिस्ट से वर्तमान वोटर लिस्ट का मिलान किया गया, जिसमें लगभग 91 प्रतिशत लोगों का डेटा मिलान हो चुका है। ऐसे वोटर्स के नाम उनके रिलेटिव्स जैसे मां-बाप, दादा-दादी या नाना-नानी से मिलाया गया है। बाकी 9 प्रतिशत यानी 1.11 करोड़ वोटर्स को चुनाव आयोग की तरफ से नोटिस भेजा जाएगा। यानी अब इन मतदाताओं को अपनी पहचान साबित करने के लिए जरूरी डॉक्यूमेंट चुनाव आयोग को देने होंगे। उत्तर प्रदेश में फिलहाल 11 लाख से ज्यादा लोग वोटर लिस्ट में अपना नाम दर्ज कराने के लिए फॉर्म भर चुके हैं। जिन लोगों की उम्र 1 जनवरी 2026 को 18 साल पूरी हो रही है, वो भी फार्म भर सकते हैं। बता दें कि एसआईआर के लिए यूपी के तमाम जिलों में विशेष कैंप लगाए गए। मतदान केंद्रों पर बीएलओ को तैनात किया गया था। इसके अलावा सभी पॉलिटिकल पार्टियों के प्रतिनिधि, बीएलओ ने एसआईआर गणना फॉर्म को भरवाने में मदद की।

# मध्यस्थता कानून की कमजोरी नहीं, विकास है: सीजेआई

पणजी, वार्ता

**भारत के** मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने शुक्रवार को पणजी में कहा कि मध्यस्थता कानून की कमजोरी का संकेत नहीं है, बल्कि यह उसका सबसे बड़ा विकास है। यह न्याय की संस्कृति से भागीदारी के संस्कृति की ओर एक सच्चा बदलाव है, जहां हम सद्भाव पैदा करते हैं।

सीजेआई ने दक्षिण गोवा के सांकवाले गांव में इंडिया इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी ऑफ लीगल एजुकेशन एंड रिसर्च के इवेंट मिडिएशन अवेयरनेस वाकथान में भाग लिया। यहां मध्यस्थता आज के संदर्भ में कितना महत्वपूर्ण विषय पर बोलते हुए उन्होंने अपनी बात रखी। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि वह एक मल्टी-डोर कोर्टहाउस की ओर बदलाव की कल्पना करते हैं, जहां कोर्ट सिर्फ ट्रायल की जगह नहीं, बल्कि विवाद समाधान के लिए एक व्यापक केंद्र हो। कार्यक्रम में उन्होंने 2 लाख मिडिएटर्स के साथ वाकथान में भाग लिया। साथ ही पौधारोपण भी किया। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि मीडिएशन को सफल और किफायती के तौर पर स्वीकार किया जा रहा है। यह दोनों पक्षों के लिए विन-विन स्थिति है, क्योंकि यह एक सेटलमेंट है। मीडिएशन के मामले में, कोई भी मीडिएटर किसी भी पक्ष पर कुछ भी थोपेगा नहीं। यह सिर्फ वही है जो वे चाहते हैं या जो वे चाहते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने स्टेकहोल्डर्स को एक संदेश देने के लिए मीडिएशन फॉर नेशन पहल शुरू की है। यह संदेश न केवल न्याय के उपभोक्ताओं के लिए है, बल्कि बार और बेंच जैसे सीधे स्टेकहोल्डर्स के लिए भी है। अगर लोग खुद को संवेदनशील बनाते हैं, तो वे इस बात से अवगत हो जाते हैं कि मीडिएशन एक सफल टूल है।



**कहा: देश में मल्टी-डोर कोर्ट बनें, विवादों का महज ट्रायल न हो, उन्हें सुलझाया भी जाए**

# दिल्ली की हवा में फिर घुला जहर, एक्यूआई 292 पहुंचा

**नई दिल्ली।** राजधानी में शुक्रवार सुबह छह बजकर पांच मिनट पर दिल्ली का औसत वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 292 दर्ज किया गया। इससे वायु गुणवत्ता एक बार फिर बिगड़कर 'खराब' श्रेणी में पहुंच गई।

राजधानी का औसत एक्यूआई 300 से नीचे भले हो, लेकिन दिल्ली के कई इलाकों में हवा अब भी 'बहुत खराब' श्रेणी में बनी हुई है। आनंद विहार में एक्यूआई 395, बवाना में 381, चांदनी चौक में 356 और अलीपुर में 327 दर्ज किया गया। शहर के अलग-अलग हिस्सों में प्रदूषण का स्तर असमान बना हुआ है। स्थानीय वाहनों के धुएं और पड़ोसी राज्यों से आने वाले प्रदूषकों को इस गिरावट के मुख्य कारणों के तौर पर देखा गया है। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आगामी दिनों में स्थिति और बिगड़ने की आशंका जताई है।

- पर्यावरण मंत्री ने आगामी दिनों में हालात और बिगड़ने की आशंका जताई

# दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर प्रदर्शन

**उन्नाव दुष्कर्म केस**

**नई दिल्ली।** 2017 के उन्नाव दुष्कर्म मामले में सजा काट रहे कुलदीप सिंह सेंगर को सशर्त जमानत देने के फैसले के खिलाफ दिल्ली हाईकोर्ट के बाहर लोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। मौके पर भारी पुलिस बल तैनात है।

पुलिस ने घोषणा की है विरोध प्रदर्शन तुरंत खत्म कर दिया जाए, नहीं तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वहीं पीड़िता की मां ने शुक्रवार को कहा कि वह दोषी कुलदीप सेंगर की उम्रकैद की सजा निलंबित किए जाने के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का रुख करेंगी। उन्होंने पिछले हफ्ते आए फैसले के विरोध में दिल्ली हाई कोर्ट के बाहर हुए प्रदर्शन में हिस्सा लिया। पीड़िता की मां ने कहा कि वह हाईकोर्ट इसलिए आई हैं, क्योंकि उनकी बेटी ने असहनीय पीड़ा झेली है। उन्होंने कहा, मैं पूरे हाईकोर्ट को दोष नहीं दे रही हूं, बल्कि सिर्फ उन दो जजों को, जिनके फैसले ने हमारे भरोसे को तोड़ दिया।



# भारत में बच्चों के लिए सोशल मीडिया बैन हो: मद्रास हाईकोर्ट

चेन्नई, वार्ता

**मद्रास हाईकोर्ट** ने शुक्रवार को केंद्र सरकार को सुझाव दिया कि ऑस्ट्रेलिया की तरह भारत में भी 16 साल से कम उम्र वालों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाई जाए। कोर्ट ने कहा कि इस पर गंभीरता से विचार किया जाना चाहिए।

हाईकोर्ट की मदुरै बेंच ने यह बात नाबालिगों को ऑनलाइन पोर्नोग्राफिक कंटेंट आसानी से मिल जाने के मुद्दे पर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान कही। याचिकाकर्ता एस. विजयकुमार के वकील केपीएस पलानीवेल राजन ने ऑस्ट्रेलिया के नए कानून का हवाला दिया था। कोर्ट ने कहा कि इंटरनेट सर्विस प्रोवाइडर्स (आईएसपी) पर और सख्त नियम लागू किए जाएं। उन्हें अनिवार्य रूप से पैरेंटल विंडो सर्विस (पैरेंटल कंट्रोल) देने के लिए कहा जाए, जिससे माता-पिता अपने बच्चों की ऑनलाइन एक्टिविटी को फिल्टर और कंट्रोल कर सकें। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया ने 9 दिसम्बर से 16 साल से कम उम्र के बच्चों के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अकाउंट बनाने पर बैन कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया इस तरह का बैन लगाने वाला दुनिया का पहला देश है। यह मामला एक पुरानी जनहित याचिका से जुड़ा है। इसमें शिकायत की गई थी कि बच्चों को इंटरनेट पर अश्लील और पोर्नोग्राफिक कंटेंट बहुत आसानी से मिल जाता है।

- अदालत ने ऑस्ट्रेलिया सरकार के फैसले का उदाहरण दिया

# वीर साहिबजादों ने मजहबी कट्टरता व आतंक का वजूद हिलाया: पीएम

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वीर बाल दिवस के मौके पर नई दिल्ली में स्थित भारत मंडपम में बच्चों को संबोधित किया।

भारत मंडपम में हुए आयोजन से पहले प्रधानमंत्री ने इस वर्ष वीरता पुरस्कार से सम्मानित बच्चों के साथ संवाद भी किया। बच्चों के साथ मुलाकात करने का वीडियो भी सामने आया है। पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज देश वीर बाल दिवस मना रहा है। अभी वंदे मातरम की सुंदर प्रस्तुति हुई। आज हम उन वीर साहिबजादों को याद कर रहे हैं, जो भारत का गौरव हैं। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं। वीर साहिबजादों ने उम्र और अवस्था की सीमाओं को तोड़ दिया। वे मुगल सल्तनत के सामने चट्टान की तरह खड़े हो गए। इससे मजहबी कट्टरता और आतंक का वजूद ही हिल गया। उन्होंने कहा कि वीर साहिबजादों को छोटी सी उम्र में उस समय की सबसे बड़ी सत्ता से टकराना पड़ा। वो लड़ाई भारत के मूल विचारों और मजहबी कट्टरता के बीच थी। वो लड़ाई सत्य बनाम असत्य के बीच थी। उस लड़ाई की एक ओर गुरु गोविंद सिंह जी थे, दूसरी ओर औरंगजेब की हुकूमत थी। उन्होंने कहा कि हमारे साहिबजादे उस समय छोटे ही थे, लेकिन औरंगजेब की क्रूरता को इससे फर्क नहीं पड़ा। वो जानता था कि उसे अगर भारत के लोगों को डराकर उनका धर्मांतरण कराना है, तो इसके लिए उसे हिंदुस्तानियों का मनोबल तोड़ना होगा। इसलिए उसने साहिबजादों को निशाना बनाया। पीएम मोदी ने कहा कि भले -**शेष पृष्ठ दो पर**




- कहा: वीर साहिबजादे भारत के अदम्य साहस, शौर्य, वीरता की पराकाष्ठा हैं
- जेन जी ही देश को आगे ले जाएंगे

### भारत रत्न और पद्म अवॉर्ड उपाधि नहीं: बॉम्बे हाईकोर्ट

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने कहा कि भारत रत्न, पद्म श्री, पद्म भूषण, पद्म विभूषण जैसे नागरिक सम्मान कोई उपाधि (टाइटल) नहीं हैं। ऐसे में इन्हें किसी के नाम के आगे या पीछे नहीं लगाया जा सकता है। कोर्ट ने यह बात एक याचिका के केस टाइटल में पद्म श्री लिखे जाने पर की। दरअसल जस्टिस सोमशेखर सुंदरेसन की बेंच याचिका की सुनवाई कर रही थी। इसमें 2004 में पद्म श्री से सम्मानित डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर भी एक पक्षकार थे। केस टाइटल में उनका नाम पद्म श्री डा. शरद मोरेश्वर हार्डिकर लिखा गया था। इस पर जज ने आपत्ति जताई। साथ ही कहा कि कानून के अनुसार ऐसा करना गलत है। हाईकोर्ट ने 1995 में सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ के फैसले का जिक्र किया। उस फैसले में सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट कहा था कि पद्म पुरस्कार और भारत रत्न उपाधि नहीं हैं और इन्हें नाम के आगे या पीछे इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### सम्भल के 13 पुलिस कर्मचारियों पर एफआईआर का आदेश

**सम्भल।** सम्भल में एक फर्जी मुठभेड़ के मामले में अदालत ने 13 पुलिसकर्मियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का आदेश दे दिया है। न्यायालय ने अपने फैसले में कहा कि पुलिस ने जिस दिन लूट की घटना को दर्शाया है, उस दिन आरोपी एक अन्य मुकदमे के मामले में जिला कारागार बदायूं में बंद था। न्यायालय ने अपने आदेश में यह भी कहा कि प्रारंभिक तौर पर यह नजर आता है कि कुछ पुलिसकर्मियों षड्यंत्र का सहारा लेते हुए गलत तरीके से जांच की, साथ ही अपने पद का दुरुपयोग भी किया और दस्तावेजों में जालसाजी की है। कोर्ट ने कहा कि लोकसेवकों को गैरकानूनी काम के लिए संरक्षण प्राप्त नहीं है।

### मीरवाइज ने अपने एक्स प्रोफाइल से हटाया हुर्रियत का पदनाम

**श्रीनगर।** कश्मीर के उदारवादी अलगाववादी नेता मीरवाइज उमर फारूक ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल से सर्वदलीय हुर्रियत सम्मेलन के अध्यक्ष का पदनाम हटा दिया है। कश्मीर के प्रमुख धर्मगुरु मीरवाइज के सत्यापित एक्स हैंडल पर दो लाख से अधिक फॉलोवर हैं। उनके संपादित बायो में अब केवल उनका नाम और स्थान विवरण शामिल है। उन्होंने इस बदलाव के बारे में कोई बयान जारी नहीं किया है। मीरवाइज के नेतृत्व वाली उदारवादी हुर्रियत कांफ्रेंस 2019 में अनुच्छेद 370 के निरसन के बाद से लगभग निष्क्रिय रही है। इसके अधिकांश घटक संगठनों पर केंद्र सरकार ने प्रतिबंध लगा दिया था, जिसमें मीरवाइज का अपना राजनीतिक संगठन, अवामी एक्शन कमेटी (एएसी) भी शामिल है। इस समूह ने पिछले छह वर्षों में शायद ही कभी राजनीतिक बयान जारी किए हैं।

## उप्र में अनुसूचित जाति बाहुल्य गांवों में बुनियादी सुविधाओं की सौगात

# 12492 गांवों का किया जाएगा कायाकल्प

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कार्यों में तेजी लाने के लिए विकेन्द्रीकृत लागू, 910 गांवों में कार्य हो चुका है पूर्ण

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने अनुसूचित जाति बाहुल्य 12 हजार 492 गांवों में बुनियादी सुविधाओं को और सदृढ़ करने का फैसला किया है।

अधिकारियों के अनुसार राज्य सरकार द्वारा अनुसूचित जाति बाहुल्य ग्रामों में आधारभूत ढांचे के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, जिससे सामाजिक समावेशन को मजबूती मिल सके। वर्ष 2025-26 तक 40 प्रतिशत से अधिक अनुसूचित जाति जनसंख्या वाले 12,492 ग्रामों का चयन किया गया है। इन ग्राम पंचायतों में पेयजल एवं स्वच्छता व्यवस्था, विद्यालयों और आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालयों का निर्माण, सोलर लाइट व स्ट्रीट लाइट की स्थापना, बोरवेल, डिजिटल लाइब्रेरी, ट्रांसफॉर्मर, मोटर शेड, शवदाह गृह तथा पाइपलाइन एक्सटेंशन जैसे महत्वपूर्ण विकास कार्य कराए जा रहे हैं। इन सुविधाओं के माध्यम से ग्रामीणों को बेहतर जीवन स्तर, शिक्षा और स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराने का प्रयास किया जा रहा है। उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम के प्रबंध निदेशक शिव प्रसाद ने बताया कि समाज कल्याण की कार्यदाई संस्था यूपीसिडको के माध्यम से अब तक 2562 ग्रामों में विकास कार्य स्वीकृत किए गए हैं। इनमें से 910 ग्रामों में कार्य पूर्ण हो चुका है, जबकि शेष ग्रामों में कार्य तेजी से प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि योजना के टर्मिनल वर्ष को ध्यान में रखते हुए विकास कार्यों की गति बढ़ाने के लिए विकेंद्रीकृत व्यवस्था लागू की गई है। इसके तहत अब ग्राम पंचायतों को ही कार्यदाई संस्था नामित किया गया है। इससे एक ओर जहां प्रशासनिक प्रक्रिया सरल हुई है, वहीं दूसरी ओर स्थानीय स्तर पर निगरानी और जवाबदेही भी सुनिश्चित हो रही है। प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के माध्यम से योगी सरकार न केवल गांवों में बुनियादी ढांचे को मजबूत कर रही है, बल्कि अनुसूचित जाति समुदाय को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में भी ठोस और दूरदर्शी पहल कर रही है। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में समान विकास, सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। योगी सरकार की यह पहल प्रदेश में विकास केवल आंकड़ों तक सीमित नहीं है, बल्कि उसका वास्तविक लाभ समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने के लिए ठोस नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू किया जा रहा है।

### वीर बाल दिवस पर साहिबजादों को नमन योगी के आवास पर कीर्तन समागम

**लखनऊ।** वीर बाल दिवस (साहिबजादा दिवस) के अवसर पर शुक्रवार को पूरे देश में श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चारों साहिबजादों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर लखनऊ स्थित मुख्यमंत्री आवास पर श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के पावन स्वरूप का आगमन हुआ और कीर्तन समागम का आयोजन किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के चार साहिबजादों की शहादत अदम्य साहस, धर्मनिष्ठा और राष्ट्रभक्ति की अमर गाथा है। उनका बलिदान युगों-युगों तक देशवासियों को कर्तव्यनिष्ठ, सत्यनिष्ठ और राष्ट्र के लिए समर्पित जीवन जीने की प्रेरणा देता रहेगा। मुख्यमंत्री आवास पर आयोजित कीर्तन समागम में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में सहभागिता की और गुरुवाणी के माध्यम से साहिबजादों के बलिदान को स्मरण किया। उधर उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि साहिबजादों का अद्वितीय साहस, अटूट आस्था और अन्याय के विरुद्ध अडिग संकल्प मानव इतिहास में वीरता और त्याग का अमर प्रतीक है। उनका जीवन और बलिदान आने वाली पीढ़ियों को सत्य, धर्म और राष्ट्ररक्षा के मार्ग पर निरंतर प्रेरित करता रहेगा। गौरतलब है कि राष्ट्र 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाता है।

# भाजपा राज में बाटी-चोखा नहीं सिर्फ माटी-धोखा मिला: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ भाजपाई लोगों के जीवन से कर रहे खिलाड़

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी राज में आम जनता को विकास और सम्मान नहीं, बल्कि केवल 'माटी-धोखा' ही मिला है।

उन्होंने कहा कि अब स्थिति 'हाता नहीं भाता' से बहुत आगे निकल चुकी है और उपेक्षा तिरस्कार में बदल चुकी है, जिसे कोई भी स्वाभिमानी समाज सह नहीं सकता। यादव ने एक्स पर लिखा- जब किसी समाज के सामने केवल दो विकल्प सत्ता या सम्मान बचे रह जाते हैं, तब स्वाभिमानी समाज हमेशा सम्मान को ही चुनता है। यह सच्चाई किसी एक समाज तक सीमित नहीं, बल्कि हर वर्ग और समुदाय पर समान रूप से लागू होती है। भाजपा किसी की सगी नहीं है और आज 'भाजपाई' कहलाना एक नकारात्मक सामाजिक पहचान बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा से जुड़े लोग अपने स्वार्थ के लिए पर्यावरण जैसी संवेदनशील धरोहरों से खिलवाड़ करते हैं, दोष-सिद्ध अपराधियों को संरक्षण और महिमामंडन देते हैं तथा दवाइयों के नाम पर जहरीली-नशीली चीजें बेचकर लोगों की जदिगी खतरे में डालते हैं। उन्होंने चुनावी प्रक्रियाओं में लूट, भ्रष्टाचार, कमीशनखोरी और सत्ता के दुरुपयोग के गंभीर आरोप भी लगाए। अखिलेश यादव ने आगे कहा कि नफरत और भय का वातावरण बनाकर समाज को बांटना, संविधान और कानून के बजाय भीड़ और दबाव की राजनीति करना तथा वैज्ञानिक सोच, शिक्षा और कला से डरना, यह सब मौजूदा सत्ता की कार्यशैली को उजागर करता है। उनके अनुसार इसी वजह से अमीर-गरीब की खाई बढ़ी है, बेरोजगारी और महंगाई ने आम जनता की कमर तोड़ दी है और महिला, गरीब, वंचित व शोषित वर्गों के अधिकारों पर लगातार हमला हो रहा है। उन्होंने कहा कि देशभक्त, सभ्य, मानवतावादी, ईमानदार और स्वाभिमानी समाज अब ऐसे राजनीतिक आचरण के साथ खड़ा होकर अपमान और जनाक्रोश का शिकार नहीं होना चाहता। अखिलेश यादव ने स्पष्ट किया कि जब तक सत्ता की इस प्रकार की राजनीति समाप्त नहीं होती, तब तक समाज को बराबरी का सम्मान मिलना संभव नहीं है।

# सरकार कर रही राहुल के विदेशी दौरों की निगरानी: पित्रोदा

■ दूतावास के अफसर उनका पीछा करते हैं, विदेशी नेताओं से मिलने को मना करते हैं: सैम

**नई दिल्ली।** ओवरसीज कांग्रेस के चेयरमैन और वरिष्ठ कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने दावा किया है कि राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है।

पित्रोदा ने राहुल के दौरे को लेकर गुरुवार को इंडिया टुडे से बातचीत की है। इसमें उन्होंने कहा कि मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं। वहीं पित्रोदा ने भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोपों को खारिज किया। जर्मनी दौरे की टाइमिंग पर उन्होंने कहा कि विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है।

पित्रोदा ने कहा कि राहुल गांधी पर विदेश जाकर भारत की छवि खराब करने के आरोपों पर कहा कि सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में। डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते। जार्ज सोरोस और विदेशी फंडिंग से जुड़े आरोपों पर कहा कि ये पूरी तरह बेबुनियाद हैं।

# अरावली को हम मरने नहीं देंगे: कांग्रेस

नई दिल्ली, वार्ता



■ सरकार इसे खत्म करने पर तुली हुई है: चिब

कांग्रेस ने अरावली को देश का भविष्य बताते हुए कहा है कि सरकार इसे बर्बाद करना चाहती है लेकिन कांग्रेस अरावली को मरने नहीं देगी और सात जनवरी से इस मुहिम में सत्याग्रह यात्रा निकालेगी।

युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदयभानु चिब ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अरावली सिर्फ पहाड़ नहीं, हमारी जीवन रेखा है। ये हमारी सांस्कृतिक धरोहर का प्रतीक है, जिसे मोदी सरकार तबाह करने पर तुली है। अरावली को बचाने की प्रतिबद्धता व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना सबकी जिम्मेदारी है और युवा कांग्रेस इस जिम्मेदारी के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि युवा कांग्रेस अरावली को बचाने के लिए सात जनवरी से 'अरावली सत्याग्रह' यात्रा निकाल रही है और यह यात्रा 20 जनवरी तक चलेगी।

यह यात्रा गुजरात से शुरू होगी और राजस्थान, हरियाणा से होते हुए दिल्ली आएगी। अरावली सत्याग्रह भविष्य को बचाने की यात्रा है, जो सात जनवरी से शुरु होगी और गुजरात, राजस्थान, हरियाणा होते हुए दिल्ली पहुंचेगी। यह यात्रा करीब करीब 1,000 किमी की होगी। चिब ने कहा कि युवा कांग्रेस इस यात्रा के जरिए मांग करेगी कि अरावली रेंज पर 100 मीटर का पैंतरा खत्म कर अरावली क्षेत्र को महत्वपूर्ण पारिस्थितिकी क्षेत्र घोषित करे। उनका कहना था कि उच्चतम न्यायालय के आदेश की समीक्षा हो और अरावली को लेकर जो प्रस्ताव दिया गया है सरकार उस प्रस्ताव वापस ले तथा अरावली रेंज में खनन को पूरी तरह से प्रतिबंधित करे। युवा कांग्रेस नेता ने भाजपा सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा सरकार ने पहले देश की संस्कृति को प्रदूषित किया और अब पर्यावरण को भी प्रदूषित करने की तैयारी में है। उनका कहना था कि अरावली महज पहाड़ नहीं हैं, ये उत्तर भारत को सुरक्षा देते हैं।

### सुधाकर सिंह के पुत्र सुजीत सपा के टिकट पर उतरेंगे घोसी के मैदान में

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में मऊ जिले की घोसी विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के लिए समाजवादी पार्टी ने दिवंगत विधायक सुधाकर सिंह के छोटे बेटे सुजीत सिंह को उम्मीदवार बनाकर चुनावी मैदान में उतारने का फैसला किया है। इस संबंध में पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव एवं वरिष्ठ नेता शिवपाल सिंह यादव ने औपचारिक ऐलान किया है। यादव ने शुक्रवार को पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि सुजीत सिंह घोसी क्षेत्र की जनता की अपेक्षाओं पर खरे उतरेंगे और अपने पिता की राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाएंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि समाजवादी पार्टी का पूरा संगठन एकजुट होकर सुजीत सिंह को भारी मतों से विजई बनाने के लिए काम करेगा। शिवपाल यादव ने सुजीत सिंह को कर्मठ, जिम्मेदार और जनता से जुड़ा युवा नेता बताते हुए कहा कि पार्टी का पूर्ण समर्थन उनके साथ है। घोसी विधानसभा सीट सपा विधायक सुधाकर सिंह के निधन के बाद रिक्त हुई थी।



सेंसेक्स 85052.46
निफ्टी 26042.30



सोना रु. 137914
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार




चांदी रु. 232100
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट, सेंसेक्स फिसला

मुंबई, वार्ता



रुपये में जारी नरमी से गुरुवार को घरेलू शेयर बाजारों में बिकवाली हावी रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 356.24 अंक (0.42 प्रतिशत) टूटकर 85,052.46 अंक पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक भी 99.80 अंक यानी 0.38 प्रतिशत नीचे 26,042.30 अंक पर रहा। यह लगातार दूसरा दिन है, जब बाजार में गिरावट में रही है। डॉलर की तुलना में रुपये में नरमी का दबाव शेयर बाजारों पर भी देखा गया।

मझौली और छोटी कंपनियों में भी बिकवाली हावी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.38 प्रतिशत फिसल गया। स्मॉलकैप-100 सूचकांक भी 0.08 फीसदी टूटा। आईटी, ऑटो, मीडिया, स्वास्थ्य और फार्मा समूहों के सूचकांक गिरकर बंद हुए। धातु और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद सेक्टरों में तेजी रही। सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फाइनेंस और एशियन पेंट्स के शेयर करीब डेढ़ फीसदी टूट गए। टीसीएस, इटरनल, सनफार्मा और टेक महिंद्रा के शेयर भी एक प्रतिशत से अधिक गिरे। पावरग्रिड, भारती एयरटेल, बजाज फिनसर्व, मारुति सुजुकी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, आईसीआईसीआई बैंक, आटीसी, अडानी पोर्ट्स और टाटा स्टील में भी गिरावट रही। टाइटन का शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़ा। एनटीपीसी, अल्ट्राटेक सीमेंट और हिंदुस्तान यूनीलिवर में भी तेजी रही।

### विदेशी मुद्रा भंडार 4.37 अरब डॉलर बढ़ा स्वर्ण भंडार रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 19 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में 4.368 अरब डॉलर बढ़कर दो महीने के उच्चतम स्तर 693.318 अरब डॉलर पर पहुंच गया। यह लगातार तीसरा सप्ताह है, जब विदेशी मुद्रा भंडार बढ़ा है। इससे पहले 12 दिसम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें 1.689 अरब डॉलर की वृद्धि हुई थी और यह 688.949 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार विदेशी मुद्रा भंडार का दूसरा सबसे बड़ा घटक स्वर्ण भंडार 2.623 अरब डॉलर बढ़कर 110.365 अरब डॉलर के रिकॉर्ड उच्चतम स्तर पर रहा। आलोच्य सप्ताह में विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 1.641 अरब डॉलर की वृद्धि के साथ 559.428 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इसमें अमेरिकी डॉलर के अलावा यूरो, ब्रितानी पाउंड और जापानी एन शामिल हैं। इसका मूल्य डॉलर की तुलना में उनकी विनिमय दर के आधार पर तय किया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 9.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.782 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 80 लाख डॉलर चढ़कर 18.744 अरब डॉलर हो गया।

## चांदी 2.32 लाख पार सोना 1.38 लाख के ऑलटाइम हाई पर

**नई दिल्ली।** शुक्रवार को सोने-चांदी के दाम लगातार चौथे दिन ऑलटाइम हाई पर पहुंच गए हैं। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के अनुसार 1 किलो चांदी की कीमत 13,117 रुपए बढ़कर 2,32,100 रुपए प्रति किलो के ऑलटाइम हाई पर पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को इसकी कीमत 2,18,983/किलो थी। वहीं सोने की कीमत 1,287 रुपए बढ़कर 1,37,914 रुपए प्रति 10 ग्राम पहुंच गई है। इससे पहले बुधवार को सोने की कीमत 1,36,627/10 ग्राम थी। दस दिन में चांदी 36,920 रुपए महंगी हुई है। 12 दिसंबर को इसकी कीमत 1,95,180 रुपए प्रति किलो थी। इस साल चांदी अब तक 150 प्रतिशत से ज्यादा का रिटर्न दे चुकी है। आईबीजेए की सोने की कीमतों में 3 प्रतिशत जीएसटी, मेकिंग चार्ज, ज्वेलर्स मार्जिन शामिल नहीं होता। इसलिए शहरों के रेट्स इससे अलग होते हैं। इन रेट्स का इस्तेमाल आरबीआई सोवरेन गोल्ड बॉन्ड के रेट तय करने के लिए करता है। कई बैंक गोल्ड लोन के रेट तय करने के लिए इसे इस्तेमाल करते हैं। इस साल अब तक सोने की कीमत 61,752 रुपए बढ़ी है। 31 दिसंबर 2024 को 10 ग्राम 24 कैरेट सोना 76,162 रुपए का था, जो अब 1,37,914 रुपए हो गया है।

# नीदरलैंड में स्थानीय निवासियों ने टाटा स्टील से मांगा जुर्माना

मुंबई, वार्ता

नीदरलैंड के वेल्सन-नूरड के निवासियों ने टाटा स्टील पर स्थानीय निवासियों के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाते हुए 1.4 अरब यूरो (लगभग 148 अरब रुपये) के हर्जाने की मांग के लिए मुकदमा दायर किया है।

टाटा स्टील ने गुरुवार देर रात शेयर बाजारों को बताया कि नेल्सन-नूर्ड के निवासियों के संगठन स्टिचिंग फ्रिस विड-एनयू (एसएफडब्ल्यू) ने हारलेम स्थित उत्तरी हॉलैंड की जिला अदालत में यह मुकदमा दायर किया है। मामले में टाटा स्टील नीदरलैंड बीवी और टाटा स्टील इज्मुदेन को समन जारी किए गए हैं। टाटा स्टील ने आरोपों को 'निराधार' बताते हुए खारिज कर दिया है। आरोप है कि कंपनी के संयंत्रों के कारण स्थानीय निवासियों के लिए स्वास्थ्य संबंधी जोखिम बढ़ गए हैं। टाटा स्टील ने कहा है कि एसएफडब्ल्यू ने आरोपों के समर्थन में कोई प्रमाण पेश नहीं किया है, जिससे उसके दावों में तथ्यों की कमी है और ये सिर्फ कल्पना पर आधारित हैं। याचिका सार्वजनिक दावों के सामूहिक निपटान संबंधी डच कानून (डब्ल्यूएएमसीए) के तहत दायर की गई है। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया है कि इसके तहत दो चरणों में सुनवाई पूरी होती है। पहला चरण मामले की स्वीकार्यता का होता है और दूसरे चरण में उसके गुण-दोष पर विचार किया जाता है। दोनों चरणों में अलग-अलग दो-तीन साल का समय लगता है। इसलिए आने वाले समय में (पहले चरण के दौरान) हर्जाने की राशि पर अदालत में विचार नहीं किया जाएगा। टाटा स्टील ने कहा है कि वह एसएफडब्ल्यू द्वारा मुहैया कराए गए दस्तावेजों का अध्ययन कर रही है और अधिवक्ताओं से परामर्श ले रही है। साथ ही दावों के संभावित प्रभावों का भी आंकलन किया जा रहा है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**यूपी में...** की मतदाता सूची में न तो इनके और न ही इनके माता-पिता या बाबा-दादी के नाम मिले हैं। यह कुल मतदाताओं का करीब सात प्रतिशत हैं। ड्राफ्ट मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद इन्हें निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) नोटिस देंगे। इन्हें भारत निर्वाचन आयोग की ओर से अनुमन्य 12 प्रमाण पत्रों में से एक देना होगा। आधार कार्ड अकेले मान्य नहीं होगा इसके साथ कोई दूसरा प्रमाण पत्र भी लगाना होगा। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि गणना प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि खत्म हो गई है। अब ड्राफ्ट मतदाता सूची का प्रकाशन होगा। इसके बाद 31 दिसम्बर से 30 जनवरी तक दावे व आपत्तियां ली जाएंगी। इसी तरह 31 दिसम्बर से 21 फरवरी तक उन मतदाताओं को नोटिस दिए जाएंगे, जिनके रिकॉर्ड नहीं मिल पाए हैं। दावे व आपत्तियों के निस्तारण के बाद अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 28 फरवरी को होगा। उन्होंने बताया कि जिनका नाम वर्ष 2025 की मतदाता सूची में नहीं है, वह फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। जिनके पास गणना प्रपत्र आया था, लेकिन वह किन्हीं कारणों से भर नहीं सके तो वे भी फॉर्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं। हालांकि इन्हें एक शपथ पत्र भरना होगा। इसमें गणना प्रपत्र की तरह ही 2003 का रिकॉर्ड देना होगा। इसके साथ ही एक जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी करने वाले युवा भी फार्म-6 भरकर मतदाता बन सकते हैं।

**वीर साहिबजादों...** ही पूरी मुगलिया बादशाहत उनके पीछे लग गई, लेकिन चारों साहिबजादों में से एक को भी डिगा नहीं पाई। साहिबजादा अजीत सिंह जी के शब्द आज भी उनके हौसले की कहानी कहते हैं। अजीत सिंह जी ने कहा था कि नाम का अजीत हूं, जीता न जाऊंगा, जीता भी गया तो जीता न आऊंगा। उन्होंने कहा कि कुछ दिन पहले ही हमने गुरु तेगबहादुर को उनके 350वें बलिदान दिवस पर याद किया था। जिन साहिबजादों के पास गुरु तेगबहादुर जी के बलिदान की प्रेरणा हो, वो मुगल अत्याचारों से डर जाएंगे, ये सोचना ही गलत था। साहिबजादों के बलिदान की गाथा देश में जन-जन की जुबान पर होनी चाहिए थी। दुर्भाग्य से आजादी के बाद भी देश में गुलामी की मानसिकता हावी रही। इस गुलामी का बीज अंग्रेज राजनेता मैकाले ने 1835 में बोया था। उस मानसिकता से देश को आजादी के बाद भी मुक्त होने नहीं दिया गया। उन्होंने आगे कहा कि आजादी के बाद भी देश में ऐसी सच्चाईयों को दबाने की कोशिश की गई। अब भारत ने तय किया है कि गुलामी की मानसिकता से मुक्ति पानी ही होगी। अब हम भारतीयों के बलिदान और शौर्य की स्मृतियां दबेंगी नहीं। अब देश के नायक-नायिकाओं को हाशिये पर नहीं रखा जाएगा और इसलिए वीर बाल दिवस को हम पूरे मनोभाव से मना रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से मुक्त होते हमारे देश में, भाषाई विविधता हमारी ताकत बन रही है। पीएम मोदी ने कहा कि जिस राष्ट्र के पास ऐसा गौरवशाली अतीत हो, जिसकी युवा पीढ़ी को ऐसी प्रेरणाएं विरासत में मिली हों, वो राष्ट्र क्या कुछ नहीं कर सकता है। जब भी 26 दिसम्बर का दिन आता है, मुझे ये तसल्ली होती है कि हमारी केंद्र सरकार ने साहिबजादों की वीरता से प्रेरित होकर वीर बाल दिवस मनाना शुरू किया। पीएम मोदी ने जेन-जी और जेन-अल्फा को संबोधित करते हुए कहा कि आपकी जेनरेशन ही भारत को विकसित भारत के लक्ष्य तक ले जाएगी। मैं जेन-जी की योग्यता, आपका आत्मविश्वास देखता हूं, समझता हूं और इसलिए आप पर बहुत भरोसा करता हूं। उन्होंने कहा कि पहले युवा सपने देखने से भी डरते थे, क्योंकि पुरानी व्यवस्थाओं में ये माहौल बन गया था कि कुछ अच्छा हो ही नहीं सकता। चारों ओर निराशा का वातावरण था। लेकिन आज देश प्रतिभा को खोजता है, उन्हें मंच देता है।

# बाराबंकी की पूजा पाल व आगरा के अजय को प्रधानमंत्री बाल पुरस्कार

बाराबंकी, वार्ता



■ पूजा पाल ने बनाया है धूल रहित थ्रेशर का मॉडल

■ अजय राज ने मगरमच्छ से पिता की जान बचाई थी

सिरौली गौसपुर ब्लॉक के गांव डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल को विज्ञान के क्षेत्र में किए गए नवाचार के लिए प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। वीर बाल दिवस के मौके पर शुक्रवार (26 दिसंबर) को विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित विशेष समारोह में यह पुरस्कार राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रदान किया है। इस वर्ष पुरस्कार पाने वालों में 20 बच्चे शामिल हैं, जिनमें दो बच्चे उत्तर प्रदेश के हैं।

पूजा को सम्मान मिलने पर क्षेत्र में खुशी की लहर है। वहीं आगरा निवासी 9 साल के अजय राज के पिता को मगरमच्छ ने पकड़ लिया था, लेकिन अजय ने बिना डरे मगरमच्छ को भगाया था और अपने पिता की जान बचाई थी। सिरौली गौसपुर ब्लॉक के डलईपुरवा की रहने वाली पूजा पाल ने वर्ष 2021 में कक्षा आठ में पढ़ाई के दौरान थ्रेशर का एक मॉडल तैयार किया। यह मॉडल भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा कक्षा 6 से 10 तक के विद्यार्थियों द्वारा किए जाने वाले नवाचार को प्रोत्साहित करने के लिए चलाई जा रही इंस्पायर्ड एवार्ड योजना में चयनित हो गया। मॉडल को पहले जिला स्तर पर फिर मंडल स्तर पर चुन लिया गया। वर्ष 2021-22 की राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पूजा के थ्रेशर मॉडल की खूब तारीफ हुई और राष्ट्रीय प्रतियोगिता में स्थान मिला।

10 अक्टूबर 2023 में नई दिल्ली के इंदिरा गांधी स्टेडियम में 60 मॉडलों का चयन किया गया। इन 60 मॉडल्स में पूजा का थ्रेशर मॉडल भी था। पूजा पाल को प्रधानमंत्री मोदी की डॉक्यूमेंट्री 'कर्मयोग एक अंतहीन यात्रा' जो उनके 75 वें जन्मदिवस पर लांच की गई थी, उसमें भी पूजा को शामिल किया गया था। पूजा पाल मिशन शक्ति फेज 5.0 का रोल मॉडल भी है। इन बच्चों को गणतंत्र दिवस की परेड में भी शामिल किया जाता है।

# दिल्ली से सटे यूपी के जिलों का एक्यूआई खतरनाक स्तर पर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** यूपी में कड़ाके की ठंड के साथ कई जिलों में प्रदूषण का स्तर भी बढ़ने लगा है। दिल्ली से सटे यूपी के जिलों में एक्यूआई 400 के पार तक पहुंच जा रहा। ग्रेटर नोएडा, नोएडा, गाजियाबाद, मेरठ और हापुड़ समेत कई शहरों में प्रदूषण का असर लोगों के स्वास्थ्य पर भी पड़ने लगा है।

विशेषज्ञों के मुताबिक प्रदूषण का असर सेहत पर तो पड़ता ही है, साथ ही साथ यह मानसिक रूप से लोगों को परेशान करता है। बहुत से मरीजों को त्वचा संबंधित दिक्कतें होने लगती हैं। विशेषज्ञों ने दुष्प्रभावों और उनसे बचने के उपायों के बारे में बताया है।केजीएमयू के पल्मोनरी एवं क्रिटिकल केयर विभाग के विभागाध्यक्ष डा. वेद प्रकाश ने बताया कि प्रदूषित वायु केवल फेफड़ों तक सीमित नहीं रहती, बल्कि शरीर के विभिन्न अंगों को प्रभावित करती है। सांस से संबंधित मरीजों को सांस लेने में दिक्कत होने लगती है। इस स्थिति में ऐसे मरीजों को यही कहा जाता है कि बाहर निकलने से पहले मुंह पर मास्क जरूर लगाएं, अनावश्यक बाहर न निकलें, धुंध के समय मॉर्निंग या इवनिंग वॉक न करें। केजीएमयू की त्वचा रोग विशेषज्ञ डा. पारुल वर्मा ने कहा कि वायु में मौजूद विषैली गैसें और सूक्ष्म कण त्वचा की उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को तेज करते हैं। इससे समय से पहले ही झुर्रियां, पिग्मेंटेशन और अन्य त्वचा संबंधी समस्याएं आने लगती हैं। प्रदूषित हवा के संपर्क में रहने से त्वचा कैंसर का जोखिम बढ़ सकता है।

# पत्नी की हत्या कर पति ट्रेन के आगे कूदा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के शाहदरा जिला के विवेक विहार इलाके में महज 20 रुपये को लेकर हुए झगड़े में एक शख्स ने अपनी पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। वारदात के बाद वह घर के पास ही मौजूद रेलवे ट्रैक पर पहुंचा और उसने ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। मृतकों की शिनाख्त पत्नी महेंद्र कौर (45) और इसके पति कुलवंत सिंह उर्फ संजय उर्फ बंटी (48) के रूप में हुई है।

मां की मौत के बाद बेटे ने पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया। उसने बताया कि मां ने पंखे के सहारे फंदा लगाकर जान दी है। छानबीन हुई तो पुलिस को शक हुआ। पुलिस ने बृहस्पतिवार को महिला का पोस्टमार्टम करवाया तो उसमें गला दबाकर हत्या करने की बात साफ हो गई। विवेक विहार थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी।

डुंगरपुर में रहने वाले कुलवंत के भाई सतवंत ने दोपहर करीब 3.00 बजे पीसीआर कॉल कर पुलिस को खबर दी कि उसकी भाभी की छत पर संदिग्ध हालत में मौत हो गई है और उनके गले पर चोट के निशान है। घर से उनका भाई कुलवंत सिंह भी गायब है। खबर मिलते ही वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंच गए।

टीम घर पहुंची तो ग्राउंड फ्लोर पर महेंद्र कौर का शव शाल से लपेटकर रखा हुआ था। बेटे शिवचरन ने मां के फंदा लगाकर आत्महत्या करने की बात बताई। पुलिस को पूछताछ में शिवचरन ने बताया कि वह सिगरेट लेने गया था। वापस आया तो उसने देखा कि मां पंखे पर फंदे से लटकी है। पुलिस का शिवचरन के बयान पर शक हुआ। महेंद्र कौर की लाश मिलने के बाद पुलिस ने कुलवंत की तलाश शुरू की। जांच में कुछ लोगों ने बताया वह पास में मौजूद रेलवे ट्रैक पर बैठा हुआ है। पड़ोसी व पुलिस की टीम रेलवे ट्रैक की ओर गए। पुलिस व लोगों को देखकर कुलवंत ने भागना शुरू कर दिया। इस बीच सामने की ओर से रेलवे ट्रैक पर ट्रेन आ रही थी। भीड़ व पुलिस कुलवंत के पास तक पहुंच पाती इससे पहले ही कुलवंत ट्रेन के आगे कूद गया। गंभीर हालत में पुलिस उसे फौरन जीटीबी अस्पताल ले गई जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

## एक्यूआई फिर 'बेहद खराब' श्रेणी में जहांगीरपुरी और आनंद विहार सबसे प्रदूषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली में दो दिन मामूली सुधार रहने के बाद शुक्रवार को वायु गुणवत्ता एक बार फिर 'बेहद खराब' श्रेणी में पहुंच गई। दिल्ली का एक्यूआई 310 दर्ज किया गया। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के मुताबक दिल्ली के 40 निगरानी केंद्रों में से कम से कम 24 केन्द्रों पर वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' दर्ज की गई। इसमें जहांगीरपुरी और आनंद विहार 395 एक्यूआई के साथ सबसे प्रदूषित इलाके रहे। वहीं लोधी रोड पर एक्यूआई 185 दर्ज किया गया, जो 'मध्यम' श्रेणी में आता है। पिछले दो दिनों में दिल्ली की वायु गुणवत्ता 'खराब' श्रेणी में बनी हुई थी। 'वायु गुणवत्ता पूर्व चेतावनी प्रणाली' ने अगले छह दिनों तक वायु गुणवत्ता 'बेहद खराब' श्रेणी में बने रहने का अनुमान लगाया है। भारत मौसम विज्ञान विभाग के मुताबिक वर्तमान में हवा की औसत गति 10 किलोमीटर प्रति घंटे से कम है, जो प्रदूषक तत्वों के छितराव के लिए प्रतिकूल है। सीपीसीबी के मानकों के मुताबिक 0 से 50 के बीच एक्यूआई को अच्छा, 51-100 को संतोषजनक, 101-200 को मध्यम, 201-300 को खराब, 301-400 को बेहद खराब और 401-500 को गंभीर माना जाता है। मौसम विभाग ने शुक्रवार को दिल्ली का अधिकतम तापमान 21 से 23 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान छह से आठ डिग्री सेल्सियस के बीच रहने की संभावना है।

# लाल किला विस्फोट मामला: अदालत ने दो आरोपियों की एनआईए हिरासत बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** लाल किला विस्फोट मामले में अदालत ने दो आरोपियों की एनआईए हिरासत शुक्रवार को बढ़ा दी। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश प्रशांत शर्मा ने जांच एजेंसी को आरोपी यासिर अहमद डार से दस और दिनों तक हिरासत में पूछताछ करने की अनुमति दी, जबकि दूसरे आरोपी डॉ. बिलाल नसीर मल्ला से आठ और दिनों तक पूछताछ की जायेगी। मीडियाकर्मियों को कार्यवाही को कवर करने से रोक दिया गया था। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच के अनुसार, उमर-उन-नबी 10 नवंबर को विस्फोटक से भरी कार चला रहा था और वह इस आतंकवादी हमले का कथित षड्यंत्रकारी था। इस घटना में 15 लोगों की मौत हुई थी। एनआईए ने डॉ. मल्ला को नौ दिसंबर को दिल्ली में गिरफ्तार किया था और उसे साजिश का मुख्य आरोपी बताया। एनआईए की जांच के अनुसार, नसीर ने उमर-उन-नबी को सहायता प्रदान करके जानबूझकर उसे शरण दी थी। एजेंसी ने नौ दिसंबर को पहले ही बताया था कि उस पर आतंकवादी हमले से संबंधित सबूतों को नष्ट करने का भी आरोप है। एनआईए ने 18 दिसंबर को इस मामले में नौवें आरोपी डार को गिरफ्तार किया। वह जम्मू-कश्मीर का निवासी है और कथित तौर पर उमर-उन-नबी का करीबी सहयोगी है। एनआईए ने इस मामले में डॉ. मुजम्मिल गनई, डॉ. अदील राथेर, डॉ. शाहीन सईद समेत नौ लोगों को गिरफ्तार किया है।

## दिल्ली के जल निकायों पर अतिक्रमण को लेकर एनजीटी सख्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली में तालाबों, झीलों और अन्य जल निकायों पर बढ़ते अतिक्रमण को लेकर राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने कड़ा रुख अपनाया है। एनजीटी अध्यक्ष न्यायमूर्ति प्रकाश श्रीवास्तव की अध्यक्षता वाली पीठ ने दिल्ली नमभूमि प्राधिकरण (डीएसडब्ल्यूए) को निर्देश दिया कि शहर की सभी जल निकायों से जुड़ी पूरी जानकारी एक तय फॉर्मेट में इकट्ठा कर के पेश की जाए अदालत ने कहा कि जिन सरकारी या निजी एजेंसियों के पास जल निकायों की जमीन है, लेकिन उन्होंने अब तक पूरी जानकारी नहीं दी है, उनसे अनिवार्य रूप से विवरण लिया जाए। इसमें यह बताना होगा कि किस जल निकायों पर कितना अतिक्रमण हुआ है और उनका स्वरूप क्या है और कुल कितने क्षेत्र पर कब्जा किया गया है। एनजीटी ने डीएसडब्ल्यूए से यह भी स्पष्ट करने को कहा कि जल निकाय की जमीन किन कानूनी शक्तियों या आदेशों के तहत अलॉट की गई थी। इसके अलावा यह जानकारी भी देनी होगी कि अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ अब तक क्या कार्रवाई की गई है और आगे क्या एक्शन प्लान है। अदालत ने कहा कि जल निकाय में किसी भी तरह का निर्माण, अतिक्रमण या कचरा डालना नमभूमि (संरक्षण और प्रबंधन) नियम, 2017 का सीधा उल्लंघन है।

## बिंदापुर में ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के बिंदापुर इलाके में शुक्रवार को ई-रिक्शा चार्जिंग स्टेशन में आग लग गई। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि डीएफएस के पास पूर्वाह्न 10:57 बजे एक कॉल आई, जिसके बाद दमकल की दो गाड़ियां घटनास्थल पर भेजी गईं। अधिकारी ने कहा, "कुछ ही समय में आग पर काबू पाकर पूरी तरह से बुझा दिया गया।" उन्होंने कहा कि घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। घटना के सटीक कारण का पता लगाया जा रहा है।

## यूपीईएसएमईटी की परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू

**नई दिल्ली।** यूपीईएसएमईटी की परीक्षा के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन शुरू हो गए हैं। उम्मीदवार इस परीक्षा को पास करके एमबीए कोर्स में दाखिला ले सकेंगे। रजिस्ट्रेशन करने के लिए उम्मीदवारों के पास स्नातक की डिग्री होनी चाहिए। उम्मीदवार ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं। इसके अलावा यूपीईएस, एमबीए कोर्स दाखिला लेने के लिए उम्मीदवार सीएटी, एक्सएटी, एमएटी, जीएमएटी या सीएमएटी परीक्षा का स्कोरकार्ड का भी उपयोग कर सकते हैं। एमबीए कोर्स में दाखिला लेने के लिए उम्मीदवारों ने भारत के किसी मान्यता प्राप्त संस्थान से 50 फीसदी अंकों के साथ स्नातक उत्तीर्ण की हो। यूपीईएसएमईटी की परीक्षा में उम्मीदवारों से सामान्य अंग्रेजी, क्वांटिटेटिव एप्टीट्यूड, सामान्य जागरूकता, एनालिटकल एंड लॉजिकल रीजनिंग आदि विषयों से 140 सवाल पूछे जाएंगे। यह परीक्षा कुल दो घंटे की अवधि के लिए आयोजित कराई जाएगी।

# समाज कल्याण मंत्री ने विकास कार्यों का किया निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार के समाज कल्याण मंत्री एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली के प्रभारी मंत्री रविन्द्र इन्द्राज सिंह ने जन शिकायतों के आधार पर रोहिणी के सेक्टर-21 एवं सेक्टर-22 का निरीक्षण सभी संबंधित विभागों के साथ किया। स्थानीय नागरिकों की जनसमस्याओं, चल रहे विकास कार्यों एवं बुनियादी सुविधाओं की स्थिति के निरीक्षण के दौरान आवश्यक निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कैबिनेट मंत्री ने अनियमित कॉलोनियों में नालियों की निकासी और उन्हें ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ने को लेकर विभागों को मिलकर कार्य करने एवं स्थायी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई करने और गलत तरीके से पार्क वाहनों एवं कामर्शियल वाहनों के खिलाफ कार्रवाई के भी निर्देश दिए। समाज कल्याण मंत्री ने अनियमित कॉलोनियों में नालियों की सफाई, मरम्मत एवं जल निकासी व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सीवर लाइनों और ड्रेनेज सिस्टम से जोड़ने के लिए विभाग समन्वय बनाकर कार्य करें। समाज कल्याण मंत्री ने पिछले मानसून में जिन जगहों पर जलभराव की समस्या आई थी, ऐसी जगहों का निरीक्षण किया, उन्होंने निर्देश दिए कि नालों की सफाई और अतिक्रमण हटाकर यह सुनिश्चित करें कि आगामी मानसून में जलभराव न हो।



समाज कल्याण मंत्री रोहिणी के सेक्टर-21 में विकास कार्यों का निरीक्षण करते हुए।

# सदियों पुरानी पर्वत श्रृंखला पर संकट के बादल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** इन दिनों दिल्ली-एनसीआर में लोगों का खुली हवा में सांस लेना तक दूभर है। अगर अरावली पहाड़ियां नहीं रहीं तो राजस्थान से आने वाली रेत और धूल की आंधी दिल्ली की हवा को और नर्क बना देगी।

पर्यावरण विशेषज्ञों का कहना है कि यह पर्यावरण ढाल के रूप में काम करती है। लगातार हो रहे खनन, पहाड़ियों के कटाव से यह प्राकृतिक दीवार कमजोर होती जा रही है। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने नवंबर, 2025 में अरावली की परिभाषा बदल दी, जिसमें 100 मीटर से ऊंची जगहों को ही पहाड़ी माना जाएगा। इस आदेश से सिर्फ राजस्थान के 15 जिलों में 20 मीटर से ऊंची 12,081 पहाड़ियों में से केवल 1,048 (8.7 फीसदी) ही इस मानक को पूरा कर सकेंगी और 90% से अधिक क्षेत्र संरक्षण के दायरे से बाहर हो जाएगा। इससे बड़े इलाकों में माइनिंग शुरू हो सकती है, जो पर्यावरणविदों को चिंता में डाल रही है।

विशेषज्ञों का कहना है कि यह फैसला पर्यावरण की अनदेखी है। इस फैसले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन हो रहे हैं, क्योंकि इससे दिल्ली का प्रदूषण और बढ़ सकता है। दिल्ली- एनसीआर की हवा बचाने के लिए अरावली को संरक्षित करना जरूरी है वरना आने वाली पीढ़ियां जहरीली हवा में सांस लेंगी।अरावली को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्र सरकार ने सभी राज्यों में अरावली क्षेत्र में खनन पट्टे रद्द कर दिए। साथ ही, राज्य सरकारों को नए पट्टे जारी करने पर भी रोक लगा दी। सरकार ने स्पष्ट किया कि संरक्षित क्षेत्र का विस्तार किया जाएगा। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि सरकार अरावली के दीर्घकालिक संरक्षण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। अरावली पहाड़ियां राजस्थान से दिल्ली तक फैली हुई हैं और ये दिल्ली- एनसीआर के लिए फेफड़ों की तरह काम करती हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, धूल दिल्ली के वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) में 30-40 फीसदी तक योगदान देती है। काउंसिल ऑन एनर्जी, एनवायरनमेंट एंड वाटर (सीईईडब्ल्यू) की रिपोर्ट के अनुसार, सड़क की धूल अकेले पीएम10 के 65% तक जिम्मेदार हो सकती है।

# घर में हुई चोरी के मामले में चार आरोपी पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला पुलिस के जहांगीर पुरी थाने के स्टाफ ने घर में हुई चोरी के मामले में दो सीसीएल सहित चार आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने उनके पास से 13,000/- नकद, दो चांदी की पायल, चार चांदी के कान के टॉप (सोने की पॉलिश वाले), चांदी की चेन और 09 चांदी की अंगूठियां बरामद की है। उन्होंने आसान पैसे कमाने के लालच में अपराध करना शुरू किया था।

दिल्ली के उत्तरी पश्चिमी जिला अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त सिकंदर सिंह ने बताया कि 22.दिसंबर को एक शिकायतकर्ता ने अपने घर में हुई चोरी की सूचना दी और बताया कि घटना के दौरान 50,000/- नकद, एक चांदी की चेन, दो चांदी की बालियां (झुमकी), चार जोड़ी सोने की बालियां (बाली), चार जोड़ी लंबी बालियां, लगभग 250 ग्राम वजन की एक चांदी की पायल और ग्यारह चांदी की अंगूठियां चोरी हो गईं। इसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर एसीपी जहांगीरपुरी योगेन्द्र खोखर की देखरेख में टीम ने

जांच शुरू की। जांच के दौरान टीम ने शिकायतकर्ता का विस्तृत बयान दर्ज किया और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया।इसके बाद स्थानीय सूत्रों से मिली जानकारी के आधार पर टीम ने नसरुद्दीन (19) फुरकान / चेला (19) और दो सीसीएल को पकड़ लिया।

## एक नजर

### दक्षिण दिल्ली में इमारत के बिजली मीटरों में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मुनिरका इलाके में एक रिहायशी इमारत में शुक्रवार को कुछ बिजली मीटरों में आग लग गई जिसे 10 मिनट के भीतर काबू कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह 10.32 बजे आग लगने की सूचना मिली जिसकी चपेट में आठ विद्युत मीटर आ गए। दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा, "हमने तुरंत मौके पर दमकल की एक गाड़ी भेजी।" उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने 10 मिनट के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

### हाइ-रिस्क कार्डियाक इमरजेंसी मरीज को दिया नया जीवन

**नयी दिल्ली।** फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफएमआरआई), गुरुग्राम ने 41-वर्षीय मरीज का जीवन बचाकर अपनी इमरजेंसी तथा क्लीनिकल सेवाओं की तैयारियों एवं उत्कृष्टता का एक बार फिर से शानदार उदाहरण पेश किया है। उक्त मरीज एफएमआरआई के इमरजेंसी डिपार्टमेंट में जब आए तो उन्हें लगा था कि वह गैस की मामूली समस्या से ग्रस्त हैं। लेकिन कुछ ही मिनटों में, उनकी तकलीफ इतनी बढ़ गई कि वह कार्डियाक इमरजेंसी में बदल गई, इस स्थिति में पहुंचने वाले बहुत गिने-चुने मरीज ही बिना किसी स्थायी क्षति के बच पाते हैं। डॉ मौहम्मद नदीम, हेड ख्र इमरजेंसी मेडिसिन, फोर्टिस मेमोरियल रिसर्च इंस्टीट्यूट गुरुग्राम के नेतृत्व में इमरजेंसी मेडिसिन टीम ने तत्काल एडवांस कार्डियाक लाइफ सपोर्ट प्रोटोकॉल्स चालू किए।

ईसीजी से क्लासिक "शार्क फिन" पैटर्न का पता चला, जो कि हृदय को रक्त पहुंचाने वाले मुख्य धमनी के पूरी तरह से बंद होने का खतरनाक संकेतक होता है। मरीज की हालत स्थिर होने के बाद, उन्हें कैथ लैब ले जाया गया जहां डॉक्टरों ने उनकी अवरुद्ध आर्टरी (रक्तनली) को खोलने और हृदय को रक्तापूर्ति बहाल करने के लिए इमरजेंसी परक्यूटेनियस कोरोनरी इंटरवेंशन (पीसीआई) को अंजाम दिया।

### 'गणेश कार्तिकेय' में पवित्र अष्टविनायक यात्रा

**नयी दिल्ली।** सोनी सब की पौराणिक प्रस्तुति 'गाथा शिव परिवार की - गणेश कार्तिकेय' में आध्यात्मिक रूप से समृद्ध अष्टविनायक यात्रा दिखाई जा रही है। भगवान शिव की दिव्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता अविनेश रेखी ने इस दौरान दो सबसे प्रतिष्ठित मंदिरों - पाली और महाड अष्टविनायक मंदिरों की सार्थक यात्रा की और भगवान गणेश के इन विशिष्ट रूपों की आध्यात्मिक प्रासंगिकता को गहराई से समझा। बल्लालेश्वर गणपति को समर्पित पाली अष्टविनायक मंदिर में अविनेश ने अटूट भक्ति और निश्छल विश्वास के सार पर विचार साझा किए। गणपति का यह रूप शुद्ध भक्ति का प्रतीक है। इस यात्रा के महत्व के बारे में बात करते हुए अविनेश रेखी ने कहा, अष्टविनायक की कहानियाँ केवल पौराणिक कथाएँ नहीं हैं-वे विश्वास, धैर्य, जिम्मेदारी और पूर्ण समर्पण की यात्राएँ हैं।

### ओला इलेक्ट्रिक ने किया हाइपर सर्विस का विस्तार

**नयी दिल्ली।** ओला ने अपनी हाइपरसर्विस पहल को आगे बढ़ाते हुए, डेडिकेटेड हाइपरसर्विस सेंटर्स की शुरुआत की है। इन सेंटर्स के माध्यम से योग्य ग्राहकों को एक ही दिन में, यानि उसी दिन सर्विस की गारंटी दी जाएगी, वह भी बिना किसी अतिरिक्त खर्च के। इस पहल के तहत ओला अपने मौजूदा सर्विस सेंटर्स को धीरे-धीरे हाइपरसर्विस सेंटर्स में बदलेगा।हाइपरसर्विस सेंटर का उद्देश्य व्हीकल की सर्विस को आसान और तेज बनाना है। अब ग्राहक अपने व्हीकल की सर्विस एक ही दिन में करवा सकते हैं, वह भी बिना कोई अतिरिक्त पैसा दिए। ग्राहकों को पूरी सर्विस प्रक्रिया डिजिटल और हर कदम पर स्पष्ट जानकारी और पारदर्शिता मिलेगी के साथ मिलेगी।इस अवसर पर ओला इलेक्ट्रिक के प्रवक्ता ने कहा, चल रहे सर्विस अपग्रेड के तहत हम सर्विस के पूरे अनुभव पर नए सिरे से विचार कर रहे हैं। ओला व्हीकल का मालिकाना अनुभव सिर्फ गाड़ी तक सीमित नहीं है, सर्विस भी उसका अहम् हिस्सा है और इसमें भी उतना ही इनोवेशन होना चाहिए, जितना प्रोडक्ट में होता है।

### कई इलाकों में रहेगी पानी की किल्लत

**नई दिल्ली।** दिल्ली जल बोर्ड ने चंद्रवाल वाटर वर्क्स के कमांड एरिया में जलाशयों की सालाना फ्लशिंग कार्यक्रम की घोषणा की है। इस काम के लिए कुछ दिनों तक पानी की सप्लाई बाधित रहेगी।

इससे होने वाली असुविधा के लिए बोर्ड ने खेद जताया है। यह फ्लशिंग कार्यक्रम दो चरणों में होगा। पहला चरण 27 दिसंबर 2025 तक और दूसरा चरण 29 दिसंबर 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक चलेगा। इन दिनों में तलकटोरा जलाशय से पानी आने वाले इलाकों में सप्लाई कम हो सकती है या बंद रह सकती है।



भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन स्थित गुरुद्वारा बंगला साहब में प्रार्थना करते हुए।

# प्रॉपर्टी डीलर के घर से 60 लाख की चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के ज्योति नगर थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात चोरो ने लाखो की चोरी की वारदात को अंजाम दे दिया, हालांकि सीसीटीवी कैमरे को फुटेज में तीन संग्दिध दिखाई दे रहे है स फिलहाल पुलिस ने सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है स

चित्रकूट एलआईजी फ्लैट्स के सी-148 नंबर मकान में रहने वाले गौरव पाल अपने परिवार के साथ ग्राउंड फ्लोर पर बीते 30 से 35 साल से रह रहे हैं और प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते हैं। गुरुवार शाम करीब 8 बजे वह परिवार सहित बाहर गए थे। इसी दौरान रात 8 से 12 बजे के बीच चोरों ने उनके घर को निशाना बनाया। पड़ोसियों के मुताबिक, रात करीब 11.15 बजे उन्होंने गौरव पाल के घर का मुख्य दरवाजा खुला देखा, जिसकी सूचना उन्होंने फोन कर गौरव को दी। जब परिवार घर लौटा तो नजारा देख उनके होश उड़ गए। घर का दरवाजा टूटा हुआ था और अलमारियां पूरी तरह खंगाली जा चुकी थीं। चोरों ने बच्चों के गुल्लक तक नहीं छोड़ी स गौरव पाल के मुताबिक, घर से करीब 22 लाख रुपये नकदी के साथ सोने- चांदी के जेवर चोरी हुए है यह चोरी करीब 60 लाख की है स गौरव पाल ने बताया कि हाल ही में उन्होंने एक प्रॉपर्टी डील की थी, जिसकी बड़ी रकम घर में रखी हुई थी। उन्हें आशंका है कि इस



वारदात में कोई जानकार व्यक्ति शामिल हो सकता है, जिसे उनके बाहर जाने और घर में रखी रकम की पूरी जानकारी थी। सीसीटीवी फुटेज में तीन संदिग्धों को घर के बाहर घूमते हुए देखा गया है। पुलिस फुटेज खंगाल रही है और आसपास के इलाकों में जांच तेज कर दी गई है। फिलहाल ज्योति नगर थाना पुलिस मामले की गहराई से जांच में जुटी हुई है।

# दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने प्रदूषण के खिलाफ अभियान तेज किया

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में वायु प्रदूषण से निपटने और उत्सर्जन मानकों का सख्ती से अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने पूरी दिल्ली में प्रवर्तन की कार्रवाई को और तेज कर दिया है।

केवल एक दिन में ही इंटरस्टेट गाड़ियों समेत सामान ले जा रही 28 बसों को जब्त किया गया है, जबकि एक दिसंबर से लेकर अब तक प्रदूषण नियमों का उल्लंघन करने पर लगभग 100 बसों को जब्त कर कार्रवाई की गई। पिछले 24 घंटों में एनफोर्समेंट एजेंसियों ने पूरी दिल्ली में बड़े पैमाने पर सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान 4927 गाड़ियों की सख्ती से जांच की गई, जिसमें दिल्ली ट्रैफिक पुलिस द्वारा पीयूसीसी के तहत 2390 चालान किए गए, तो वहीं ट्रांसपोर्ट एनफोर्समेंट द्वारा पीयूसीसी के तहत 285 चालान और ।छच्त् कैमरों के जरिए 1114 चालान जारी किए गए हैं। इसके अलावा ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने GRAP नियमों के उल्लंघन करने पर 11 वाहनों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए जुर्माना भी लगाया, जबकि दिल्ली ट्रैफिक पुलिस ने ळतंच से जुड़े 170 चालान जारी किए हैं। जांच के बाद कुल 238 वाहनों को नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करने के निर्देशों के साथ वापस किया गया।दिल्ली ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट ने गलत तरीके से काम करने वाले प्रदूषण नियंत्रण केंद्रों (पीयूसी) के खिलाफ भी कड़ी कार्रवाई की है। अब तक 28 पॉल्यूशन अंडर कंट्रोल (पीयूसी) सेंटर्स को सस्पेंड किया गया है, तो वहीं दो सेंटर्स का लाइसेंस कैंसिल कर दिया गया है। साथ ही दो अन्य पीयूसी सेंटर्स के खिलाफ भी कार्रवाई शुरू की गई है। दिल्ली के गोकुलपुरी थाने में एक पीयूसी सेंटर के खिलाफ पीयूसीसी जारी करने में अनियमितता के आरोप पर पुलिस में शिकायत दर्ज करवाई गई है।

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नागरिक केंद्रित दृष्टिकोण को और मजबूत करते हुए दिल्ली के माननीय परिवहन मंत्री डॉक्टर पंकज कुमार सिंह ने ट्रांसपोर्ट डिपार्टमेंट के वरिष्ठ अधिकारियों को पूरी दिल्ली के पीयूसी सेंटर्स का व्यक्तिगत रूप से दौरा करने के निर्देश दिए हैं।

## गुरुद्वारा बंगला साहब जाकर प्रार्थना की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** सिखों के पवित्र शहीदी माह के अंतर्गत आज भाजपा के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन ने नई दिल्ली स्थित गुरुद्वारा बंगला साहब जा कर प्रार्थना की।

दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा, दिल्ली सरकार के मंत्री सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा एवं भाजपा के राष्ट्रीय मीडिया सह संयोजक संजय मयूख भी भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ गुरुद्वारा बंगला साहिब पहुंचे और प्रार्थना में सम्मिलित हुए।उन्होने श्री गुरू गोबिंद सिंह जी के चारों शाहजादों, माता गुजरी देवी जी, श्री गुरू तेगबहादुर जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी एवं श्री दयाला जी के बलिदान को याद कर उनके सम्मान में आज गुरुद्वारा बंगला साहिब में माथा टेक कर प्रार्थना की।

# डॉ.शंकर दयाल शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित किए

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय स्वतंत्र पत्रकार एवं लेखक संघ के राष्ट्रीय महामंत्री शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने आज संघ के मुख्यालय बरवाला में पूर्व राष्ट्रपति डॉ.शंकर दयाल शर्मा को उनकी 26 वीं जयंती पर कृतज्ञ राष्ट्र की और से अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर शिक्षाविद् दयानंद वत्स ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर उनसे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. शंकर दयाल शर्मा को मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग की है। वत्स ने कहा कि डॉ.शंकर दयाल शर्मा अत्यंत विनम्र और सौम्य स्वभाव के धनी विद्वान राजनेता थे। उन्होंने आंध्रप्रदेश, महाराष्ट्र , पंजाब के राज्यपाल और चंडीगढ़ के प्रशासक, केंद्रीय संचार मंत्री, सांसद, भोपाल राज्य के मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री, मध्यप्रदेश एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष, उपराष्ट्रपति और राष्ट्रपति के रुप में देश कर अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। डॉ.शर्मा साहित्यकारों, पत्रकारों, कलाकारों, किसान और कामगारों के प्रति विशेष लगाव रखते थे। वत्स ने कहा कि यह बड़े दुख की बात है कि ना तो कांग्रेस की सरकारों और ना ही एनडीए की सरकारों ने उन्हें उनके लंबे लोकसेवा कार्यों के लिए भारत रत्न तो दूर उन्हे किसी भी पद्म पुरस्कार के भी योग्य नहीं समझा।

शाह टाइम्स
स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 109-110, प्रताप भवन, 5, बहादुर शाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002 से प्रकाशित।
**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎011-41509401-2
फैक्स: 011-41509403
मुख्यालय मोबाइल 9720007290
R.N.I. NoDEL.HIN./2002/8501
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com
*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।



# आधुनिक थानों से लेकर नए पुलिस मुख्यालय तक निर्माण कार्य तेज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में अधोसंरचना विकास के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति देखने को मिल रही है। पुलिस आयुक्त जे. रविन्दर गौड के निर्देशन में भवन एवं आधारभूत संरचना शाखा द्वारा थानों, हॉस्टलों, विवेचना कक्षों और पुलिस कार्यालयों के निर्माण व आधुनिकीकरण का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। इन प्रयासों का उद्देश्य पुलिस बल को आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना और नागरिकों को अधिक प्रभावी, पारदर्शी व भरोसेमंद सुरक्षा सेवाएं प्रदान करना है। कमिश्नरेट क्षेत्र में अब तक कई महत्वपूर्ण निर्माण कार्य पूरे हो चुके हैं। थाना खोड़ा का नया प्रशासनिक भवन, कविनगर, भोजपुर, मसूरी, मुरादनगर, निवाड़ी, सिहानीगेट और विजयनगर थानों में हॉस्टल व बैरक निर्माण, साथ ही विवेचना कक्षों की



स्थापना से पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिला है। पुलिस लाइन्स स्थित मॉडर्न स्कूल के विस्तार से पुलिस परिवारों को भी लाभ पहुंचा है। इन पूर्ण कार्यों पर लगभग 22 करोड़ रुपये से अधिक की लागत आई है। वहीं दूसरी ओर, टीलामोड़, अंकुर विहार, मधुबन बापूधाम जैसे थानों के नए भवनों के साथ पुलिस आवासीय टावरों का निर्माण कार्य तेजी से प्रगति पर है। लोनी और पुलिस लाइन्स में टाइप-बी आवासों के निर्माण से कर्मचारियों की आवासीय समस्याओं का समाधान होगा। प्रचलित परियोजनाओं की कुल लागत लगभग 77 करोड़ रुपये से अधिक है।

भविष्य की जरूरतों को देखते हुए साइबर थाना, महिला हॉस्टल, नए थानों और अत्याधुनिक पुलिस मुख्यालय के निर्माण की योजनाएं भी स्वीकृत या प्रक्रियाधीन हैं। इसके अलावा पुराने थानों और कार्यालयों का जीर्णोद्धार कर उन्हें आधुनिक स्वरूप दिया जा रहा है। कुल मिलाकर करीब 119 करोड़ रुपये की लागत से चल रहे ये निर्माण कार्य गाजियाबाद पुलिस की कार्यक्षमता, मनोबल और जनसेवा की प्रतिबद्धता को मजबूत कर रहे हैं।

# जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा माही भारद्वाज ने रचा इतिहास



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** विजयनगर में स्थित जेकेजी इंटरनेशनल स्कूल की कक्षा-छठी की छात्रा माही भारद्वाज ने राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में इतिहास रच दिया। उन्होंने स्वर्ण पदक जीतकर अपने स्कूल व गाजियाबाद ही नही पूरे उत्तर प्रदेश का गौरव बढाया।

माही की इस अविश्वसनीय सफलता का जश्न स्कूल में जोरदार तरीके से मनाया गया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ करूण गौड़ व प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने माही की इस उपलब्धि पर बधाई दी। माही ने विशाखपटनम, आंध्र प्रदेश में आयोजित 63 वीं राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में 10 से 12 आयु वर्ग में 5.16 सेकंड के सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिगत समय के साथ पहला स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक जीत लिया। स्कूल के डायरेक्टर डॉ करूण गौड़ व प्रधानाचार्या अंजू गौड़ ने माही भारद्वाज को राष्ट्रीय रोलर स्केटिंग चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने पर स्वर्णिम भविष्य की कामना की और कहा कि माही ने अपने स्कूल के साथ-सथ अपने जनपद व उत्तर प्रदेश का नाम भी रोशन कर दिया है। उन्होंने कहा कि उनकी इस सफलता से स्कूल व गाजियाबाद ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश के बच्चे भी उनकी तरह सफलता प्रीप्त करने के लिए प्रेरित होगे।

# आल इंडिया जाट संगठन ने किया एयरफोर्स में अच्छी रैंक आने पर सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोदीनगर।** ऑल इंडिया जाट संगठन ने एयर फोर्स में ऑफिसर ट्रेनिंग के पश्चात होने वाले पासआउट एग्जाम में ऑल इंडिया में 16 वी रैंक आने पर मोदीनगर के युवा अनिरुद्ध को सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष रूपेश पुनिया ने कहा कि यह जाट समाज के लिए गर्व की बात है कि हमारे समाज व क्षेत्र के युवा ने यह उपलब्धि प्राप्त कर समाज व क्षेत्र का नाम रोशन किया है।इस अवसर पर ऑल इंडिया जाट संगठन के अध्यक्ष डॉ रूपेश पूनिया के साथ उपाध्यक्ष संजय चौधरी कोषाध्यक्ष परविंदर मलिक सचिव नीटू शिवाच तहसील अध्यक्ष कपिल चौधरी कार्य करने के सदस्य नरेंद्र चौधरी सूबेदार जिले सिंह पिंकी चौधरीआलोक निर्भय चौधरी आदि मौजूद रहे।

# 11 मोटरसाइकिलों के साथ चार शातिर गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** थाना सिहानीगेट पुलिस को लगी बड़ी सफलता हाथ वाहन चोरी की बढ़ती घटनाओं पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक सक्रिय बाइक चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस ने संयुक्त चेकिंग व गश्त अभियान के दौरान चार शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से विभिन्न कंपनियों की 11 चोरी की मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। यह कार्रवाई लोहिया नगर व पटेल नगर चौकी पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा गुरुवार की मध्य रात्रि में की गई। पुलिस के अनुसार, अभियुक्त भीड़-भाड़ वाले इलाकों, अंधेरी गलियों, अस्पतालों, बाजारों और सोसायटियों के बाहर खड़ी मोटरसाइकिलों को निशाना बनाते थे। पूछताछ में सामने आया कि गिरोह रेकी कर ऐसी बाइकों को चुनता था, जिन्हें 30 से 60 सेकेंड में लॉक तोड़कर या हॉट-वायरिंग से आसानी से चोरी



किया जा सके। चोरी के बाद वे तुरंत रास्ता बदलकर दूसरे क्षेत्रों में बाइक ले जाते और 5 से 10 हजार रुपये में बेच देते थे।

इस गिरोह में एक मिस्त्री भी शामिल था, जो इंजन और चेसिस नंबर घिसकर फर्जी नंबर प्लेट लगाता, इग्निशन बदलकर नई चाबी तैयार करता और कुछ बाइकों के पुर्जे अलग-अलग बेच देता था। अभियुक्तों ने आर्थिक लाभ, नशे की पूर्ति और आसान पैसे कमाने की लालच में वारदातें करना स्वीकार किया है। उन्होंने नोएडा, कविनगर और क्रॉसिंग रिपब्लिक क्षेत्रों से पहले भी करीब 20 मोटरसाइकिलें चोरी कर बेचने की बात कबूली है। पुलिस ने बरामदगी व गिरफ्तारी के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। गिरोह के आपराधिक इतिहास की भी जांच की जा रही है।

# रमते राम रोड पर विकास कार्यों का किया गया शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** रमते राम रोड तथा नए गंज के जल भराव की काफी पुरानी भीषण समस्या को व्यापारी नेता पंडित अशोक भारतीय के प्रयास के बाद शहर गाजियाबाद के विधायक संजीव शर्मा के निर्देश पर नगर निगम अधिकारियों द्वारा अग्रसेन बाजार रोड, टाउनहाल के पास नाले पर मोटर व पंप लगाकर पाइप डालकर नाले का पानी गंदे नाले में डाला गया तथा टाउन हॉल पर नाले को खाली कराने का काम अच्छी तरीके से किया गया। जिससे कि रमते राम रोड तथा नए गंज में जल भराव से छुटकारा मिल सकेगा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से पंडित अशोक भारतीय, व्यापारी नेता संदीप बंसल, के पी आनंद महाप्रबंधक जल, नगर निगम से आश कुमार अधिशासी अभियंता जल, पूजा अवर अभियंता जल, रविंद्र नागर सुपरवाइजर जल आदि उपस्थित रहें।

# पार्षद संतोष राणा के द्वारा किया गया विकास कार्यों का शुभारंभ



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** वार्ड 55 पार्क में पार्षद संतोष राणा के कर-कमलों द्वारा 10 एचपी रिबोर पंप का विधिवत पूजा-अर्चना के साथ शुभारंभ किया गया। यह पंप क्षेत्रवासियों की सुविधा एवं पार्क की हरियाली और रख-रखाव को सुदृढ़ करेगा। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# आईटीएस स्कूल ने मनाया गरीब बच्चों के साथ क्रिसमस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** आई.टी.एस स्कूल ऑफ मैनेजमेंट की एक ब्रै पहल के तौर पर परिवर्तन क्लब ने गाजियाबाद के साहिबाबाद इलाके में गरीब बच्चों के साथ क्रिसमस मनाया। जैसे-जैसे सर्दी बढ़ रही है और दिन ठंडे हो रहे हैं, यह एक और साल के खत्म होने का जश्न मनाने का समय था। यह परिवर्तन क्लब के सदस्य-छात्रों द्वारा क्रिसमस मनाने का समय था। PGDM (2024-26 बैच) के छात्रों



अजितेश, स्वप्निल, ईशा, यशी, श्वेता और शिखा ने क्रिसमस का दिन निम्नलिखित गतिविधियों के साथ मनाया गया; (i) कहानी सुनाना - जिसमें जीसस के जन्म की कहानी शामिल थी। (ii) कैरल गाना और सांता के साथ डांस जश्न की शुरुआत स्वप्निल और ईशा ने बच्चों को क्रिसमस के महत्व के बारे में बताकर की।

बच्चों से त्योहार मनाने का कारण पूछा गया। इसे जीसस क्राइस्ट के जन्म का जश्न मनाने का अवसर बताया गया। उन्हें यह भी बताया गया कि क्रिसमस ट्री और दूसरी सजावट के साथ दुनिया भर में क्रिसमस कैसे बहुत खुशी के साथ मनाया जाता है। इससे स्वाभाविक रूप से यह सवाल उठा कि सांता क्लॉज कब आएंगे। सही समय पर, बच्चों में से एक छोटा सांता बन गया और उनके साथ शामिल हो गया, वे छोटे सांता को देखकर बहुत खुश हुए।

# एमएम कॉलेज के विद्यार्थियों ने बढ़ाया गाजियाबाद का मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** गणतंत्र दिवस परेड के लिए एम एम कॉलेज की एन सी सी यूनिट के चार कैडेट्स का चयन गणतंत्र दिवस कैंप (आरडीसी कैंप) के लिए हुआ है। प्रतियोगिता के विभिन्न सोपानों को सफलता पूर्वक पार करते हुए अंततः पंचशील नोएडा में हुई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कॉलेज के कैडेट रिद्धि सिंह, बी ए द्वितीय वर्ष, दीपांशु, बी कॉम द्वितीय वर्ष, पूजा सिंह बी ए तृतीय वर्ष, तनिष शर्मा, बी सी ए द्वितीय वर्ष ने गणतंत्र दिवस शिविर में प्रतिभाग करने हेतु अर्हता प्राप्त की है। यह चयन सेना के वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी में हुआ। इस उपलब्धि के पश्चात् कैडेटों को गणतंत्र दिवस परेड में कर्तव्य पथ पर परेड में सहभागिता करने का अवसर प्राप्त होगा।

तत्पश्चात कैडेटों को लखनऊ एवं दिल्ली दर्शन के लिए ले जाया जाएगा। उल्लेखनीय है कि एक ही कॉलेज के चार कैडेटों को एक साथ यह गौरव प्राप्त होना इतिहास में पहली बार हुआ है. महाविद्यालय के प्राचार्य ने छात्रों को बधाई देते कहा कि यह कैडेट्स के अनुशासन, लगन और कड़े श्रम से अर्जित सफलता है. महाविद्यालय के डीन प्रो प्रकाश चौधरी, प्रो रोजी मिश्रा, प्रो. श्वेताभ मित्तल, प्रो मधु श्रीवास्तव, प्रो. सुनीता आदि प्राध्यापकों ने केडेट्स को बधाई दी।

# सत्कर्म है उज्जवल भविष्य की नींव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान" के सामाजिक प्रकल्प "मंथन ख्र संपूर्ण विकास केन्द्र" के अंतर्गत शाखा द्वारा 6 से 12 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों के लिए आयोजित तीन दिवसीय WOW WINTER CAMP का द्वितीय दिवस 'Good Deeds' Future Seeds' (अच्छे कर्म से उज्ज्वल भविष्य का निर्माण) विषय पर आधारित रहा। इस दिवस का उद्देश्य बच्चों में नैतिक मूल्यों, अच्छे संस्कारों एवं स्वस्थ जीवनशैली के प्रति जागरूकता विकसित करना था। द्वितीय दिवस का शुभारम्भ बच्चों द्वारा योगाभ्यास एवं प्राणायाम से हुआ। इसके उपरान्त वातावरण को भक्तिमय बनाने हेतु सामूहिक प्रार्थना "ऐ मालिक तेरे बंदे हम" का भावपूर्ण गायन किया गया। नैतिक शिक्षा को रोचक ढंग से प्रस्तुत करने के लिए 'Tit for Tat' विषय पर आधारित वीडियो प्रस्तुत की गई, जिसने बच्चों को सत्यनिष्ठा का महत्व सिखाया। शिविर में बच्चों की जिज्ञासा बढ़ाने हेतु वैज्ञानिक प्रयोग कराए गए, जिससे उनमें वैज्ञानिक सोच का विकास हुआ। Craft Time के दौरान बच्चों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन



किया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से AQI के विषय में चर्चा हुई, जिससे बच्चों ने स्वच्छ वायु के महत्व को समझा। सभी ने कला सत्र, Rapid Fire एवं अनेकानेक रोचक गतिविधियों में बढ़-चढ़कर भाग लिया। साथ ही ध्यान साधना का भी सत्र रहा। आध्यात्मिक एवं नैतिक शिक्षा को सुदृढ़ करने हेतु धर्म के 10 लक्षण पर आधारित श्लोक का अर्थ सहित अभ्यास कराया गया, जिससे बच्चों ने जीवन में धर्म, करुणा, क्षमा एवं सत्य के महत्व को समझा। शिविर के इस प्रेरणादायक दिवस का समापन राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत वंदे मातरम के सामूहिक गान एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

### बिराज फाउंडेशन व गणेश हॉस्पिटल की पिंक सेफ्टी ड्राइव

# छात्राओं को साइबर सुरक्षा व आत्मरक्षा का दिया प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** बिराज फाउंडेशन और गणेश हॉस्पिटल की संयुक्त पहल पिंक सेफ्टी ड्राइव के अंतर्गत बालिकाओं के लिए एक हाई-टेक, कंप्यूटर सेंटर में जागरूकता वर्कशॉप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि एसबीएन ग्रुप की चेयरमैन पुष्पा रावत रहीं। वर्कशॉप का उद्देश्य महिलाओं को सुरक्षा, साइबर अपराध और डिजिटल खतरों के प्रति जागरूक कर उन्हें आत्मनिर्भर बनाना रहा। वर्कशॉप में महिला सब-इंस्पेक्टर गीतिका ने छात्राओं व महिलाओं को महिला सुरक्षा, साइबर अपराध, ऑनलाइन धोखाधड़ी, फेक प्रोफाइल, ऑनलाइन स्टॉकिंग



और तथाकथित डिजिटल गिरफ्तारी जैसे मामलों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अनजाने में की गई छोटी-सी लापरवाही भी बड़े साइबर अपराध का कारण बन सकती है। इससे बचाव के लिए उन्होंने मजबूत पासवर्ड के उपयोग, टू- फैक्टर ऑथेंटिकेशन, अज्ञात लिंक पर क्लिक न करने, सोशल मीडिया की प्राइवेसी सेटिंग्स सख्त रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि पर तुरंत साइबर सेल में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। सब-इंस्पेक्टर गीतिका ने आत्मरक्षा के व्यावहारिक टिप्स भी साझा किए तथा आपातकालीन हेल्पलाइन नंबर 112, 1091 की जानकारी देते हुए गुड टच-बैड टच के प्रति सजग रहने का संदेश दिया।

# दिवाकर मॉडल स्कूल में धूमधाम से मना क्रिसमस और तुलसी दिवस

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** दिवाकर मॉडल स्कूल श्याम पार्क एक्सटैन्सन में क्रिसमस और तुलसी पूजन का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। क्रिसमस के अवसर पर विद्यालय में सांता क्लॉज का आगमन घोड़ा गाड़ी में हुआ, जिन्होंने बच्चों को उपहार वितरित किए। छात्रों ने क्रिसमस ट्री सजाया, क्रिसमस कैरोल गाए, और सांता क्लॉज के साथ फोटो खिंचवाए। तुलसी पूजन के अवसर पर विद्यालय में तुलसी माता की पूजा की गई। छात्रों ने तुलसी माता के सामने दीप प्रज्वलित किए, फूल चढ़ाए,



और प्रार्थना की। विद्यालय की शिक्षिका हिमानी मिश्रा मैंम ने तुलसी दिवस के महत्तवता से बच्चों को अवगत कराया स इस अवसर पर विद्यालय में एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों ने क्रिसमस और तुलसी पूजन के महत्व पर प्रकाश डाला।

# बिजली राहत बिल को लेकर विद्युत विभाग ने किया बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गाजियाबाद।** भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आरडीएसएस, बिजनेस प्लॉन, लैफ्ट ओवर हाऊस होल्ड एवं बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की समीक्षा एवं क्रियावन्य हेतु डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद के द्वारा दुर्गावती देवी सभागार कक्ष विकास भवन, गाजियाबाद में समीक्षा / बैठक का आयोजन किया गया। शुक्रवार को अपरान्ह 03:00 बजे दुर्गावती देवी सभागार कक्ष विकास भवन, गाजियाबाद में भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आरडीएसएस, बिजनेस प्लॉन, लैफ्ट ओवर हाऊस होल्ड एवं बिजली बिल राहत योजना 2025-26 की समीक्षा एवं



क्रियावन्य हेतु डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद के द्वारा समीक्षा/बैठक का आयोजन किया गया।

समीक्षा / बैठक में अतुल गर्ग, माननीय सांसद, गाजियाबाद एवं अध्यक्ष डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद, डॉ0 राजकुमार सांगवान, संसाद, बागपत एवं सह- अध्यक्ष, डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद, ममता त्यागी, जिला पंचायत अध्यक्ष, गाजियाबाद एवं सदस्य, डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद, अजीत पाल सिंह त्यागी, विधायक, मुरादनगर एवं सदस्य, डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद, संजीव शर्मा, विधायक, गाजियाबाद एवं सदस्य, डिस्ट्रिक्ट इलैक्ट्रिसिटी कमेटी, गाजियाबाद, अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद, पवन कुमार अग्रवाल, मुख्य अभियन्ता (वि0), गाजियाबाद क्षेत्र प्रथम, गाजियाबाद, नरेश कुमार भारती, मुख्य अभियन्ता (वि0), गाजियाबाद क्षेत्र- द्वितीय, गाजियाबाद, समस्त अधीक्षण अभियन्ता एवं समस्त अधिशासी अभियन्ता अन्तर्गत गाजियाबाद क्षेत्र, गाजियाबाद उपस्थित रहे।

समीक्षा/ बैठक के दौरान जिला गाजियाबाद के अन्तर्गत भारत सरकार द्वारा चलायी जा रही आरडीएसएस योजना के अन्तर्गत किये गये कार्यों, बिजनेस प्लॉन 2023-24 एवं 2024-25 में पूर्ण किये गये कार्यों एवं बिजनेस प्लॉन 2025-26 में स्वीकृत तथा किये जा रहे कार्यों, अविद्युतीकृत क्षेत्रों में विभाग द्वारा चलायी जा रही 70/- रूपये प्रति वर्ग फीट की दर विद्युत संयोजन निर्गतन हेतु योजना के अन्तर्गत निर्गत किये गये विद्युत संयोजन एवं की गयी Vertical Re- Structureing के सम्बन्ध में चर्चा करते हुए समीक्षा बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों को अवगत कराया गया। समीक्षा / बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने जिले के निवासीगणों को बेहतर विद्युत सेवा पूर्व से स्थापित पुरानी व जर्जर लाईन/पॉलों के बदलवाने अविलम्ब आवेदनकर्ताओं को विद्युत संयोजन निर्गत करने तथा विद्युत विभाग से सम्बन्धित अन्य महत्त्वपूर्ण बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की गयी।

# 4 मंजिला मकान में लगी आग, युवक की मौत

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** उत्तर-पूर्वी दिल्ली के दयालपुर थाना क्षेत्र में एक दुकान में लगी आग की वजह से एक युवक की मौत हो गयी, जबकि एक की हालत गंभीर बनी हुई है,जिसका अस्पताल में इलाज चल रहा है फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। शुक्रवार तड़के मुस्तफाबाद के नेहरू विहार की गली नं.-18/8, में दुकान में आग भड़की और उसने देखते-देखते विकराल रूप ले लिया,दुकान की आग ऊपर की तीन मंजिलो तक जा पहुंची।

इस चारमंजिला मकान में साबिर अपने परिवार के साथ रहते है उनकी ग्राउंड फ्लोर पर लेपटॉप की बैटरी और मोबाईल की बैटरी इक्कट्ठा की जाती है, मकान की ऊपरी तीन मंजिलो पर साबिर का परिवार रहता है स इस आग में साबिर,उनकी पत्नी, दो बेटे जुनेद और समीर बुरी तरह से फंस गए थे,जिनको पड़ोसियों ने बाहर निक.ाला, जुनेद (20)इस आग में बुरी तरह झुलस गया था जिसकी मौत हो गयी जबकि समीर (23) की हालत गंभीर बनी हुई है स

मकान के सामने रहने वाली महिला ने सबसे पहले आग को देखा और शोर मचा कर पड़ोसियो को बुलाया, जिसके बाद पड़ोसियों ने दमकल की गाड़ियां आने से पहले आग पर काबू पा लिया था, बताया जा रहा है आग में फंसे परिवार को खिड़की तोड़कर बाहर निकाला गया। उत्तर-पूर्वी दिल्ली पुलिस उपायुक्त ने बताया शुक्रवार तड़के दयालपुर थाना पुलिस को नेहरू विहार की गली गली न-18, दयालपुर पुलिस स्टेशन में आग लगने की सूचना मिली। जब पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंची तब पता चला कि लैपटॉप की बैटरी मरम्मत करने वाली एक दुकान में आग लगी थी। सबीर के पुत्र समीर (23 वर्ष) और जुनैद (20 वर्ष) नाम के दो भाई घायल हो गए।

उन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने जुनैद को मृत घोषित कर दिया, जबकि समीर को इलाज के बाद अस्पताल से छुट्टी दे दी गई।

दयालपुर पुलिस स्टेशन में एफआई आर संख्या 583/25 के तहत धारा 106(1)/287/324(4) बीएन एस के अंतर्गत मामला दर्ज किया गया है। फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल से साक्ष्य एकत्र किए हैं। मामले की आगे की जांच जारी है।

## ग्रेप 4 हटने के बाद रेगुलर क्लासेस फिर से शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली में वायु गुणवत्ता में सुधार के बाद ग्रेप के चौथे चरण के तहत लगाए गए प्रतिबंध हटा लिए गए हैं। वहीं कक्षा 6 से 9 और कक्षा 11 के छात्रों के लिए स्कूलों में फिजिकल कक्षाएं फिर से शुरू हो गई हैं। फिलहाल, ऑनलाइन कक्षाएं नहीं होंगी और इन कक्षाओं के छात्रों को स्कूल में भौतिक रूप से उपस्थित होना अनिवार्य है।

शिक्षा निदेशालय (क्वम्) ने एक परिपत्र जारी कर DoE, NDMC, MCD और दिल्ली छावनी बोर्ड के अंतर्गत आने वाले सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों को कक्षा 6 से 9 और कक्षा 11 के विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं भौतिक रूप से संचालित करने का निर्देश दिया है। हालांकि कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए क्लासेज हाइब्रिड मोड में चलाई जाएंगी, जिसमें भौतिक और ऑनलाइन दोनों कक्षाएं शामिल होंगी। यह निर्देश तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगा। आदेश में कहा गया, ष्आयोग के आदेश के अनुसार शिक्षा विभाग, एनडीएमसी, एमसीडी और दिल्ली छावनी बोर्ड के सभी सरकारी, सरकारी सहायता प्राप्त और गैर-सरक.ारी मान्यता प्राप्त निजी विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को कक्षा 6से 9और 11तक के विद्यार्थियों के लिए सामान्य (भौतिक माध्यम) कक्षाएं संचालित करने का निर्देश दिया जाता है। कक्षा 5 तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षाएं हाइब्रिड मोड में संचालित की जाएंगी, अर्थात् भौतिक और ऑनलाइन दोनों मोड में (जहां भी ऑनलाइन मोड संभव हो), तत्काल प्रभाव से अगले आदेश तक लागू रहेगी।

इसमें आगे कहा गया है कि कक्षा 10 और 12 के छात्रों के लिए कक्षाएं पहले से ही भौतिक रूप से संचालित की जा रही हैं और उसी तरह जारी रहेंगी। सभी विद्यालयाध्यक्षों को निर्देश दिया गया है कि वे अभिभावकों और संरक्षकों को संशोधित व्यवस्थाओं के बारे में तुरंत सूचित करें। यह निर्णय वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग द्वारा GRAP चरण 4 के अंतर्गत लागू उपायों को वापस लेने के बाद लिया गया है।

# जेवर साफ करने के नाम पर ठगी करने वाले दो गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** सरोजनी नगर थानाक्षेत्र में जेवर साफ करने का झांसा देकर एक महिला को ठगने वाले दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। ये दोनों सूटेड बूटेड होकर रिहायशी क्षेत्र में घूमते थे। मासूम महिलाओं को झांसे में लेते थे। आरोपित दूसरे राज्यों में इसी तरह की वारदातों में पहले गिरफ्तार हो चुके थे। जमानत पर आने के बाद अब दिल्ली में सक्रिय थे।

सरोजनी नगर थाना पुलिस को 17 दिसंबर को एक शिकायत मिली कि दो व्यक्ति महिला सविता के घर में घुसे और सोने व चांदी के जेवर साफ करने की बात कही। सविता ने अपने गले में पड़ा लाकेट व एक अंगूठी दोनों को साफ करने के लिए दी। जब दोनों उन्हें साफ कर रहे थे, तब उन्होंने महिला से तेज गर्म पानी लाने को कहा। वह रसोई में गर्म पानी लेने गई। थोड़ी देर में जब लौटी तो दोनों गायब मिले। अपने साथ हुई ठगी का एहसास होने पर पीड़िता ने ई एफआइआर दर्ज की थी।

पुलिस ने जांच करते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले। छानबीन के दौरान पुलिस ने एक आरोपित विनोद प्रसाद साह को हर्ष विहार से हिरासत में लिया। उसने अपने दूसरे साथी का नाम मोहम्मद सत्तार निवासी नंदनगरी बताया। पुलिस ने बाद में उसे भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों ने महिला के जेवर बेचकर नगदी प्राप्त की थी। उसके पास से दस हजार रुपये नगद और वारदात में इस्तेमाल बाइक बरामद कर ली है।

## यौन उत्पीड़न मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने महिला की गरिमा को भंग करने, यौन उत्पीड़न और घर में जबरन घुसने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान 20 वर्षीय रवि राज के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि राज को बृहस्पतिवार को गिरफ्तार किया गया था और इस वर्ष की शुरुआत में अदालत द्वारा भगोड़ा घोषित किए जाने के बाद से वह सजा के डर से न्यायिक कार्यवाही से बचकर भाग रहा था। उन्होंने बताया कि आरोपी लगातार अपने ठिकाने बदल रहा था। हालांकि, पुलिस ने उसका पता लगा लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी को पकड़ने के लिए टीम पहले राज के घर पहुंची लेकिन वह वहां पर मौजूद नहीं था।

# केजरीवाल पर लेटर से भड़की आप ने एलजी को बनाया गजनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** एलजी विनय सक्सेना की ओर से अरविंद केजरीवाल को लिखे गए लेटर के बाद आप भड़की हुई है। अब फिल्मी पलटवार करते हुए केजरीवाल की पार्टी ने एलजी को गजनी बताते हुए उनका पोस्टर जारी किया है। दिल्ली में हवा चलने की वजह से एक्यूआई में भले ही कुछ सुधार हो गया है, लेकिन इस बीच राजनीति गंभीर श्रेणी में पहुंच गई है। दिल्ली की सत्ताधारी पार्टी भाजपा और विपक्षी आप के बीच टकराव और आरोप-प्रत्यारोप चरम पर पहुंच गया है। एलजी विनय सक्सेना की ओर से अरविंद केजरीवाल को लिखे गए लेटर के बाद आप भड़की हुई है। अब फिल्मी पलटवार करते हुए केजरीवाल की पार्टी ने एलजी को गजनी बताते हुए उनका पोस्टर जारी किया है। वहीं, भाजपा ने जवाब देते हुए कहा कि भूले तो दिल्ली को केजरीवाल हैं, इसलिए तस्वीर उनकी ही लगानी चाहिए थी। दरअसल पिछले दिनों एलजी वीके सक्सेना ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल के नाम 15 पन्नों का लेटर लिखते हुए उन पर कई आरोप लगाए।

एलजी ने कहा कि जब केजरीवाल सीएम थे तो उनके सामने प्रदूषण को लेकर चिंता जाहिर करने पर आप प्रमुख ने इसे नजरअंदाज करने को कहा था। एलजी के मुता.बिक केजरीवाल ने कहा था, 'सर यह हर साल होता है।




**दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी कर गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए।**

# साहिबजादों की शहादत, अदम्य साहस व वीरता को दिया भावपूर्ण सम्मान

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने 'वीर बाल दिवस' के अवसर पर त्यागराज स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम में भागीदारी कर गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों के अतुलनीय साहस, अडिग आस्था और सर्वोच्च बलिदान को श्रद्धांजलि अर्पित की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल स्मरण का दिन नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों में साहस, स्वाभिमान, राष्ट्रप्रेम और नैतिक दृढ़ता के संस्कार रोपित करने का संकल्प है। इस विशेष आयोजन में दिल्ली सरकार के कैबिनेट मंत्री आशीष सूद, सरदार मनजिंदर सिंह सिरसा सहित वरिष्ठ अधिकारी, स्कूली छात्र तथा बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर साहिबजादों पर आधारित एक विशेष पुस्तिका तथा डाक विभाग के सहयोग से डाक लिफाफे का भी विमोचन किया गया।

साथ ही स्कूली छात्रों द्वारा गतका प्रदर्शन, वीर बाल दिवस पर आधारित 270 प्रोजेक्शन, छात्रों द्वारा तैयार रीलों का प्रदर्शन तथा शिलॉन्ग चौंबर क्वायर द्वारा देशभक्ति और वीर रस से ओतप्रोत प्रस्तुतियां भी दी गई।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में साहिबजादों के चरणों में नमन करते हुए कहा कि भारत सदियों से शौर्य, त्याग और वीरता की भूमि रहा है। उन्होंने कहा कि गुरु गोबिंद सिंह जी के साहिबजादों ने अत्यंत छोटी उम्र में जिस अदम्य साहस, दृढ़ आस्था और धर्मनिष्ठा का परिचय दिया, उसकी मिसाल विश्व इतिहास में कायम है। मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि जिस उम्र में बच्चे सामान्यत: खेल-कूद गति.विधियों में संलग्न रहते हैं, उस उम्र में साहिबजादों ने भय, आतंक और अत्याचार के सामने झुकने से इंकार करते हुए अपने धर्म और मूल्यों की रक्षा के लिए बलिदान का मार्ग चुना।दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने कहा कि वीर बाल दिवस केवल एक स्मरण दिवस नहीं है। यह भारत की उस चेतना का सार्वजनिक स्वीकार है, जिसे हमने बहुत समय तक या तो अनदेखा किया या जान-बूझकर हाशिए में रखा।

# वाहनों की संख्या घटाने की दिशा में दिल्ली सरकार का ठोस रोडमैप: रेखा गुप्ता

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली की रेखा सरकार राजधानी में वायु प्रदूषण को नियंत्रित करने और यातायात दबाव कम करने के उद्देश्य से परिवहन क्षेत्र में बहुस्तरीय सुधारों की दिशा में लगातार काम कर रही है। सरकार का मानना है कि सड़कों पर वाहनों की संख्या में कमी लाए बिना प्रदूषण नियंत्रण संभव नहीं है, इसी सोच के तहत साझा परिवहन और इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को प्रोत्साहित किया जा रहा है। दिल्ली सरकार ऑटोमेटेड कमर्शियल व्हीकल फिटनेस टेस्टिंग स्टेशनों की संख्या में भी बढ़ोतरी कर रही है, ताकि राजधानी में कोई भी वाहन प्रदूषण न फैलाए। दिल्ली वासियों को बेहतर यात्री सेवा देने के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनियों के साथ एक विशेष बैठक करने जा रही है।

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि दिल्ली सरकार की परिवहन नीति का मूल उद्देश्य यह है कि राजधानी की सड़कों पर वाहनों की संख्या कम रहे, लेकिन यात्रियों की आवाजाही पर किसी प्रकार का दबाव या असुविधा न पड़े। सरकार चाहती है कि सीमित संख्या में वाहन अधिक से अधिक यात्रियों को सेवा दें, ताकि यातायात भी सुगम रहे और प्रदूषण पर भी प्रभावी नियंत्रण किया जा सके। इसी सोच के तहत सरकार ओला, ऊबर जैसी ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनियों के साथ लगातार संवाद कर रही है और उनसे यह अपेक्षा की जा रही है कि वे साझा राइडिंग, महिला ड्राइवरों की भागीदारी और पर्यावरण-अनुकूल सेवाओं को प्राथमिकता दें। कोरोना महामारी के दौरान दिल्ली में शेयर टैक्सी सेवाएं उपलब्ध थीं, लेकिन कुछ कारणों के चलते इन्हें बंद कर दिया गया था। अब सरकार इन्हें दोबारा शुरू कराकर यात्रियों को किफायती और सुविधाजनक साझा परिवहन उपलब्ध कराने की दिशा में आगे बढ़ रही है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इसी उद्देश्य के लिए दिल्ली सरकार जल्द ही ट्रांसपोर्टेशन नेटवर्क कंपनियों के साथ एक विशेष बैठक प्रस्तावित है, जिसमें साझा टैक्सी सेवाओं को दोबारा शुरू करने, महिला चालकों की संख्या बढ़ाने और निजी इलेक्ट्रिक वाहनों को टैक्सी सेवा से जोड़ने की संभावनाओं पर विस्तार से विचार किया जाएगा।

## मेट्रो के मर्जेंटा लाइन में आई सिग्नलिंग की समस्या

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** न दिल्ली मेट्रो की मर्जेंटा लाइन पर ओखला बर्ड सैंचुअरी और बोटैनिकल गार्डन स्टेशन के बीच शुक्रवार को सिग्नलिंग की समस्या आई। इस कारण ट्रेन सेवाओं में देरी का सामना करना पड़ा। यात्रियों को इस दौरान असुविधा झेलनी पड़ी। वहीं अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य चल रही थी।

डीएमआरसी ने एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। हालांकि तकनीकी टीमों ने तत्काल ही इस समस्या को सुलझा लिया और फिर से संचालन सामान्य हो गई। दिल्ली मेट्रो की मैजेंटा लाइन पर पहले सिग्नलिंग समस्या के कारण हुई देरी अब खत्म हो गई है। सभी स्टेशनों पर सामान्य सेवाएं बहाल हो चुकी हैं। डीएमआरसी ने यात्रियों को सूचित किया कि अब ट्रेनें निर्धारित समय पर चल रही हैं।

# छात्र ने पांच दिन बाद अस्पताल में दम तोड़ा, परिवार ने जाम लगाया

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** नरेला औद्योगिक क्षेत्र इलाके में बीते शनिवार रात पुरानी रंजिश में अमित नामक छात्र को चाकू मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। युवक ने पांच दिन बाद अस्पताल में दम तोड़ दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। परिवार ने शव को राजा हरिश्चंद्र अस्पताल चौक पर रखकर प्रदर्शन किया। पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर परिवार से बातचीत की और उनको निष्पक्ष जांच का आश्वासन और आरोपियों को जल्द से जल्द पकडने की बात कही। नरेला औद्योगिक क्षेत्र पुलिस को शनिवार रात को इलाके में रहने वाले एक अमित नामक युवक को चाकू मारने की पीसीआर कॉल मिली थी। पुलिस मौके पर पहुंची। पता चला कि अमित को परिवार वालों ने पहले ही अस्पताल में भर्ती करवा दिया है।

पुलिस ने क्राइम और फॉरेंसिक टीम की मदद से सबूत इक्ट्ठा किये। अस्पताल पहुंचकर डॉक्टरों ने अमित की हालत चिंताजनक बताई। अमित को बाद में लोक नायक जयप्रकाश अस्पताल में शिफ्ट करवा दिया। परिवार से पता चला कि अमित के छोटे भाई का दस दिन पहले स्कूल में किसी छात्र से झगड़ा हुआ था। मामले की शिकायत अमित ने टीचर से की थी। टीचर ने छात्र को सबके सामने डांट दिया था। छात्र ने बदला लेने के लिये अपने भाई का सहारा किया। बदमाशों को बुलाकर अमित पर चाकू से आधा दर्जन से ज्यादा वार किये और मौके पर से फरार हो गए थे।

परिवार ने पुलिस पर आरोप लगाया कि पहले ही दिन आरोपियों के बारे में पुलिस को बता दिया था। मगर पुलिस ने उनको बुलाया और पूछताछ करने के बाद छोड़ दिया था। बताया गया कि वारदात को अंजाम देने वाले नाबालिग हैं। इस बीच बुधवार देर रात अमित ने अस्पताल में दम तोड़ दिया।

## इमारत के बिजली मीटरों में आग लग

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दक्षिण दिल्ली के मुनिरका इलाके में एक रिहायशी इमारत में शुक्रवार को कुछ बिजली मीटरों में आग लग गई जिसे 10 मिनट के भीतर काबू कर लिया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि दिल्ली अग्निशमन सेवा को सुबह 10.32 बजे आग लगने की सूचना मिली जिसकी चपेट में आठ विद्युत मीटर आ गए।

दिल्ली अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा, "हमने तुरंत मौके पर दमकल की एक गाड़ी भेजी।" उन्होंने बताया कि दमकलकर्मियों ने 10 मिनट के भीतर आग पर पूरी तरह काबू पा लिया। अधिकारियों के अनुसार, इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है और आग लगने के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है।

# रॉबरी का विरोध करने पर चाकू मारा, दो आरोपी किए गिरफ्तार

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस के कंझावला थाने के स्टाफ ने रॉबरी के मामलो को सुलझाकर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है।पुलिस ने उनके पास से एक बटन वाला चाकू और लूटी गई नकदी बरामद की है। आरोपियों ने रॉबरी का विरोध करने पर चाकू मार दिया था।

दिल्ली के रोहिणी जिला पुलिस उपायुक्त राजीव रंजन ने बताया कि 21.दिसंबर को कंझावला थाने में एक पीसीआर कॉल मिली थी जिसमें कॉलर ने बताया कि उसके पिता को 4-5 लोगों ने चाकू मारा है, कॉल मिलने पर कंझावला थाने का स्टाफ तुरंत मौके पर पहुंचा तो पता चला कि पीड़ित को पहले ही बीएसए अस्पताल, रोहिणी में भर्ती कराया जा चुका है। उसने आगे बताया कि जब वह कराला रोड, गंदा नाला के पास अपने घर जा रहा था, तो 4-5 लोग पास के खेतों से उसके पास आए और उसकी जेब से पैसे चुराने की कोशिश की, विरोध करने पर उन्होंने उस पर हमला किया और उनमें से एक ने उसकी पीठ पर चाकू मार दिया जिसके बाद वे उसके 2500/- रुपये नकद लेकर भाग गए।

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसीपी बेगमपुर सार्थक त्यागी की देखरेख में एसएचओ कंझावला राजीव मालिक के नेतृत्व में टीम ने टेक्निकल सर्विलांस और ह्यूमन इंटेलिजेंस की मदद से आरोपी अवतार सिंह / साहिल (20) आक.ाश,(20) और नरेंद्र / नन्नू () को पकड़ लिया।पुलिस पूछताछ करने पर आरोपी अवतार सिंह / साहिल ने कबूल किया कि उसने पीड़ित को चाकू मारा था, जबकि दूसरे लोग ऊपर बताए गए लूट के मामले में पीड़ित की जेब से कैश निकालने में शामिल थे। उन्होंने अन्य सह-साजिशकर्ताओं अक्षय और नितेश फरार हैं। तलाशी के दौरान अवतार / साहिल की निशानदेही पर एक बटन वाला चाकू बरामद किया गया और उनके पास से लूटे गए कैश बरामद किए गए।

# आईएएस की कोचिंग सेंटर पर 11 लाख का जुर्माना

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** यूपीएससी सिविल सर्विसेज परीक्षा के परिणामों के बारे में गुमराह करने वाले विज्ञापन प्रकाशित करने के लिए विजन आईएएस (अजय विजन एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड) पर 11 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के तहत काम करने वाली सेंट्रल कंस्यूमर प्रोटेक्शन अथॉरिटी (सीसीपीए) ने 2022 और 2023 के परीक्षा परिणामों के मामले में उपभोक्ता संरक्षण कानून 2019 के तहत यह एक्शन लिया। इस मामले की जांच पर कंज्यूमर अफेयर्स सेक्रेटरी निधि खरे की अध्यक्षता वाली सीसीपीए ने जांच में पाया कि विजन आईएएस ने सीएसई 2023 में टॉप 100 सेलेक्शंस में से 79 और टॉप 10 में से 7 और सीएसई 2022 में टॉप 50 में 39 अभ्यर्थी अपने यहां के होने के दावे किए थे और विज्ञापनों में इनके नाम, फोटो और रैंक प्रमुखता से प्रकाशित किए थे।

सीसीपीए ने जांच में पाया कि इंस्टिट्यूट ने 2022 और 2023 की परीक्षाओं में 119 से अधिक सफल अभ्यर्थियों का दावा किया था, लेकिन केवल 3 कैंडिडेंट्स ने उसके फाउंडेशन कोर्स में दाखिला लिया था और बाकी 116 ने प्री और मेंस एग्जाम्स के लिए टेस्ट सीरीज, अभ्यास टेस्ट और मॉक इंटरव्यू प्रोग्राम चुने थे।

# दिल्ली में अवैध कब्जों पर लगेगी लगाम

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने सरकारी संपत्तियों के प्रबंधन और अवैध कब्जों को रोकने के लिए दिल्ली एसेट मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम (डीएएमआइएस) पोर्टल लॉन्च किया है, जिसके तहत सभी विभागों को अपनी अचल संपत्तियों का सटीक डिजिटल ब्योरा दर्ज करना अनिवार्य होगा।

दिल्ली सरकार ने सरकारी जमीनों और अचल संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। अब सभी विभागों को अपनी संपत्तियों का पूरा ब्योरा जल्द जमा करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि अवैध कब्जों पर रोक लगाई जा सके और डिजिटल रिकॉर्ड मजबूत हो सके। रिपोर्ट के अनुसार, यह सारी जानक.ारी डीएएमआइएस में दर्ज की जाएगी। यह एक सेंट्रला इज्ड ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है, जो राजधानी की सभी सरकारी अचल संपत्तियों

**रेलयात्री कृपया ध्यान दें!**

**महत्वपूर्ण सूचना**

**रेलयात्रियों की संख्या में वृद्धि को देखते हुए उत्तर रेलवे द्वारा निम्नलिखित विशेष रेलगाड़ियां संचालित करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:—**

**रेलगाड़ी सं. 04081/04082 नई दिल्ली – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – नई दिल्ली आरक्षित विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 10 फेरे

| गाड़ी सं. 04081 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04082 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:45 | नई दिल्ली | 10:00 | ---- |
| 12:00 | ---- | श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा | ---- | 21:20 |

**चलने के दिन:** **04081 नई दिल्ली** से दिनांक 27.12.2025 से 31.12.2025 तक एवं **04082 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा** से दिनांक 28.12.2025 से 01.01.2026 तक।

**ठहराव:** पानीपत जं., कुरुक्षेत्र जं., अंबाला छावनी, लुधियाना जं., जलंधर छावनी, पठानकोट छावनी, जम्मू तवी, शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन।

**स्थान:** प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 04024/04023 दिल्ली जं. – वाराणसी जं. – दिल्ली जं. आरक्षित सुपरफास्ट विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ी** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 04024 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 04023 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:25 | दिल्ली जं. | 08:50 | ---- |
| 03:30 | 03:40 | लखनऊ | 00:10 | 00:20 |
| 09:40 | ---- | वाराणसी जं. | ---- | 18:35 |

**चलने के दिन:** **04024 दिल्ली जं.** से दिनांक 27.12.2025, 29.12.2025 एवं 31.12.2025 को एवं **04023 वाराणसी जं.** से दिनांक 28.12.2025, 30.12.2025 एवं 01.01.2026 को।

**ठहराव:** गाजियाबाद जं., मुरादाबाद जं., लखनऊ, रायबरेली जं. एवं माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. स्टेशन।

**स्थान:** प्रथम वाता., वाता. 2 टियर, वाता. 3 टियर, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।

4008/2025

पर हमें फॉलो करें

**उत्तर रेलवे**

आपकी सुविधा—हमारा ध्येय

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# प्रगति मैदान टनल में जल रिसाव की समस्या का समाधान करेगा पीडब्लूडी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में प्रगति मैदान सुरंग सड़क और उसके साथ बने अंडरपास में हो रहे जल रिसाव का स्थाई समाधान हो सकेगा। लोक निर्माण विभाग ने इसके लिए तैयारी कर ली है।

बता दें कि इसके निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिए हैं, जिसके तहत इस कार्य पर तीन करोड़ 70 लख रुपये खर्च किए जाएंगे। लोक निर्माण विभाग ने कहा है कि इस कार्य के स्थाई समाधान की जरूरत है। जिसके तहत प्रगति मैदान की ओर जाने वाली मुख्य सुरंग सहित इसके साथ बने चार अंडरपास में भी जल रिसाव रोकने के इंतजाम किए जाएंगे। जारी किए गए टेंडर के अनुसार, कार्य में संरचनात्मक मरम्मत, जलरोधक (वॉटरप्रूफिंग), जल निकासी सुधार और जुड़े हुए सिस्टमों को ठीक करना शामिल होगी, ताकि टनल में पानी के प्रवेश को रोक.कर उसकी कार्यशील विश्वसनीयता सुनिश्चित की जा सके। टनल की संरचना में रिसाव पॉइंट्स की पहचान और उपचार किया जाएगा।

इसमें साइड की दीवारें, छत के स्लैब और कंस्ट्रक्शन जॉइंट्स शामिल हैं। रिसाव बिंदुओं को सील करने के प्रस्तावित उपायों में प्रेशर ग्राउटिंग, केमिकल इंजेक्शन, क्रैक सीलिंग और विशेष रूप से कमजोर स्थानों पर वाटरप्रूफिंग मेम्ब्रेन की एप्लिकेशन शामिल है। इस कार्य की अनुमानित लागत लगभग चार करोड़ रुपये है। दरअसल, प्रगति मैदान टनल का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जून 2019 को उद्घाटन किया था।

# घने कोहरे के चलते देरी से चल रही 50 से ज्यादा ट्रेनें

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई दिल्ली।** दिल्ली में घने कोहरे के कारण 50 से ज्यादा ट्रेनें देरी से चल रही हैं, जिससे लंबी दूरी की यात्रा करने वाले यात्रियों को परेशानी हो रही है। राजधानी और हमसफर एक्सप्रेस जैसी अहम ट्रेन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। कोहरे के कारण दृश्यता कम होने से ट्रेनों के संचालन में दिक्कत आ रही है। रेलवे प्रशासन यात्रियों को अपडेटेड जानकारी प्राप्त करने की सलाह दे रहा है।

दो घंटे से अधिक लेट चलने वाली ट्रेनों में रक्सौल-आनंद विहार टर्मिनल सद्भावना एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, मुजफ्फरपुर-आनंद विहार टर्मिनल सप्त क्रांति एक्सप्रेस सवा दो घंटे, बलिया-आनंद विहार टर्मिनल सुपरफास्ट विशेष सवा चार घंटे, बनारस- आनंद विहार टर्मिनल गरीब रथ एक्सप्रेस, सवा दो घंटे, रीवा-आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस छह घंटे, मधुपुर-आनंद विहार टर्मिनल बाबा बैद्यनाथ धाम देवघर एक्सप्रेस पौने सात घंटे, हल्दिया-आनंद विहार टर्मिनल साप्ताहिक सुपरफास्ट छह घंटे, दाना.पुर-आनंद विहार टर्मिनल जनसाधारण एक्सप्रेस छह घंटे, बनारस-नई दिल्ली काशी विश्वनाथ एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, बलिदानी कैप्टन तुषार महाजन ऊधमपुर-कोटा एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, लखनऊ-नई दिल्ली एसी एक्सप्रेस सवा दो घंटे, कानपुर-नई दिल्ली श्रम शक्ति एक्सप्रेस चार घंटे, राजगीर-नई दिल्ली श्रमजीवी एक्सप्रेस सवा पांच घंटे, दरभंगा-नई दिल्ली संपर्क क्रांति एक्सप्रेस सवा पांच घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली पूर्वा एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, प्रयागराज-नई दिल्ली हमसफर एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, गोरखपुर- बठिंडा गोरखधाम एक्सप्रेस साढ़े पांच घंटे, प्रयागराज-नई दिल्ली प्रयागराज एक्सप्रेस चार घंटे लेट चल रही हैं। वहीं सीएसएमटी-अमृतसर एक्सप्रेस आठ घंटे, राजेंद्र नगर-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस सवा चार घंटे, ललित ग्राम-नई दिल्ली वैशाली एक्सप्रेस सवा चार घंटे, बनारस-नई दिल्ली शिव गंगा एक्सप्रेस साढ़े तीन घंटे, दरभंगा-नई दिल्ली हमसफर विशेष आठ घंटे, डिब्रुगढ़-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रे ढाई घंटे, सियालदह-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस सवा दो घंट। वहींबनारस-नई दिल्ली सुपरफास्ट एक्सप्रेस सवा तीन घंटे, बरौनी-नई दिल्ली हमसफर विशेष चार घंटे, रांची-नई दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस तीन घंटे, हावड़ा-नई दिल्ली कोलकाता राजधानी साढ़े चार घंटे, वाराणसी-नई दिल्ली वंदे भारत एक्सप्रे सवा छह घंटे, लखनऊ-नई दिल्ली तेजस एक्सप्रेस आठ घंटे, राजेंद्र नगर-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस छह घंटे, लोकमान्य तिलक टर्मिनल मुंबई-हरिद्वार एसी एक्सप्रेस सात घंटे प्रयागराज-भिवानी कालिंदी एक्सप्रेस पौने चार घंटे, मां बेल्हा देवी प्रतापगढ़-पुरानी दिल्ली पद्मावत एक्सप्रेस चार घंटे, बलुरघाट-बठिंडा फरक्का एक्सप्रेस साढ़े चार घंटे, प्रयागराज-चंडीगढ़ ऊंचाहार एक्सप्रेस साढ़े सात घंटे, कामख्या-पुरानी दिल्ली ब्रह्मपुत्र मेल, पौने आठ घंटे, आजमगढ़-पुरानी दिल्ली कैफियत एक्सप्रेस सवा छह घंटे, कटिहार-पुरानी दिल्ली चंपारण एक्सप्रेस ट्रेनें लेट चली रही हैं। वहीं सवा नौ घंटे, देरी से रवाना होने वाली ट्रेनों में नई दिल्ली-अमृतसर शान-ए-पंजाब एक्सप्रे सवा चार घंटे, नई दिल्ली-सोगरिया सुपरफास्ट एक्स प्रेस पौने पांच घंटे नई दिल्ली- राजगीर श्रमजीवी एक्सप्रेस एक घंटे, नई दिल्ली-दरभंगा हमसफर विशेष पांच घंटे लेट चल रही हैं।

# हाईवे पर 85 लाख की सनसनीखेज लूट का खुलासा

## पुलिस एवं स्वाट टीम ने कार्रवाई करते हुए 6 बदमाशों को दबोचा, 62 लाख बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** थाना पिलखुवा पुलिस एवं जनपदीय स्वाट टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए 15 दिसंबर को सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास हाईवे पर कलेक्शन एजेंट से हुई 85 लाख रुपये की लूट की सनसनीखेज घटना का सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में 6 बदमाशों को धौलाना रोड स्थित रूपवती इंटर कॉलेज के पास से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों के कब्जे से 62 लाख रुपये की नकदी, पांच मोबाइल फोन, एक काले रंग का पिट्ठू बैग, घटना में प्रयुक्त वरना कार, एक हीरो स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल, एक तमंचा और कारतूस बरामद किए गए हैं।



पुलिस कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में एसपी कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि 15 दिसंबर को थाना पिलखुवा क्षेत्र में सरस्वती मेडिकल कॉलेज के पास हाईवे पर कलेक्शन एजेंट अजय पाल की मोटरसाइकिल को गिराकर तमंचे के बल पर 85 लाख रुपये लूट लिए गए थे। घटना की सूचना मिलते ही उच्चाधिकारियों के निर्देशन में पुलिस टीमों का गठन कर सीसीटीवी फुटेज व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर बदमाशों की तलाश शुरू की गई। शुक्रवार को पुलिस ने कार्रवाई करते हुए अदनान पुत्र अकरम, ललित पुत्र चंद्रप्रकाश, सावेद पुत्र अशरफ अली, नावेद पुत्र शौकत अली निवासी ग्राम सुल्तानपुर, थाना नौगांवा सादात, जनपद अमरोहा, जिशान पुत्र इसराक निवासी खागोई, थाना सिम्भावली, हापुड़ तथा साबिर उर्फ भोला पुत्र फकीरा अंसारी निवासी बक्सर, थाना सिम्भावली, हापुड़ को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि पूछताछ में बदमाशों ने स्वीकार किया कि लूट की घटना को अंजाम देने के लिए पहले से रेकी की गई थी। 15 दिसंबर की दोपहर ललित ने अपाचे मोटरसाइकिल से कलेक्शन एजेंट की बाइक में टक्कर मारकर उसे गिरा दिया, जबकि पीछे बैठे साथी ने तमंचा दिखाकर नोटों से भरा बैग लूट लिया। वारदात के दौरान वरना कार साथ-साथ चल रही थी, जिसमें अन्य आरोपी सवार थे, जिन्होंने घटना को अंजाम देने में सहयोग किया। पुलिस ने 6 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है, जबकि अन्य फरार बदमाशों की तलाश जारी है। एसपी ने भरोसा दिलाया कि शेष आरोपियों को भी जल्द गिरफ्तार कर बाकी लूटी गई रकम बरामद कर ली जाएगी।

# ई-रिक्शा और कार की भिड़ंत में एक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** हाफिजपुर थाना क्षेत्र के बुलंदशहर रोड पर गुरुवार देर रात एक भीषण सड़क दुर्घटना में ई-रिक्शा सवार युवक की मौत हो गई, जबकि चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। यह हादसा यादव ढाबे के सामने उस समय हुआ, जब गलत दिशा से आ रहे ई-रिक्शा की सामने से आ रही तेज रफ्तार कार से आमने-सामने टक्कर हो गई।

टक्कर इतनी जोरदार थी कि ई-रिक्शा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और उसमें सवार दोनों लोग सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद हाफ़िजपुर थाना प्रभारी प्रवीण कुमार पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को नज़दीकी अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल में चिकित्सकों ने गांव हरसिंगपुर निवासी मुकेश को मृत घोषित कर दिया, जबकि



ई-रिक्शा चालक ललित का इलाज जारी है। पुलिस के अनुसार दुर्घटना में कार चालक को कोई चोट नहीं आई है। थाना प्रभारी प्रवीण कुमार ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और हादसे के संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। प्रारंभिक जांच में ई-रिक्शा का गलत दिशा में चलना दुर्घटना का कारण माना जा रहा है। फिलहाल पुलिस द्वारा पूरे मामले की गहनता से जाँच की जा रही है।

# कांग्रेसियों ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय पर शुक्रवार को भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय डा. मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने की। इस अवसर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों ने डा. मनमोहन सिंह के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी।

कांग्रेस जिलाध्यक्ष राकेश त्यागी ने अपने संबोधन में कहा कि डा. मनमोहन सिंह भारत गणराज्य के 13वें प्रधानमंत्री थे और एक प्रख्यात अर्थशास्त्री के रूप में उन्होंने देश को नई दिशा दी। वर्ष 2009 के लोकसभा चुनाव में मिली जीत के बाद वे पंडित जवाहरलाल नेहरू के बाद ऐसे दूसरे प्रधानमंत्री बने, जिन्हें अपना पाँच वर्षीय कार्यकाल सफलतापूर्वक पूरा करने के बाद लगातार दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने का अवसर प्राप्त हुआ। पूर्व विधायक गजराज सिंह ने कहा कि डा. मनमोहन सिंह को 21 जून 1991 से 16 मई 1996 तक तत्कालीन प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिंह राव के कार्यकाल में वित्त मंत्री के रूप में किए गए ऐतिहासिक आर्थिक सुधारों के लिए हमेशा याद किया जाएगा। उन्हीं सुधारों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को वैश्विक स्तर पर मजबूती प्रदान की। कार्यक्रम में वरिष्ठ कांग्रेसी नेता रामप्रसाद जाटव, इकबाल प्रधान, हसमत प्रधान, मोमीन नेता, सुबोध शास्त्री, सुखपाल गौतम, यशपाल ढिलोर, गौरव गर्ग, विक्की शर्मा,



भरतलाल शर्मा, निसार पठान, शहजाद मेवाती, मास्टर शहरयाब, एस.एस. गौड़, अनुज कुमार एडवोकेट, रईस अन्नू, भगवत प्रसाद, अनूप कर्दम, शिवम कुमार, गोपाल भारती सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित सभी लोगों ने स्वर्गीय डा. मनमोहन सिंह के योगदान को याद करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

# राष्ट्रीय सैनिक संस्था का अनोखा प्रदर्शन, आठ लोगों ने कराया सिर मुंडन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** राष्ट्रीय सैनिक संस्था जिला इकाई हापुड़ के तत्वावधान में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी के नेतृत्व में नगरपालिका परिषद स्थित शहीद स्तम्भ पर एक अनोखा विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान संस्था के आठ पदाधिकारियों व प्रशासनिक सदस्यों ने सिर मुंडन कराकर बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचारों के खिलाफ अपना विरोध दर्ज कराया।

प्रदर्शन के उपरांत भारत सरकार के राष्ट्रपति के नाम एक ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से बांग्लादेश में हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और इस विषय में त्वरित व प्रभावी कार्रवाई की मांग की गई।



इस अवसर पर राष्ट्रीय सैनिक संस्था के प्रदेश प्रवक्ता एवं हापुड़ जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी ने कहा कि बांग्लादेश में केवल धर्म के आधार पर हिंदुओं की निर्मम हत्याएं की जा रही हैं और वहां की सरकार मूकदर्शक बनी हुई है।

इससे देशवासियों में भारी आक्रोश है। भारत सरकार को चाहिए कि वह तत्काल हस्तक्षेप कर बांग्लादेश में रह रहे हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करे। सिर मुंडन कराने वालों में पश्चिमी उत्तर प्रदेश की महिला ब्रिगेड की अध्यक्ष सुमन त्यागी, प्रदेश प्रवक्ता व जिला अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र त्यागी, जिला सूचना प्रसारण मंत्री श्याम वर्मा, हापुड़ तहसील अध्यक्ष सतबीर प्रधान, तहसील उपाध्यक्ष ताराचंद जाटव तथा प्रशासनिक सदस्यों में संदीप त्यागी, मोनू खाना और कैलाश त्यागी शामिल रहे। ज्ञानेन्द्र त्यागी ने बताया कि इस विरोध प्रदर्शन में राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन, भारतीय किसान यूनियन टिकैत, भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक, इंडियन नर्सरी मैन एसोसिएशन और जनसंख्या फाउंडेशन के पदाधिकारियों ने भी भाग लिया। कार्यक्रम में सैकड़ों लोग उपस्थित रहे। प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन सिर मुंडन जैसे प्रतीकात्मक विरोध ने लोगों का ध्यान आकर्षित किया और बांग्लादेश में हिंदुओं की स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की गई।

# वीर बाल दिवस पर राजकीय इंटर कॉलेज में कार्यक्रम आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गढ़मुक्तेश्वर।** वीर बाल दिवस के अवसर पर ज़िलें में बच्चों के भीतर साहस, सेवा, राष्ट्रप्रेम, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं सकारात्मक नागरिकता के भाव को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह आयोजन जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय एवं मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम के निर्देश तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह के निर्देशन में राजकीय इंटर कॉलेज, गढ़मुक्तेश्वर में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के वीर बाल दिवस कार्यक्रम का लाइव प्रसारण दिखाया गया। इसके साथ ही 18 दिसंबर से 25 दिसंबर तक आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन



करने वाले बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई, जिनमें निराश्रित महिला पेंशन योजना, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, स्पॉन्सरशिप योजना आदि प्रमुख रहीं। साथ ही महिलाओं एवं बच्चों की सुरक्षा एवं सहायता हेतु उपलब्ध विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर से सोनिया सेंटर मैनेजर, रविता परामर्शदाता, सोनिया केस वर्कर, रिंकी पैरामेडिकल, राकेश सहित कस्तूरबा गांधी विद्यालय की अध्यापिकाएं एवं अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

# विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हापुड़।** शुक्रवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा पीपीसी कोठी गेट पर विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का उद्घाटन किया गया। यह अभियान ज़िलें में 26 दिसंबर से 24 जनवरी 2026 तक संचालित किया जाएगा।

इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी सुनील त्यागी ने बताया कि विटामिन ए सम्पूरण कार्यक्रम का उद्देश्य 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में रोगों से लड़ने की प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत करना तथा कुपोषण से बचाव करना है। कार्यक्रम के अंतर्गत बच्चों को प्रत्येक 6 माह के अंतराल पर विटामिन ए की खुराक पिलाई जाती है। अभियान के तहत ज़िलें में लगभग 1,55,260 बच्चों को विटामिन ए पिलाने का लक्ष्य



निर्धारित किया गया है। यह कार्यक्रम शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में आंगनवाड़ी केन्द्रों पर भी प्रभावी रूप से संचालित किया जाएगा, ताकि कोई भी पात्र बच्चा इस स्वास्थ्य लाभ से वंचित न रहे। उन्होंने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि वे निर्धारित तिथियों पर अपने बच्चों को निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र या आंगनवाड़ी केन्द्र पर ले जाकर विटामिन ए की खुराक अवश्य दिलवाएं, जिससे बच्चों का शारीरिक व मानसिक विकास स्वस्थ रूप से सुनिश्चित किया जा सके।

एक नजर

# संस्कृति में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री अटलजी को किया गया याद





**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय के सभागार में संस्कृति स्टूडेंट काउंसिल द्वारा भारत के पूर्व प्रधानमंत्री स्व अटल बिहारी वाजपेय की जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाई। इस अवसर पर भाषण और कविता प्रतियोगिता का आयोजन किया। विद्यार्थियों ने अपनी कविताओं और भाषणों द्वारा अटलजी के द्वारा स्थापित सुशासन, राष्ट्रीय एकता और लोकतांत्रिक मूल्यों विस्तार से बताया।

कार्यक्रम की शुरुआत में अटल बिहारी वाजपेयी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन एवं पुष्प अर्पित किए गए। कार्यक्रम में स्टूडेंट वेलफेयर विभाग के डीन डा. डीएस तोमर ने पूर्व प्रधानमंत्री स्व. अटल जी के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए कहा कि अटलजी सर्वाधिक लोकप्रिय राजनीतिज्ञों में एक थे, उन्हें विपक्षी भी हमेशा सम्मान देते थे। अपने निराले व्यक्तित्व के कारण वे सदन में हमेशा सबके चहेते रहे। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस भारत में प्रतिवर्ष पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी जी की जयंती के रूप में 25 दिसंबर के दिन मनाया जाता है। भारतीय लोगों के बीच जागरूकता को बढ़ावा देकर प्रधान मंत्री वाजपेयी को सम्मानित करने के लिए 2014 में सुशासन दिवस की स्थापना की गई थी। सुशासन के सिद्धांत को ध्यान में रखते हुए, भारत सरकार ने सुशासन दिवस को सरकार के लिए कार्य दिवस के रूप में घोषित किया है। भाषण प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों ने अटलजी को एक दूरदर्शी नेता, पूर्व प्रधानमंत्री और एक जाने-माने कवि के रूप में याद किया। विद्यार्थी वक्ताओं ने कहा कि अटलजी के विचार पीढ़ियों को प्रेरित कर रहे हैं। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिताओं में सक्रिय रूप से भाग लेकर अपने कौशल का प्रदर्शन किया और अटल जी की विचारधारा और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को दर्शाते हुए शक्तिशाली भाषणों और भावपूर्ण कविताओं के माध्यम से अपने विचार प्रस्तुत किए। इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित थाना छाता प्रभारी कमलेश सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए अनुशासन, कानून का पालन और जिम्मेदार नागरिकता के महत्व पर जोर दिया। साथ ही कविता पाठ भी किया। प्रतियोगिताओं के निर्णायक के रूप में विश्वविद्यालय के जन संपर्क अधिकारी किशन चतुर्वेदी उपस्थित रहे। भाषण प्रतियोगिता में यश श्रीवास्तव ने पहला पुरस्कार, छात्रा ओजस्वी ने दूसरा और छात्रा वंशिका को तीसरा स्थान मिला। वहीं कविता प्रतियोगिता में नेहा ने पहला, प्रिंस राज कौशिक दूसरा और विनायक ने तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का समापन पुरस्कार वितरण समारोह के साथ हुआ, जहाँ विजेताओं को सम्मानित किया गया और उनकी उत्कृष्टता के लिए प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम का संचालन छवि शर्मा ने सुचारू रूप से किया।

# विधायक श्री श्रीकांत शर्मा की विधायक निधि से निर्मित स्वास्थ्य विभाग में मीटिंग हॉल का उद्घाटन

**मथुरा।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय प्रांगण में विधायक श्रीकांत शर्मा (पूर्व ऊर्जा मंत्री)की विधायक निधि से 25 लाख रु की राशि से निर्मित मीटिंग हॉल का उद्घाटन किया गया। माननीय विधायक श्रीकांत शर्मा की उपस्थिति में एनएमटीसी की छात्राओं द्वारा नवनिर्मित हॉल का अनावरण कर उद्घाटन किया गयौ। 40. 20 फीट के मीटिंग हॉल का निर्माण कार्यदाई संस्था यूपीएसआईसी द्वारा किया गया है। माननीय विधायक श्रीकांत शर्मा ने स्वास्थ्य विभाग की सेवाओं से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण मांगों को भी पूर्ण करने का आश्वासन दिया। अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राधा वल्लभ,एसीएमओ डॉ आलोक कुमार, निर्माण के नोडल डॉक्टर अनुज कुमार, डॉ रोहितास सिंह, डॉ अनुज चौधरी,डॉ एस पी राठौड़, कार्यदाई संस्था के अवर अभियंता सुरेंद्र सिंह और सीएमओ कार्यालय के अवर अभियंता कप्तान सिंह आदि उपस्थित रहे।

# पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति डा. अनिल कुमार श्रीवास्तव का निधन

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय एवं गो अनुसंधान संस्थान, मथुरा के पूर्व कुलपति डॉ. अनिल कुमार श्रीवास्तव का निधन दिनांक 25 दिसम्बर को नोएडा में हो गया। डॉ. श्रीवास्तव काफी समय से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ श्रीवास्तव का जन्म 1 अगस्त 1957 को बनारस में हुआ था। उन्होंने पशु चिकित्सा महाविद्यालय, मथुरा से पशु चिकित्सा एवं पशुपालन में स्नातक तथा वेटरनरी फार्मोकोलॉजी एवं टॉक्सिकोलॉजी में स्नातकोत्तर की शिक्षा प्राप्त की। उन्होंने पीएचडी की डिग्री पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना तथा पोस्ट डॉक्टरेट जर्मनी से अर्जित की। डॉ. श्रीवास्तव का शैक्षणिक कैरियर पंजाब कृषि विश्वविद्यालय, लुधियाना के पशु चिकित्सा महाविद्यालय में सहायक प्रोफेसर के रूप में 1984 में प्रारंभ हुआ। वर्ष 1987 में वहीं पर एसोसिएट प्रोफेसर तथा 1995 में प्रोफेसर बने। वर्ष 2004 में डॉ. श्रीवास्तव ने शेरे कश्मीर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, जम्मू के पशु चिकित्सा महाविद्यालय में अधिष्ठाता के पद पर योगदान दिया तथा वर्ष 2008 में राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में निदेशक सह कुलपति के रूप में 10 वर्ष तक कार्य किया।

# 1169 मरीजों का नि:शुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गोवर्धन।** श्री राम बेरीवाला एवं श्याम सुंदर बेरीवाला की स्मृति में श्याम स्टील मेन्युफेक्चरिंग लि. कोलकाता के सहयोग से कल्याणं करोति नेत्र संस्थान द्वारा 1169 लोगों का निशुल्क मोतियाबिंद का ऑपरेशन किया गया। जचौंदा स्थित नेत्र संस्थान पर शुक्रवार को आयोजित समापन समारोह में वक्ताओं ने आर्थिक युग में विपन्न लोगों की निःशुल्क सेवा के कार्य को पुनीत एवं यज्ञ बताया। 15 से 25 दिसंबर तक श्रीजी बाबा आश्रम पर कैम्प लगाकर चिन्हित मरीजों को अनवरत रूप से भर्ती किया गया तथा क्रमबद्ध ऑपरेशन किए गए। अतिथि वक्ताओं ने नेत्र संस्थान को उत्तर भारत में आंखों के संपूर्ण समाधान केन्द्र के रूप में उत्तरोत्तर प्रगति की शुभकामनाएं दीं और लोगों से आग्रह किया कि रामसेतु निर्माण में जिस तरह गिलहरी ने सहयोग किया उसी तरह सामर्थ्यवान लोग सहयोग करें तो महंगी चिकित्सा भी आम आदमी के लिए सरल हो जाएगी। अध्यक्षीय उद्बोधन में मथुरा के पूर्व पालिकाध्यक्ष वीरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि खांडवाला परिवार के बगीचे से शुरू हुआ कल्याणं करोति का समाज सेवा का बीज बीजारोपण बृहद वृक्ष बन रहा है। उसे हम सभी को सामर्थ्य के अनुसार सींचना है द। तभी गरीब को भी निःशुल्क इलाज मिल सकेगा। अतिथि वक्ताओं में कुल भूषण जैड प्रधानाचार्य विरला स्कूल, आशीष भाटिया प्रशासनिक अधिकारी ज्ञानदीप शिक्षा भारती, राकेश शर्मा चेयरमैन नवोदिता विद्या मंदिर इंटर कालेज, प्रो. नबाव सिंह, रिटायर्ड डिप्टी डायरेक्टर जल शक्ति मंत्रालय भारत सरकार बीएल शर्मा, सहायक निदेशक कार्यक्रम दूरदर्शन सत्यव्रत, कार्यक्रम अधिशासी आकाशवाणी ओ. पी. सिंह ने संस्थान के सेवा प्रकल्प की सराहना करते हुए शुभकामनाएं दीं। शंकरा फाउण्डेशन यूएसए की श्रीमती रूपा ने मरीजों के स्वास्थ्य लाभ की कामना की। उनके साथ कृष्ण गोपाल, श्याम एवं काव्या मौजूद रहे। सह सचिव मूलचंद गर्ग ने अतिथि सत्कार किया संचालन सह सचिव निरुपम भार्गव ने किया।

# वीर बाल दिवस, गुरु गोविंद सिंह के साहिबजादों का बलिदान याद करने के लिए समर्पित: हरीश गंगवार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी कार्यालय, रामपुर पर वीर बाल दिवस के अवसर पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजित गोष्ठी में रामपुर जनपद के सिख समाज से जुड़े नेता ने सहभागिता की, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप से जिला प्रभारी चौधरी राजा वर्मा और जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार उपस्थित रहे।

जिला अध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा, भारत में हर साल 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस मनाया जाता है। यह दिन सिखों के दसवें गुरु गुरु गोबिंद सिंह जी के छोटे साहिबजादों-जोरावर सिंह और बाबा फतेह सिंह के अद्वितीय बलिदान को याद करने के





लिए समर्पित है। गुरु गोबिंद सिंह जी के पुत्रों ने बहुत कम उम्र में धर्म, सच्चाई और मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर कर दिए थे उनका साहस आज भी देश को प्रेरणा देता है। हरीश ने कहा, गुरु गोबिंद सिंह जी सिख धर्म के महान गुरु थे। उन्होंने खालसा पंथ की स्थापना की और अन्याय के खिलाफ खड़े होने का संदेश दिया। उनके चार पुत्र थे- साहिबजादा अजित सिंह, साहिबजादा जुझार सिंह, साहिबजादा जोरावर सिंह और साहिबजादा फतेह सिंह, सन् 1705 के आसपास पंजाब में मुगल शासकों का अत्याचार बढ़ गया था। मुगल सेना गुरु गोबिंद सिंह जी को पकड़ना चाहती थी। इस कारण गुरु जी को अपने परिवार से अलग होना पड़ा। उनके दो बड़े पुत्र, साहिबजादा अजित सिंह और साहिबजादा जुझार सिंह, मुगल सेना से युद्ध करते हुए वीरगति को प्राप्त हुए। उस समय उनकी उम्र बहुत कम थी, लेकिन उनका साहस अद्भुत था। कार्यक्रम में सूर्य प्रकाश पाल, सुनीता सैनी, अभय गुप्ता, सुभाष भटनागर, अशोक बिश्नोई, रविंद्र सिंह रवि, सरदार सतनाम सिंह, मोहन लोधी, जगपाल यादव, अर्जुन रस्तोगी, सरदार विक्रम सिंह, शुभम सक्सेना, मोहित सैनी, सरदार जोगा सिंह संधू, सरदार परविंदर सिंह, सरदार तरनजीत सिंह ग्रोवर, सरदार तरसेम सिंह, सरदार निर्मल सिंह, सरदार लखविंदर सिंह, सरदार सोनू वृक, प्रदीप गुप्ता, महेंद्र सैनी, लक्ष्मी सैनी, पारुल अग्रवाल, आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## अवैध खनन पर सख्ती जनपद में रात्रिकालीन सघन चेकिंग अभियान लगातार जारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी के स्पष्ट निर्देशों के क्रम में जनपद में अवैध खनन, अवैध खनिज परिवहन तथा ओवरलोडिंग जैसी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा ठोस एवं कड़े कदम उठाए जा रहे हैं। जनपद में स्थापित कुल 09 चेक प्वाइंटों पर रात्रि 08:00 बजे से प्रात: 07:00 बजे तक अधिकारियों एवं कर्मचारियों की तैनात टीमों द्वारा निरन्तर एवं सघन चेकिंग अभियान संचालित किया जा रहा है। 25 दिसम्बर 2025 को रात्रिकालीन चेकिंग अभियान के अंतर्गत तहसील स्वार क्षेत्र में स्थित चेक पोस्ट मसवासी चौराहा, मानपुर तिराहा एवं हैप्पी पुलिया अजीतपुर रोड, स्वारऋ पर दो पालियों में गहन जांच की गई।

# मोबाइल और चेन लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश

■ पुलिस ने चार बदमाश किए गिरफ्तार



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नोएडा।** चोरी की मोटरसाइकिल से मोबाइल और चेन लूट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए सेक्टर-58 थाने की पुलिस ने सरगना समेत चार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। बदमाशों के पास से लूट के 22 मोबाइल और चोरी की दो मोटरसाइकिल बरामद हुई है। नोएडा के अलावा बदमाशों ने दिल्ली में भी लूट और चोरी की कई वारदात की है। डीसीपी नोएडा यमुना प्रसाद ने बताया कि बीते दिनों थानाक्षेत्र में मोबाइल लूट की एक घटना हुई थी। इसके बाद एसीपी स्वतंत्र सिंह की अगुवाई में वारदात करने वाले गिरोह के बदमाशों को दबोचने के लिए टीम बनाई गई।

टीम ने शुक्रवार को चेकिंग के दौरान दो बाइक पर सवार चार संदिग्धों को रोका और पूछताछ करनी शुरू कर दी। इस दौरान पता चला कि दोनों बाइक चोरी की है और चारों संदिग्ध शातिर चोर और लुटेरे हैं। बदमाशों की पहचान दिल्ली के गोकलपुरी निवासी शमीम और इनाम व गाजियाबाद निवासी साजिद और सिकंदर के रूप में हुई है। शमीम गिरोह का सरगना है और सबसे उम्रदराज है। उसकी उम्र 32 साल है। साजिद 29, सिकंदर उर्फ मुखिया 25 और इनाम 23 साल का है। सभी आरोपियों की गिरफ्तारी सेक्टर-62 के डी पार्क के पास से हुई है। बदमाशों के खिलाफ दिल्ली और नोएडा के अलग-अलग थानों में चार केस दर्ज होने की जानकारी मिली है। बरामद दोनों बाइक के संबंध में दिल्ली के उत्तमनगर और आंबेडकरनगर थाने में केस दर्ज है। दोनों ही बाइक बदमाशों ने इसी साल चोरी की है। गिरोह के सरगना ने अपने दो अन्य साथियों के बारे में भी पुलिस को जानकारी दी है।

**लूट के मोबाइल दिल्ली में बिक रहे:** पूछताछ में गिरोह के बदमाशों ने बताया कि वह दिल्ली-एनसीआर से बाइक चुराते हैं। उसी से मोबाइल और चेन लूट की वारदात करते हैं। सिकंदर और इनाम चोरी के मोबाइल के पार्ट निकालकर उसे करोलबाग दिल्ली में बेच देता है। इससे जो रकम आती है चारों आरोपी उसे आपस में बांट लेते हैं। बरामद मोबाइल बदमाशों ने दिल्ली, गाजियाबाद और नोएडा से लूटे हैं। चोरी की बाइक को बदल-बदल कर बदमाश वारदात करते हैं ताकि पुलिस उनको ट्रेस न कर सके। कई बार चोरी के मोबाइल को सस्ते दामों में राहगीरों को भी बेच दिया जाता है। वारदात का विरोध करने पर लोगों को डराने के लिए आरोपी अपने पास तमंचा और चाकू भी रखते हैं। हालांकि जिस समय आरोपियों की गिरफ्तारी हुई उनके पास कोई हथियार नहीं मिला।

**चार में से दो आरोपी दसवीं पास:** एडिशनल डीसीपी शैव्या गोयल ने बताया कि शमीम और साजिद ने हाईस्कूल तक की पढ़ाई की हुई है। इनाम नौवीं पास और सिकंदर अनपढ़ है। चारों बदमाश बीते दो साल से लूट और चोरी की वारदात कर रहे हैं। बदमाशों ने आगे यह भी बताया कि वह मौका पाकर दुकानों, घरों और पीजी से भी मोबाइल चोरी करते हैं। वारदात सुबह पांच से आठ बजे के बीच उस समय की जाती है जब ज्यादातर लोग गहरी नींद में होते हैं। अगर कोई उन्हें रोकता है तो आरोपी किराये का कमरा देखने की बात कहकर बच निकलते हैं। बदमाशों से चोरी का मोबाइल खरीदने वाले दुक. नदारों के बारे में भी पुलिस ब्यौरा जुटा रही है। अगर दुकानदारों की मामले में सीधी संलिप्तता मिली तो पुलिस उन्हें भी आरोपी बनाकर जेल भेजेगी।

**तीन से पांच हजार में बिकते हैं मोबाइल:** पूछताछ के दौरान पता चला कि जिस मोबाइल की कीमत बाजार में 25 से 30 हजार रुपये रहती है, उसे आरोपी महज तीन हजार रुपये में बेच देते हैं। 30 से 45 हजार रुपये तक के मोबाइल को पांच हजार रुपये में बेचा जाता है। अगर इन मोबाइलों के पुर्जे अलग करके बेचे जाते हैं तो कीमत ज्यादा मिलती है। हाल के दिनों में गिरोह के सरगना ने कुछ नए साथियों को अपने गैंग में शामिल किया है। पुलिस बदमाशों के बारे में यह पता कर रही है कि वे पहले जेल जा चुके हैं या नहीं। पुलिस बदमाशों के खिलाफ गैंगस्टर ऐक्ट के तहत भी कार्रवाई करने की योजना बना रही है।

# अब विदेश में पार्सल भेजना होगा आसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** अब विदेश में अपने प्रियजनों को पार्सल भेजना और भी आसान और तेज हो जाएगा। मुख्य डाकघर में जल्द ही एक हाई-टेक स्कैनर मशीन लगाई जाएगी, जो पार्सल की कस्टम क्लीयरेंस प्रक्रिया को मिनटों में पूरा कर देगी। यानी अब पैकेज भेजने वालों को लंबी कतारों और इंतजार की चिंता नहीं होगी।

विशेषज्ञों के अनुसार विभाग डाक सेवा को और आधुनिक बनाने की कोशिश के प्रयास में है। यह हाई-टेक स्कैनर मशीन पार्सल की जांच और कस्टम क्लीयरेंस को बेहद तेज कर देगी। इसके चलते पार्सल विदेशों तक जल्दी पहुंचेगा और लोगों को इंतजार नहीं करना पड़ेगा। नए साल में यह मशीन जनवरी के लास्ट तक लगने की उम्मीद है। इस नई तकनीक का सबसे बड़ा फायदा यह होगा कि पार्सल की ट्रैकिंग और सुरक्षा पहले से कहीं बेहतर होगी। हर पैकेज स्कैन होकर रिकार्ड में दर्ज होगा, जिससे खो जाने या गुम होने की संभावना कम हो जाएगी। साथ ही, यह पूरी प्रक्रिया डिजिटल होगी, जिससे मैनुअल चेकिंग की वजह से होने वाली देरी खत्म हो जाएगी। नोएडा जैसे बड़े शहरों में, जहां छात्र, व्यवसायी और घरेलू ग्राहक अक्सर विदेशों में पार्सल भेजते हैं, यह सुविधा बेहद मददगार साबित होगी। डाकघर अधिकारियों का कहना है कि इस हाई-टेक मशीन के आने के बाद न केवल पार्सल की डिलीवरी तेज होगी, बल्कि डाक सेवा का स्तर भी बढ़ेगा।

लोग अब डाकघर पर भरोसा और संतुष्टि दोनों महसूस करेंगे। यह कदम नोएडा में डाक व्यवस्था को और अधिक आधुनिक, विश्वसनीय और तेज बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

## नर्स का शव घर में फंदे से लटका मिला

**नोएडा।** नोएडा में एक नर्स का शव उसके घर में फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि मामला प्रथम दृष्टया आत्महत्या का प्रतीत होता है।

पुलिस के अनुसार, मृतका की पहचान सेक्टर-39 थाना क्षेत्र की खजूर कॉलोनी निवासी विद्या (22) के रूप में हुई है और वह सेक्टर-27 स्थित विनायक अस्पताल में नर्स के रूप में कार्यरत थी। थाना प्रभारी निरीक्षक डीपी शुक्ल ने बताया कि बृहस्पतिवार को विद्या का शव घर में पंखे से बंधे फंदे पर लटका मिला और घटना के समय घर पर कोई मौजूद नहीं था। उन्होंने बताया कि परिजनों के घर पहुंचने पर उन्हें घटना का पता चला, जिसके बाद उन्होंने पुलिस को सूचित किया। थाना प्रभारी ने कहा कि आत्महत्या के कारणों का अभी पता नहीं चल सका है। मामला दर्ज कर जांच जारी है।

# जिला अस्पताल पहुंची विशेष सचिव स्वास्थ्य

■ रजिस्ट्रेशन काउंटर बढ़ाने के निर्देश, मरीजों के लिए तैनात किए जाए वॉलंटियर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** जिला अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और व्यवस्थाओं की जमीनी हकीकत परखने के लिए विशेष सचिव स्वास्थ्य आर्यिका अखौरी ने सोमवार को जिला अस्पताल का अचानक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल परिसर में मौजूद विभिन्न व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और मरीजों व उनके तीमारदारों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं। निरीक्षण के दौरान बड़ी संख्या में लोगों ने विशेष सचिव को अपनी शिकायतें भी दर्ज कराईं।

निरीक्षण के क्रम में विशेष सचिव ने ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर, ऑफलाइन रजिस्ट्रेशन काउंटर, मेडिकल स्टोर रूम समेत अन्य महत्वपूर्ण विभागों का निरीक्षण किया। इस दौरान सबसे प्रमुख शिकायत रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया में हो रही देरी को लेकर सामने आई। मरीजों ने बताया कि सुबह से ही लंबी कतारें लग जाती हैं और रजिस्ट्रेशन में काफी समय लगने के कारण उन्हें डॉक्टर को दिखाने में परेशानी होती है।

**3 से 4 हजार मरीज आते है रोजाना:** जिला अस्पताल की ओपीडी में रोजाना लगभग 3 से 4 हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं। इनमें से करीब 88 प्रतिशत रजिस्ट्रेशन ऑनलाइन माध्यम से हो रहे हैं। इसके बावजूद ग्राउंड लेवल पर व्यवस्थाओं में कमी के कारण लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर नाराजगी जाहिर करते हुए विशेष सचिव आर्यिका अखौरी ने रजिस्ट्रेशन काउंटरों की संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए, ताकि मरीजों को लंबा इंतजार न करना पड़े।

**स्कैन एवं शेयर काउंटर बढ़ाए जाए:** इसके साथ ही उन्होंने स्कैन एवं शेयर काउंटरों की संख्या बढ़ाने के भी निर्देश दिए, जिससे डिजिटल प्रक्रिया को और सुचारु बनाया जा सके। विशेष सचिव ने कहा कि सरकार का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटल और पारदर्शी बनाना है, लेकिन इसका लाभ तभी मिलेगा जब मरीजों को मौके पर उचित मार्गदर्शन और सहायता मिले।

**वॉलंटियर तैनात किए जाए:** निरीक्षण के दौरान विशेष सचिव ने अस्पताल प्रशासन को यह भी निर्देश दिए कि पब्लिक की मदद और सहयोग के लिए वॉलंटियर तैनात किए जाएं।

ये वॉलंटियर मरीजों को रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया, ओपीडी कक्ष, जांच काउंटर और दवाइयों की जानकारी देने में मदद करेंगे, जिससे भीड़ और अव्यवस्था पर नियंत्रण पाया जा सके। विशेष सचिव आर्यिका अखौरी ने स्पष्ट कहा कि मरीजों की सुविधा सर्वोपरि है और इसमें किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## एक नजर

### वैष्णो देवी दर्शन के लिए गए, फ्लैट में हो गई चोरी

**नोएडा (शाह टाइम्स)।** माता वैष्णो देवी का दर्शन करने उनके दर पर गए व्यक्ति के फ्लैट का ताला तोड़कर चोर नकदी और गहने समेत अन्य सामान चोरी कर फरार हो गए। मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारी ने कॉल कर पीड़ित को घटना की जानकारी दी। थाने में दी शिकायत में सेक्टर-119 स्थित आम्रपाली प्लेटिनम सोसाइटी निवासी कमल किशोर ने बताया कि 23 नवंबर को वह माता वैष्णो देवी का दर्शन करने के लिए गए थे। तीस नवंबर को उन्हें लौटना था। इसी दौरान 28 नवंबर को मेंटेनेंस विभाग के कर्मचारी ने कमल के पास कर बताया कि उनके फ्लैट का दरवाजा टूटा हुआ है।

करीबियों के मदद से जब फ्लैट के अंदर जाकर देखा गया तो 92 हजार रुपये की नकदी, 11 सोने की अंगूठी, तीन सोने के सिक्के और चांदी के बर्तन गायब थे। सातवीं मंजिल पर ही रहने वाली कमल किशोर की पड़ोसी ने घटना की सूचना डॉयल 112 पर दी। पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और मौका मुआयना कर चले गए। चोरों की पहचान के लिए सेक्टर-113 थाने की पुलिस सोसाइटी के अंदर और बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाल रही है। सोसाइटी के लोगों ने सिक्योरिटी गार्ड की भूमिका भी इस मामले में संदिग्ध बताई है।

### 31एकड़ क्षेत्र में घने वन विकसित

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** वायु प्रदूषण के बढ़ते स्तर को कम करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने मियावाकी पद्धति पर घने वन विकसित करने का काम तेज कर दिया है। अब तक अलग-अलग स्थानों पर 31.13 एकड़ में घने वन विकसित किए जा चुके हैं। चार लाख से अधिक पौधे लगाए गए हैं। आगामी मानसून सत्र के लिए भी योजना बनाई जा रही है। इसके लिए जगह चिन्हित की जा रही है।

प्राधिकरण के उद्यान विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक मियावाकी पद्धति से चार स्थानों पर कम दूरी में अधिक से अधिक पौधे लगाकर घने वन विकसित किए गए हैं। इसमें एनजीओ की मदद ली जा रही है। बता दें कि सूरजपुर स्थित कलेक्ट्रेट परिसर में पहले ही मियावाकी वन विकसित किया जा चुका है। दरअसल बढ़ते प्रदूषण को देखते हुए प्राधिकरण ने हरियाली बढ़ाने की विस्तृत योजना तैयार की है। सामान्य तरीके से पौधरोपण करने के साथ मियावाकी पद्धति से भी प्रमुख स्थानों पर घने वन विकसित किए जाएंगे। इस पद्धति के तहत सीमित जगह में ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाए जाते हैं। अधिकारी के मुता. बिक इस पद्धति से तैयार वन इतने घने होते हैं कि सूर्य की रोशनी नीचे नहीं आ पाती। उद्यान विभाग के सहायक निदेशक बुद्ध विलास ने बताया कि हरित क्षेत्र (ग्रीन बेल्ट) व खाली पड़ी जगह पर मियावाकी वन विकसित किए जा रहे हैं। क्षेत्र के खानपुर गांव, सेक्टर पी-3, सेक्टर-16 और जुनपत गांव के पास एक बड़े क्षेत्रफल में पौधरोपण का काम किया गया है। पर्यावरण संरक्षण की इस पहल के तहत लगभग 15 स्थानों पर मियावाकी वन विकसित किए जाने का प्रस्ताव तैयार किया गया है। आगामी मानसून सत्र में नए स्थानों पर घने वन विकसित किए जाएंगे। इस काम के लिए कई एनजीओ आगे आए हैं।

**ये है मियावाकी पद्धति:** वनों के विकसित करने का एक तरीका है। इस पद्धति के तहत सीमित जगह में कई पौधों को लगाया जाता है। एक मीटर में कम से कम 3 पौधे लगाए जाते हैं। इस तरह एक घना वन बनकर तैयार हो जाता है। इस पद्धति का अविष्कार जापानी वनस्पतिशास्त्री डॉ॰ अकीरा मियावाकी ने किया था। इससे जलवायु परिवर्तन से निपटने में मदद मिलती है। खास बात यह है कि ये वन शोर और धूल को कम करते हैं।

### किसान पाठशाला आयोजित कर कृषकों को किया जागरूक

**ग्रेटर नोएडा (शाह टाइम्स)।** उप कृषि निदेशक गौतमबुद्धनगर राजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि किसानों तक कृषि की नवीनतम एवं तकनीकी जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद की 54 ग्राम पंचायतों में किसान पाठशालाओं का नियमित संचालन किया जा रहा है। इसी क्रम में ग्राम बांजरपुर विकास खंड जेवर में कृषि विभाग द्वारा किसान पाठशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त कृषि निदेशक (गुणवत्ता नियंत्रण) उत्तर प्रदेश कृषि भवन लखनऊ डा वाई पी सिंह ने नोडल अधिकारी के रूप में प्रतिभाग किया। उन्होंने किसानों को मृदा परीक्षण कराकर संस्तुत मात्रा में उर्वरकों के प्रयोग, सिंचाई में आवश्यकता अनुसार जल उपयोग तथा खेत की मिट्टी एवं समय के अनुरूप नवीनतम प्रजातियों का चयन कर अधिकतम उत्पादन प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने फसल चक्र में परिवर्तन करते हुए तिलहन, दलहन, फल एवं सब्जियों को सम्मिलित कर सहफसली एवं मिश्रित खेती अपनाने का सुझाव दिया।

उप कृषि निदेशक द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती के महत्व से अवगत कराते हुए इसके लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। उन्होंने विभाग की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के लिए फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से कराने का भी आह्वान किया।

# साहब, मेरी बीवी और उसके प्रेमी से बचाओ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**यमुना सिटी।** दनकौर कोतवाली क्षेत्र के एक गांव के रहने वाले ऑटो चालक ने कोतवाली पहुंचकर अपनी पत्नी और उसके प्रेमी से अपनी जान को खतरा बताया है। आरोप है कि उसकी पत्नी का प्रेमी आए दिन फोन करके जान से मारने की धमकी दे रहा है। डर के कारण कई दिनों से ऑटो भी नहीं चला पा रहा है।

ऑटो चालक ने लिखित शिकायत देकर दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। कोतवाली क्षेत्र निवासी ऑटो चालक ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि वह दनकौर में ऑटो चलाकर अपने बच्चों का पालन पोषण करता है। करीब 17 वर्ष पहले शादी हुई है। दंपती के पांच बच्चे हैं। उसकी पत्नी ग्रेटर नोएडा स्थित एक कंपनी में कई वर्ष से नौकरी करती थी। आरोप है कि पत्नी का रबूपुरा निवासी एक व्यक्ति से प्रेम प्रसंग है। कुछ महीने पहले मामले की जानकारी हुई तो पत्नी को नौकरी पर जाने से रोक दिया।

इसी बात को लेकर पत्नी और उसका प्रेमी उसकी हत्या करना चाह रहे हैं। ऑटो चालक ने रोते हुए पुलिसकर्मी से गुहार लगाई है कि साहब मुझे मेरी बीवी और उसके प्रेमी से बचा लो। कोतवाली प्रभारी मुनेंद्र सिंह का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

## बाल विवाह रोकथाम की ली शपथ

**नोएडा।** वीर बाल दिवस के पावन अवसर पर 26 दिसम्बर 2025 को जनपद गौतम बुद्ध नगर के विभिन्न शैक्षणिक एवं सामाजिक संस्थानों में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हो. शियारपुर, सेक्टर-51 नोएडा, राजकीय बालिका गृह सेक्टर-62 नोएडा, समस्त राजकीय एवं स्वैच्छिक संस्थाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों, तथा निजी एवं राजकीय विद्यालयों में माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का प्रेरणादायी संबोधन सजीव प्रसारण के माध्यम से सुना गया। प्रधानमंत्री जी ने अपने संबोधन में वीर साहिबजादों के अदम्य साहस, बलिदान एवं राष्ट्रभक्ति से प्रेरणा लेने का संदेश दिया तथा बच्चों एवं युवाओं को देश के उज्ज्वल भविष्य का आधार बताया।

# किराये पर थार लेकर दोस्त से मिलने निकला नाबालिग, तीन वाहन ठोके

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** सेक्टर-24 स्थित ईएसआईसी अस्पताल के सामने बृहस्पतिवार दोपहर बाद नाबालिग ने थार गाड़ी दौड़ाकर उत्पात मचा दिया। पहले बैक करने के दौरान बुलेट बाइक को तेज टक्कर मार दी। इसके बाद थार आगे दौड़ाई तो दो और बाइक को तेज टक्कर मारी। फिर अनियंत्रित होकर थार डिवाइडर से टकराकर रुक गई।

पुलिस के मुताबिक, थार में चालक किशोर व उसका दोस्त था। दोनों को निगरानी में लिया गया है। थार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल हुए हैं। थार किसकी है इस सवाल पर पुलिस का कहना है कि एक किशोर दिल्ली के कोंडली का निवासी है, वह इसे किराये पर लेकर नोएडा स्थित अपने दोस्त से मिलने आया था। नोएडा निवासी दोस्त व उसके पारिवारिक पृष्ठभूमि की जानकारी देर शाम तक थाना प्रभारी सेक्टर-24 ने होने से इंकार किया।

पुलिस के मुताबिक, एक किशोर दिल्ली के कोंडली का निवासी है। इसके पिता इंटीरियर का काम करते हैं। बृहस्पतिवार दोपहर यह अपने घर से निकला था लेकिन लौटा नहीं। इसके बाद से परिवार ने देर शाम तलाश शुरू की। इस दौरान इसने घर या कहीं से रुपये हासिल कर वहीं से थार किराये पर ली। ये थार लेकर नोएडा अपने दोस्त से मिलने आया था। उसी दोस्त के साथ आ रहा था। सेक्टर-22 के सामने किशोर ने अपने परिजनों को सामने आते देखा, तो घबरा गया। घबराहट में उसने गाड़ी को तेजी से बैक किया, जिससे बुलेट बाइक को टक्कर मार दी। फिर आगे भगाया तो दो और बाइक को तेज टक्कर मार दी, जिसके बाद थार डिवाइडर से जाकर टकराई। थाना प्रभारी सुबोध कुमार ने बताया कि हादसे में दो बाइक सवार घायल हुए हैं। इनके नाम पवन कुमार व सुमित हैं। दोनों का निजी अस्पताल में इलाज हुआ है और हालत खतरे से बाहर है। थार की टक्कर से दोपहिया वाहन क्षतिग्रस्त हुए हैं। निगरानी में लिए गए दोनों किशोर से और जानकारी ली जाएगी। घटना में प्राथमिकी भी दर्ज की गई है।

# ग्रेनो से फरीदाबाद तक की राह होगी आसान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** 36 साल के लंबे इंतजार के बाद हरियाणा के फरीदाबाद व उत्तर प्रदेश के गौतमबुद्ध नगर को जोड़ने वाले मंझावली पुल के लिए संपर्क मार्ग का शुक्रवार को शिलान्यास हुआ। 66 करोड़ की लागत से मार्ग का निर्माण होगा। गौतमबुद्ध नगर के जगनपुर गांव में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच सांसद डा. महेश शर्मा, राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर, हरियाणा सरकार के मंत्री राजेश नागर, जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष अभिषेक शर्मा ने शिलान्यास किया। मार्ग का नाम पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के नाम पर रखने की घोषणा हुई। कार्यक्रम का संचालन जगनपुर के प्रधान श्रीनिवास व सुल्तान नागर ने किया।

सांसद महेश शर्मा ने अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग के लिए जमीन देने वाले किसानों की सराहना करते हुए कहा कि नोएडा एयरपोर्ट, फिल्मसिटी के बाद अब अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग के निर्माण में किसानों ने अहम योगदान दिया है। किसानों के सहयोग के कारण ही जेवर क्षेत्र का तेजी से विकास संभव हुआ है। उन्होंने किसानों को आश्वस्त करते हुए कहा कि भाजपा सरकार किसानों के हितों के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यसभा सदस्य सुरेंद्र नागर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में दोनों राज्यों को जोड़ने के लिए यह मार्ग बनकर तैयार होगा। इसके बनने से हरियाणा और उत्तर प्रदेश के लोगों को आने जाने और व्यापार में आसानी होगी। जेवर विधानसभा क्षेत्र बहुत पिछड़ा हुआ था, 2017 में राज्य में भाजपा सरकार बनने के बाद यह क्षेत्र देश और दुनिया में अलग पहचान बना चुका है। उन्होंने कहा कि नोएडा और ग्रेटर नोएडा के किसानों की मुआवजे की मांग को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मिले हैं, उन्होंने मांग को जल्द ही पूरा करने का आश्वासन दिया है। हरियाणा के मंत्री राजेश नागर ने कहा कि हरियाणा की सीमा से यूपी में शाम छह बजे के बाद आने से लोग कतराते थे।

यहां कानून व्यवस्था बेहद खराब थी, लेकिन भाजपा सरकार आने के बाद लोग निडर होकर किसी भी समय आ जा सकते हैं। दोनों राज्यों की सीमाओं को जोड़ने वाला यह मार्ग विकास में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि गुरुग्राम की तरह जेवर क्षेत्र भी जल्द ही विकसित होने वाला है। जेवर विधायक धीरेंद्र सिंह ने कहा कि मंझावली पुल से होते हुए उत्तर प्रदेश और हरियाणा को जोड़ने वाले मार्ग का नाम देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी मार्ग होगा। उन्होंने पोखरण में परमाणु शक्ति का परीक्षण कर पूरी दुनिया को भारत की ताकत का एहसास कराया और पाकिस्तान के लाहौर के लिए बस सेवा शुरू कर शांति का भी संदेश दिया। इस अवसर पर भाजपा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कांता कर्दम, विजय भाटी, पवन खटाना समेत गौतमबुद्ध नगर व हरियाणा के लोग बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

**केंद्रीय मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर ने निभाई अहम भूमिका:** फरीदाबाद और ग्रेटर नोएडा को जोड़ने के लिए मंझावली पुल का शिलान्यास 36 साल पहले हुआ था, लेकिन यह परियोजना इसके आगे नहीं बढ़ी। 2014 में केंद्र में भाजपा सरकार बनने और फरीदाबाद से सांसद कृष्णपाल गुर्जर के केंद्रीय मंत्री बनने के बाद उन्होंने परियोजना को आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभाई। उनके प्रयासों के बाद ही पुल का निर्माण और हरियाणा क्षेत्र में सड़क का निर्माण पूरा हुआ। गौतमबुद्ध नगर के हिस्से में सड़क निर्माण जमीन अधिग्रहण न हो पाने के कारण विलंब हो गया।

## गंगा-यमुना लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण नए साल में होगा शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नोएडा।** गंगा एक्सप्रेसवे को यमुना एक्सप्रेसवे से जोड़ने के लिए प्रस्तावित लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण नए साल में शुरू होगा। यमुना प्राधिकरण ने लिंक एक्सप्रेसवे की जमीन के मुआवजे के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) को 1240 करोड़ रुपये की मांग भेजी है। यीडा क्षेत्र में लिंक एक्सप्रेसवे के लिए 20,850 एकड़ जमीन क्रय होगी।

गंगा एक्सप्रेसवे से नोएडा एयरपोर्ट की कनेक्टिविटी के लिए यूपीडा ने लिंक एक्सप्रेसवे परियोजना तैयार की है। गंगा एक्सप्रेसवे के 44 किमी माइल स्टेशन से लिंक एक्सप्रेसवे शुरू होगा। बुलंदशहर के विभिन्न गांवों से गुजरते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पर फिल्म सिटी के नजदीक जुड़ेगा। इसकी कुल लंबाई 73 किमी है। यीडा क्षेत्र में 17 किमी लंबाई होगी। इसमें आठ किमी हिस्सा भूतल पर होगा, शेष नौ किमी हिस्सा जमीन से ऊंचाई पर होगा, ताकि लिंक एक्सप्रेसवे के रास्ते में आने वाली सड़कों के अंडरपास व रेल लाइन के लिए आरओबी बनाए जाएंगे।

**सड़क की चौड़ाई 130 मीटर चौड़ी होगी:** सड़क के लिए जमीन क्रय का काम यीडा करेगा। प्राधिकरण सीईओ राकेश कुमार सिंह का कहना है कि जमीन क्रय पर 1240 करोड़ रुपये खर्च होंगे। निर्माण लागत यूपीडा वहन करेगा। यीडा ने जमीन क्रय के लिए यूपीडा को 1240 करोड़ रुपये की मांग भेज दी है। लिंक एक्सप्रेसवे की कुल चौड़ाई 130 मीटर होगी। इसमें मुख्य मार्ग की चौड़ाई 80 मीटर होगी। इसके दोनों ओर 25-25 मीटर चौड़ी तीन लेन सर्विस रोड बनाई जाएगी। सर्विस रोड से यीडा के सेक्टरों की कनेक्टिविटी होगी।

# पैदल जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने कुचला, मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** सूरजपुर कोतवाली क्षेत्र में दुर्गा गोल चक्कर के समीप एक अज्ञात वाहन ने पैदल जा रहे युवक को कुचल दिया। हादसे में युवक की घटना स्थल पर दर्दनाक मौत हो गई। युवक के पिता ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज करवाया है। मूलरूप से बिहार के औरंगाबाद जिले का रहने वाला 29 वर्षीय मुन्ना कुमार सूरजपुर कस्बे में किराए के मकान में रहता था। पुलिस के मुताबिक मुन्ना कुमार ईकोटेक दो स्थित एक कंपनी में नौकरी करता था। मुन्ना मंगलवार को कंपनी से ड्यूटी कर अपने कमरे पर लौट रहा था। दुर्गा गोल चक्कर के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी।

हादसे में गंभीर रूप से घायल मुन्ना को अस्पताल ले जा गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अब इस मामले में मुन्ना के पिता महेंद्र कुमार ने अज्ञात वाहन चालक पर मुक. दमा दर्ज करवाया है। सूरजपुर कोतवाली प्रभारी का कहना है कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस वाहन और चालक के बारे में जानकारी जुटा रही है। आरोपी चालक को गिरफ्तार कर कार्यवाही की जाएगी।

# छापेमारी एवं विशेष अभियान चलाकर खाद्य पदार्थों की जाए सैंपलिंग : डीएम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**ग्रेटर नोएडा।** जिलाधिकारी मेधा रूपम की अध्यक्षता में आज कार्यालय कक्ष में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य जनपदवा. सियों को शुद्ध, सुरक्षित एवं गुणवत्तापूर्ण खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराना तथा खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के प्रावधानों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करना रहा। बैठक में सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय सर्वेश कुमार मिश्रा एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी वीरेंद्र द्विवेदी द्वारा हाल के दिनों में खाद्य सुरक्षा को लेकर की गई प्रवर्तन कार्यवाहियों की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की गई।

बैठक में जिलाधिकारी द्वारा अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि आगामी त्योहारों को दृष्टिगत रखते हुए जनपद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाकर खाद्य एवं पेय पदार्थों की सघन सैंपलिंग की जाए, ताकि मिलावट करने वालों को रोका जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि प्रयोगशाला जांच में किसी भी नमूने में मिलावट की पुष्टि होती है तो संबंधित प्रतिष्ठान के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई करते हुए जुर्माना एवं अन्य दंडात्मक प्रावधान तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं।

जिलाधिकारी ने खाद्य सुरक्षा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनपद में संचालित सभी खाद्य प्रतिष्ठानों, रेस्टोरेंट, ढाबों, स्कूलों, कॉलेजों एवं छात्रावासों की कैंटीनों का नियमित एवं आकस्मिक निरीक्षण सुनिश्चित किया जाए, ताकि आमजन को मानकों के अनुरूप स्वच्छ एवं सुरक्षित खाद्य सामग्री ही उपलब्ध हो सके।

इसके साथ ही जिलाधिकारी ने फूड फोर्टिफिकेशन, रीयूज्ड कुकिंग ऑयल के सुरक्षित निस्तारण तथा शुद्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों के उपयोग से संबंधित विषयों पर विस्तृत एडवाइजरी तैयार कर उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए, जिससे आमजन में जागरूकता बढ़ाई जा सके।

बैठक में औषधि निरीक्षक द्वारा जनपद में मानकों के अनुरूप दवाइयों की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु की गई कार्यवाहियों की जानकारी दी गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि मेडिकल स्टोर्स, दवा निर्माण इकाइयों एवं कॉस्मेटिक उत्पादों की व्यापक स्तर पर औचक जांच की जाए, ताकि नकली, अमानक अथवा एक्सपायर्ड दवाइयों की बिक्री पर सख्ती से रोक लगाई जा सके।

जिलाधिकारी ने खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन प्रतिष्ठानों पर जुर्माना लगाए जाने की कार्रवाई की गई है, उनके विरुद्ध निर्धारित समय-सीमा के भीतर आरसी जारी करते हुए वसूली की कार्रवाई अनिवार्य रूप से समय से पूरी कराई जाये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए पूर्ण सक्रियता और जिम्मेदारी के साथ कार्य करें, ताकि जनपदवासियों को मानकों के अनुरूप शुद्ध खाद्य, पेय पदार्थ एवं सुरक्षित औषधियां उपलब्ध कराई जा सकें।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अतुल कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक प्रियंका, एडीसीपी हेडक्वार्टर कल्पना गुप्ता, जिला आबकारी अधिकारी सुबोध कुमार, जिला कृषि अधिकारी विवेक दुबे, पूर्ति निरीक्षक रजनी, स्वास्थ्य विभाग, खाद्य सुरक्षा अधिकारी सैयद अब्दुल्ला, विजय बहादुर, मुकेश कुमार, विशाल गुप्ता, मालती सिंह, अमर बहादुर सिंह, रितु सक्सैना, आर0एन0 वर्मा सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**शाह टाइम्स**

आपके लोकप्रिय अखबार दैनिक शाह टाइम्स में विज्ञापन एवं समाचारों के लिए संपर्क करें।

**प्रवेश सिंह दतानियां**

जिला प्रभारी गौतमबुध नगर/खोड़ा

ए-37, सेक्टर-10, नोएडा, जनपद गौतमबुध नगर

9810967541, 8920145356

Email : parveshnoida@gmail.com

**खबरें छुपाता नहीं, छापता है**

# आपात स्थिति में आने वाले मरीज उपचार से वंचित न रहें:डीएम

## डीएम ने की जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक, जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए जाने में ना हो कोई लापरवाही

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिलाधिकारी अस्मिता लाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति एवं शासी निकाय की बैठक आयोजित हुई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आपात स्थिति में आने वाले किसी भी मरीज को आधार कार्ड या अन्य दस्तावेज के अभाव में उपचार से वंचित न किया जाए। सभी को समय से उपचार उपलब्ध कराना अनिवार्य है।

जिलाधिकारी ने जनपद में जगह-जगह मानसिक स्वास्थ्य कैम्प आयोजित करने के निर्देश दिए उन्होंने निर्देश दिए कि जिस तरीके से बागपत और बड़ौत में कार्य पूर्ण हो गया है। अन्य विकास करो में भी इस कार्य में गति लाई जाए। उन्होंने कहा कि 70 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्तियों तथा पेंशनधारकों के स्कूल में पढ़ने वाले अध्यापकों के माता-पिता के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएं और कोई भी पात्र व्यक्ति वंचित न रहे। आशा कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर स्वास्थ्य सेवाओं के प्रति जागरूक करने और उनका लंबित भुगतान तत्काल करने के आदेश दिए गए। जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत लाभार्थियों को नि:शुल्क भोजन उपलब्ध कराने तथा प्रसूता को 48 घंटे तक साम. ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर रुकवाकर देखभाल सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कुपोषित ,अति कुपोषित बच्चों को एसएनसीयू वार्ड में भर्ती कर विशेष देखभाल करने और परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत पुरुष व महिला नसबंदी को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। राष्ट्रीय अंधता निवारण कार्यक्रम के अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए और उन्होंने निर्देश दिए कि कोषागार कलेक्ट्रेट में कैंप लगाया जाए। जिलाधिकारी ने




विकासखंड बागपत की सभी ग्राम पंचायतों में सरकारी भवनों पर कैंप लगाने के निर्देश दिए। चिन्हित विरा. ेधी परिवारों के बच्चों का शत-प्रतिशत टीकाकरण करने और बुखार के मामलों में अनिवार्य रूप से टेस्ट कराकर ही दवा देने को कहा। उन्होंने जनित रोग नियंत्रण, मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रमों एवं जन-जागरूकता अभियानों को और प्रभावी ढंग से संचालित करने पर बल दिया। पोस्टमार्टम हाउस की समीक्षा के दौरान उन्होंने सीसीटीवी कैमरे, प्रकाश व्यवस्था एवं रोस्टर अनुसार डयूटी की सुनिश्चितता के निर्देश दिए उन्होंने निर्देश दिए कि जो पूर्व में कार्य बताए गए हैं वह पूर्ण हो जाने चाहिए। उन्होंने परिवार नियोजित संबंधित संबंधित कार्यो का प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए जिलाधिकारी ने यह भी निर्देश दिए कि जो डायग्नोस्टिक सेंटर अवैध रूप से चलने उन पर प्रभावी कार्यवाही मिक करें अल्ट्रासाउंड में जहां कमियां है। उन पर कार्यवाही की जाए कोई भी अल्ट्रासाउंड सेंटर जनपद में अवैध रूप से नहीं चलेगा सभी मानकों को पूर्ण करना होगा। जन्म पंजीकरण का लक्ष्य के सापेक्ष 106 प्रतिशत पर भजन पर बात पर है जिस पर संतोषजनक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र में किसी भी तरह की कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। समय से तत्परता से बने जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र और टीका उत्सव के रूप में मनाया जाए। जिलाधिकारी नहीं है अभी निर्देश दिए की स्वास्थ्य केंटो पर बेडशीट प्रतिदिन रोस्टर के अनुसार लगाई जाए और कंबल साफ सुथरा रखें जाए। इसमें कोई भी लापरवाही प्रत्यय नहीं की जाएगी और प्रेशर कक्षा में हीटर गीजर आदि लगवाए जाने के निर्देश दिए जिससे कि मरीजों को किसी भी तरह की कोई समस्या ना हो। सीआरएस पोर्टल पर जन्म पंजीकरण के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए कि इसमें कोई लापरवाही ना हो। जो मरीज को अस्पताल में खाना दिया जाता उसकी समय समय पर खाद सुरक्षा अधिकारी गुणवत्ता की जांच अवश्य करें। अंत में जिलाधिकारी ने कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सरकारी अस्पताल या आवासीय परिसर की बिल्डिंग जर्जर अवस्था में है तो पीडी ऐसे विभागों का सत्यापन कर रिपोर्ट उपलब्ध कराये। सभी मरीजों और उनके परिजनों के साथ संवेदनशील व्यवहार रखते हुए गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध कराई जाएं। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र शुक्ल,मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल ,डिप्टी सीएमओ डा.यशवीर सहित अन्य अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

# पिछले 10 वर्षो से बंद पड़ी पानी की टंकी, गांववासी परेशान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** डोलचा गांव में पीने के पानी की टंकी पिछले 10 वर्षों से बंद पड़ी है। इससे ग्रामीणों को स्वच्छ और पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है, जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गांव में गंदगी की समस्या भी बनी हुई है। कई शिकायतों के बावजूद समाधान न होने पर समा. जसेवी दौलतराम ने इस मामले में कार्रवाई की मांग की है।

ग्रामीणों के अनुसार, पानी की टंकी के आसपास गोबर डाला जा रहा है, जिससे गंदगी और बढ़ रही है। पानी की आपूर्ति ठप होने से ग्रामीण दूषित पानी पीने को मजबूर हैं या दूर से पानी लाने को विवश हैं। समाजसेवी दौलतराम ने बताया कि इस पानी की टंकी का निर्माण जल निगम द्वारा 2014 में करोड़ों रुपये की लागत से कराया गया था। हालांकि, निर्माण के बाद से यह टंकी कभी ठीक से चालू नहीं हो पाई। दौलतराम ने आरोप लगाया कि वर्तमान ग्राम प्रधान के कार्यकाल में भी टंकी चालू नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि ग्राम प्रधान लीकेज का बहाना बनाकर ग्रामीणों को गुम. राह करते हैं। गांव में सफाई व्यवस्था भी संतोषजनक नहीं है। समाजसेवी ने अधिकारियों से इस समस्या का तत्काल समाधान करने की मांग की है।

# हिडंन नदी का जलस्तर बढने से सैकड़ों बीघा फसल जलमग्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रटौल।** हिडंन नदी का जलस्तर बढने से हरसिया गांव मे खेतो मे पानी भरने से सैकडो बीघा फसल को भारी नुकसान पहुंचा है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से फसल का मुआवजा दिलाने की मांग की है।

हिडंन नदी का अचानक जलस्तर बढने से हरसिया गांव मे फसलो में पानी भरने से किसानो को नुकसान हुआ है। हरसिया गांव में जग्गा की 35 बीघा सरसो विपिन के सात बीधा गैंहू, देवक का दस बीघा गन्ना, मुकेश का आठ बीघा सरसो, सुनील का आठ बीघा गन्ना, अनिल का आठ बीघा गन्ना, आशीष के दस बीघा गैहूं, मुकेश के चालीस बीघा गैहूं, योगेश के तीस बीघा गैहूं, नानक के पांच बीघा गैहूं, अर्जुन के 26 बीघा गैहूं, बेदी के दस बीघा गैहूं, राजबीर के दस बीघा गैहूं, सरसो, रामबीर की 10 बीघा सरसो, महक के पांच बीघा गैहूं, सुरेश के दस बीघा गैहूं, धर्मदास के 60 बीघा गन्ना सरसो,तिलकराम के आठ बीघा गैहूं, शीशपाल के 27 बीघा गैहूं सरसो,सूरजभान के 10 बीघा गैहूं सरसो कीफसल में पानी भरने से किसानो को नुकसान पहुंचा है। किसानो ने उच्च अधिकारियों से मुआवजा दिलाने की मांग की है।



# पूर्व प्रधानमंत्री के जन्मदिवस पर भाजपाइयों ने चलाया सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमीनगरसराय।** भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने अटल स्मृति समारोह कार्यक्रम के अन्तर्गत मन्दिरों में साफ-सफाई कर भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री पण्डित अटल बिहारी के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

अमिनगर सराय में भाजपाइयों ने भाजपा नेता अमित बंसल के प्रतिष्ठान बंसल इलेक्ट्रॉनिक एवं फर्नीचर शोरूम पर अटल के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। उनके द्वारा किये गये जनकल्याणकारी कार्यो को याद करते हुए पूर मंडल अध्यक्ष संजय उपाध्याय ने कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को साथ लेकर चलने वाले पूर्व पीएम अटल बिहारी वाजपेई का जन्मोत्सव हम सभी कार्यकर्ता उत्सव की तरह मनाते हैं। अटल जी सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करते थे। वरिष्ठ भाजपा नेता अमित बंसल ने कहा कि सरल स्वभाव के धनी अटल का सम्मान विपक्ष के सभी नेता करते थें। इस दौरान संजीव विश्वकर्मा, अजय पाल. ीवाल, संजय गर्ग, अमित बंसल, श्याम सुंदर गर्ग, सचिन कुमार, रुद्र बंसल, अमित गुप्ता आदि मौजूद रहे।



## एक नजर

### नामिनी से आसान हुआ मृत्यु दावा निपटान, परिजन को मिला एक लाख का संबल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को आकस्मिक परिस्थितियों में समय पर बैंकिंग सहायता किसी परिवार के लिए बड़ा संबल बन सकती है। इसका उदाहरण तब देखने को मिला जब देवनागरी इंटर कॉलेज के कर्मचारी रहे स्वर्गीय संजीव के निधन के बाद उनकी धर्मपत्नी को केनरा बैंक द्वारा मृत्यु दावा लाभ की राशि उपलब्ध कराई गई। केनरा बैंक क्षेत्रीय कार्यालय बागपत के क्षोत्रीय प्रमुख मिन्हाजुल क़मर एवं मंडल प्रबंधक प्रतीक श्रीवास्तव ने केनरा प्रीमियम पेरोल योजना के अंतर्गत स्वर्गीय संजीव की धर्मपत्नी एवं नॉमिनी सुमन, निवासी ग्राम सांकलपट्टी, पोस्ट खटा प्रहलादपुर, जनपद बागपत को एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। अधिकारियों ने बताया कि खाताधारक द्वारा समय रहते नामिनी दर्ज कराने के कारण दावा निपटान में कोई बाधा नहीं आई और परिवार को तत्काल राहत मिल सकी। इस अवसर पर अधिकारियों ने इसे सभी खाताधारकों के लिए एक सीख बताते हुए कहा कि बैंक खाते, बीमा व पेरोल योजनाओं में नामिनी की जानकारी अवश्य दर्ज करानी चाहिए, ताकि किसी अप्रत्याशित स्थिति में परिजनों को आर्थिक सहायता मिलने में देरी न हो। कार्यक्रम में खट्टा प्रहलादपुर शाखा के शाखा प्रभारी अंकित कुमार एवं संसाधन अनुभाग के प्रभारी रचित अग्रवाल भी मौजूद रहे।

# सीएमओं ने किया सीएचसी बडौत में विटामिन 'ए' सम्पूरण अभियान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** 9 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में रोगों से लड़ने की प्रतिरा. ेधक क्षमता बढ़ाने एवं कुपोषण से बचाव के उद्देश्य से जनपद में विटामिन 'ए' सम्पूरण अभियान का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान 26 दिसम्बर, 2025 से 24 जनवरी, 2026 तक संचालित किया जाएगा।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. सुरुचि शर्मा ने बताया कि प्रदेश के समस्त 09 माह से 05 वर्ष तक के बच्चों को प्रत्येक छह माह के अंत. राल पर विटामिन 'ए' की खुराक दी जाती है। इसी क्रम में वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का आयोजन किया जा रहा है। इस अभियान के दौरान कार्यक्रम से संबंधित समस्त गतिविधियां सुनिश्चित की जाएंगी। विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम का शुभारंभ आज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बड़ौत में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल द्वारा किया गया। जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने निर्देश दिए कि विटामिन 'ए' सम्पूरण कार्यक्रम के द्वितीय चरण का सफलतापूर्वक संचालन किया जाए तथा लक्षित बच्चों को शत-प्रतिशत विटामिन 'ए' की खुराक से आच्छादित किया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं होगी। जनपद में इस अभियान के अंतर्गत कुल 1,52,287 बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दी जाएगी आज से जनपद में सभी स्थलों पर यह अभियान प्रारंभ किया गया है। जिला प्रशासन एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा अभिभावकों से अपील की गई है कि वे अपने बच्चों को विटामिन 'ए' की खुराक दिलाने हेतु जागरूक रहें और अभियान में सक्रिय सहयोग प्रदान करें। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अधीक्षक डा.विजय गर्ग उपस्थित रहे।






# 10 दिवसीय मधुमखी पालन प्रशिक्षण आरम्भ




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** कल्याण ग्रामोद्योग सेवा संस्थान टयोढी ब्लॉक बड़ौत मे ग्रामोद्योग विकास योजना के तहत हनी मिशन कार्यक्रम के अंतर्गत 10 दिवसीय मधुमखी पालन प्रशिक्षण का आरम्भ हुआ। इस अवसर पर चौधरी चरण सिंह बहुउद्देश्यय प्रशिक्षण केंद्र पंजोखरा शामली से आये रविकांत ने खादी ग्रामोद्योग आयोग की योजनाओं केविषय मे जानकारी दी। गुलावटीसेआये योगेश शर्मा ने मधुमखी पालन केसंबंध मेजानकारी दी। डा.योगेश जिन्दल ने अपने सम्बोधन मे मधुमखीपालन केविषय एंव शहद का व्यापार कैसेकरे उसकी पूर्ण जानकारी दी। कार्यक्रम मे प्रशिक्षण लेने वालो मे सोनिया, बीना, पूनम, प्रवीण कुमार कश्यप, विकास राणा, अंकुर जिन्दल, प्रिया जैन, अनिल कश्यप, रोबिन कुमार गोयल, यश जैन, हिमांशु जैन आदि उपस्थित रहे, यह प्रशिक्षण शिविर 10 दिन तक चलेगा।

### कीर्तन समागम का देखा सजीव प्रसारण 30 युवाओं को किया गया सम्मानित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को धर्म की रक्षा के लिए सर्वोच्च बलिदान देने वाले साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह के सुपुत्र साहिबजादा जोरावर सिंह एवं साहिबजादा फतेह सिंह की पावन स्मृति में आयोजित वीर बाल दिवस तथा साहिब श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष के अवसर पर आयोजित कीर्तन समागम कार्यक्रम का सजीव प्रसारण आज कलेक्ट्रेट सभागार, बागपत में देखा गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं युवाओं के साथ सजीव प्रसारण देखा तथा वीर साहिबजादों और गुरु तेग बहादुर के बलिदान को नमन किया। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि गुरु साहिबानों का बलिदान भारतीय इतिहास में धर्म, मानवता और न्याय की रक्षा का अद्वितीय उदाहरण है, जो आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी अस्मिता लाल द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले 30 युवाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने युवाओं को समाज और राष्ट्र के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करने तथा सकारात्मक योगदान देने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बृजेंद्र मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा.तीरथ लाल जिला कार्यक्रम अधिकारी नागेंद्र मिश्रा ,जिला स्तरीय अधिकारीगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

# किसानों ने किया 1 से 3 जनवरी तक गन्ना मिलों को आपूर्ति बंद करने का फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** किसानों ने 1 से 3 जनवरी तक गन्ना मिलों को आपूर्ति बंद करने का फैसला किया है। यह निर्णय गन्ने के भाड़े में की गई वृद्धि के विरोध में लिया गया है। दाहा गांव में आयोजित एक पंचायत में किसानों ने यह चेतावनी दी।

पंचायत में किसानों ने कहा कि यदि बढ़ा हुआ भाड़ा वापस नहीं लिया गया, तो वे तीन दिनों तक क्रय केंद्रों पर गन्ना नहीं डालेंगे। यह फैसला 1 जनवरी से 3 जनवरी तक लागू रहेगा। दाहा गांव में विकास राणा के आवास पर हुई इस पंचायत में किसानों ने सरकार के फैसले पर आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि सरकार ने गन्ने का भाड़ा 30 रुपये बढ़ाया है, लेकिन साथ ही 3 रुपये ढुलाई भाड़ा भी बढ़ा दिया है, जिसे किसानों के साथ धोखा बताया गया। किसानों का तर्क है कि जब भाव केवल 27 रुपये बढ़ा है, तो 30 रुपये की घोषणा क्यों की जा रही है। किसानों ने चेतावनी दी कि यदि 3 रुपये बढ़ा हुआ भाड़ा वापस नहीं लिया गया, तो वे गन्ना मिलों को गन्ना देने पर विचार करेंगे। उन्होंने कहा कि यदि आवश्यकता पड़ी, तो यह तीन दिवसीय हड़ताल आगे दस दिनों के लिए भी बढ़ाई जा सकती है। बागपत में जगह-जगह किसानों की पंचायतें शुरू हो गई हैं और किसान एकजुट होते दिख रहे हैं। मिल के कर्मचारी और अधिकारी किसानों को समझाने का प्रयास कर रहे हैं, लेकिन किसान अपनी मांगों पर अडिग हैं और किसी भी समझौते के लिए तैयार नहीं हैं। पंचायत की अध्यक्षता जगदीश सिंह ने की, जबकि संचालन मा. आनंद छिल्लर ने किया। इस दौरान ब्रह्मपाल सिंह, सूबे सिंह, अरविंद राणा, प्रताप सिंह, विनोद, तेजपाल, सतवीर, राजवीर, विनेश, चरण सिंह और मांगेराम सहित कई किसान मौजूद रहे।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने मनाई डा.मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बडौत।** शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कार्यालय पर कांग्रेस पदाधिकारीयो कार्यकर्ताओं ने विश्व विख्यात अर्थशास्त्री शिक्षाविद महान विचारक पूर्व प्रधानमंत्री स्व.डा.मनमोहन सिंह की पुण्यतिथि के अवसर पर उनकी तशवीर पर भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया। भावपूर्ण स्मरण करते हुए विचार गोष्ठी का आयोजन किया। गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रामहरि पंवार ने कहा डा.मनमोहन सिंह ने किसान मजदूर गरीबों दलितो शोषितो वंा. चतों के हित मे अनेकों हितकारी योजनाऔ का सर्जन किया। किसानों के हित मे 72000 करोड रीण माफ कर खराब आर्थिक स्थिति से बहार निकाला उन्हे किसानों का मसीहा भी कहा जाता है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार के क्षेत्र मे बेहतर कार्य किये उनकी गम्भीरता सादगी सरलता उदारता हर भारतीय जनमानस के दिलो दिमाग मे बसी है। उन्होंने मनरेगा योजना सूचना का अधिकार खाद्य सुरक्षा कानून भूमि अधिग्रहण अधिनियम शिक्षा का अधिकार कानून खाद्य सुरक्षा अधि. नियम आधार य ा ज न ा प र म ा ण ु स म झ ौ त ा लागू कर देश को शिखर पर प ह ु च ा य ा अर्थव्यवस्था की नीव को म ज ब ू त ी प्रदान की ऐसे महान शिक्षा विद की देश को आज भी जरूरत है। उनके आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। इस अवसर पर पूर्व पीसीसी कृष्ण हरि पंवार रविन्द्र तोमर रामरंग पंवार मीडिया प्रभारी ओमकार दत्त शर्मा शर्मा बिजेन्द्र शर्मा महेन्द्र भगत फारूक़ संदीप सुनील कुमार अशोक कुमार अनीस प्रविन्द्र आदि उपस्थित रहे।




### जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** शुक्रवार को जिले में सड़क दुर्घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण, यातायात व्यवस्था को मजबूत बनाने तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला सड़क सुरक्षा समिति की एक महत्वपूर्ण और व्यापक बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी अस्मिता लाल ने की। इस बैठक में सड़क सुरक्षा से जुड़े विभिन्न पहलुओं पर गहन चर्चा की गई और संबंधित विभागों को स्पष्ट, सख्त और समयबद्ध निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि सड़क सुरक्षा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में से एक है और इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। जिला. धिकारी अस्मिता लाल ने कहा कि सड़क सुरक्षा को केवल चालान या नियमों तक सीमित नहीं रखा जा सकता। यह सीधे-सीधे आम नागरिकों के जीवन से जुड़ा विषय है। उन्होंने कहा कि सड़क की गुणवत्ता, रोशनी, ट्रैफिक सिग्नल, अनुशासित ड्राइविंग, समय पर चिकित्सा सहायता और जन-जागरूकता आदि ये सभी मिलकर ही सड़क सुरक्षा को मजबूत बनाते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी कार्यों को गंभीरता से लिया जाए।

# पुलिस ने युवक को किया भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बागपत।** खेकड़ा कस्बे में एक मुस्लिम युवक को सोशल मीडिया पर भड़काऊ वीडियो पोस्ट करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। इस वीडियो से धार्मिक भावनाएं भड़काने और सांप्रदायिक माहौल बिगाड़ने का प्रयास किया गया था।

वायरल वीडियो में बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की जलकर हत्या का फुटेज दिखाया गया था। आरोपी युवक वीडियो में यह कहते हुए भी नजर आ रहा था कि जो भी उनके नबी की शान में गुस्ताखी करेगा, उसका यही अंजाम होगा। इस पोस्ट के सामने आते ही स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश फैल गया। हिंदू रक्षा दल के नगर प्रमुख शुभम यादव ने पुलिस को शिकायत दी, जिसमें उन्होंने रिहान नामक व्यक्ति पर धार्मिक भावनाओं को भड़काने वाला वीडियो बनाने और अपलोड करने का आरोप लगाया। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज किया। शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी रिहान को गिरफ्तार कर लिया। हिंदू संगठनों ने इस घटना पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया और ऐसे लोगों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की मांग की, ताकि भविष्य में कोई ऐसी हरकत करने की हिम्मत न कर सके। हिंदू नेता आक. ाश त्यागी ने कहा कि ऐसी जिहादी मानसिकता वाले लोगों पर कठोरता कार्रवाई होनी चाहिए। जिससे कोई बीजिहादी मानसिकता का व्यक्ति इस तरह की हरकत ना कर सके।

# मौत के खुलासे को लेकर पुराने आदेशों को निरस्त कर किया नई जांच समिति का पुनर्गठन

**शाह टाइम्सस संवाददाता**

**बागपत।** जिला संयुक्त चिकित्सालय में सांप के काटने से भर्ती कराई गई एक महिला की मौत अब केवल एक चिकित्सकीय मामला नहीं रह गया है, बल्कि यह स्वास्थ्य व्यवस्था की जवाबदेही और संवेदनशीलता पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। भाकियू टिकैत के एनसीआर महासचिव प्रदीप धामा की पत्नी सुंदर देवी को चार नवंबर की रात उनके घर पर सांप ने काट लिया था। परिजन बिना समय गंवाए उन्हें जिला संयुक्त चिकित्सालय बागपत लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने इलाज शुरू किया।

परिजनों का आरोप है कि अस्पताल में इलाज के दौरान गंभीर लापरवाही बरती गई। मृतका के पति प्रदीप धामा का कहना है कि उनकी पत्नी को जरूरत से अधिक दवाएं दी गई, जिससे उसकी हालत लगातार बिगड़ती चली गई और उनकी मृत्यु हो गई। उन्होंने इस पूरे मामले की शिकायत मुख्य चिकित्सा अधिकारी से की और निष्पक्ष जांच की मांग उठाई। मामला सामने आने के बाद प्रशास. निक और स्वास्थ्य विभाग के स्तर पर हलचल तेज हो गई। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए पहले भी एक जांच समिति गठित की गई थी, लेकिन लंबे समय तक न तो कोई जांच रिपोर्ट प्रस्तुत की गई और न ही कोई ठोस प्रगति सामने आई। इससे मृतका के परिजनों में आक्रोश बढ़ता गया और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठने लगे। इसी को ध्यान में रखते हुए जिला. धिकारी ने 21 दिसंबर को पुराने आदेशों को निरस्त करते हुए जांच समिति का पुनर्गठन किया। नई जांच समिति में अपर जिलाधिकारी के साथ अनुभवी चिकित्सा अधिकारी डा.विभाष राजपूत और फोरेंसिक विशेषज्ञ को शामिल किया गया है। मेरठ मंडल के अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य के निर्देश पर गाजियाबाद के जिला एमएमजी चिकित्सालय से फोरेंसिक विशेषज्ञ डा.विशन कुमार मान को जांच के लिए नामित किया गया है। समिति को निर्देश दिए गए हैं कि वह इलाज की पूरी प्रक्रिया, दी गई दवाओं, चिकित्सकीय रिकॉर्ड और मृत्यु के कारणों की गहन जांच कर निष्पक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत करे। प्रशासन का स्पष्ट कहना है कि यदि जांच में इलाज में लापरवाही या मानवीय त्रुटि सामने आती है तो संबंधित चिकित्सकों के खिलाफ सख्त विभागीय कार्रवाई की जाएगी। वहीं मृतका के परिजन और सामाजिक संगठन इस मामले में न्याय की उम्मीद लगाए हुए हैं। यह मामला अब जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और जवाबदेही की एक बड़ी परीक्षा बन गया है, जिसकी निष्पक्ष जांच पर आम जनता की निगाहें टिकी हुई हैं।



# हस्तिनापुर की पावन भूमि को श्रापित बता राज्यमंत्री ने करोड़ों लोगों की आस्था पर किया प्रहारः योगेश वर्मा

## पावन भूमि श्रापित, तो मंत्री अपना और अपनी बहन का दिलाएं इस्तीफा

■ इसी श्रापित भूमि से दो बार मंत्री रहे हैं दिनेश खटीक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** हस्तिनापुर की ऐतिहासिक एवं पावन भूमि को लेकर दिए गए विवादित बयान के विरोध में पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने शनिवार को हस्तिनापुर में एक प्रेसवार्ता आयोजित कर राज्य सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री दिनेश खटीक पर तीखा हमला बोला। योगेश वर्मा ने कहा कि जिस भूमि को महाभारत की धरोहर, गंगा की तपोभूमि और करोड़ों श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र माना जाता है, उसे श्रापित कहना न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है बल्कि समूचे हस्तिनापुर का अपमान है।

पूर्व विधायक ने कहा कि हस्तिनापुर की भूमि स्वयं में स्थापित है, इसे किसी प्रमाण या प्रमाणपत्र की आवश्यकता नहीं है। यह वहीं पावन धरती है, जहां से धर्म, नीति और संस्कारों की परंपरा निकली। यहां से गुजरने वाली मां गंगा में आज भी देश-विदेश से लोग पापों से मुक्ति और मोक्ष की कामना के लिए डुबकी लगाते हैं। ऐसी पवित्र भूमि को श्रापित बताना करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को ठेस पहुंचाने जैसा है। योगेश वर्मा ने सवाल उठाया कि जो व्यक्ति दो बार इसी हस्तिनापुर विधानसभा से विधायक रहा, आज उसे वहीं भूमि श्रापित कैसे लगने लगी। मंत्री दिनेश खटीक ने इसी पावन भूमि से अपना राजनीतिक साम्राज्य खड़ा किया। पहचान बनाई और सत्ता तक पहुंचे। आज वही मंत्री मंच से हस्तिनापुर को श्रापित बताकर अपने ही अतीत और जनता का अपमान कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में योगेश वर्मा ने मंत्री दिनेश खटीक पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि मंत्री को हस्तिनापुर की भूमि श्रापित लगती है तो उन्हें न केवल स्वयं, बल्कि अपने परिवारजनों को भी हस्तिनापुर से अलग कर लेना चाहिए। पूर्व विधायक ने कहा कि हस्तिनापुर की पावन भूमि को वह बार-बार नमन करते हैं और जीवन भर इसकी गरिमा और सम्मान की रक्षा के लिए संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि इस तरह के बयान भविष्य में भी दिए गए, तो हस्तिनापुर की जनता चुप नहीं बैठेगी और लो. कतांत्रिक तरीके से इसका करारा जवाब देगी।

### राज्यमंत्री दिनेश खटीक को माफ नहीं करेगी हस्तिनापुर की जनता

पूर्व विधायक योगेश वर्मा ने हस्तिनापुर के आंबेडकर बाजार में एक प्रेस कांफ्रेंस आयोजित की और राज्यमंत्री पर जमकर प्रहार किए। पूर्व विधायक ने कहा कि हस्तिनापुर की पावन धरा को श्रापित कहकर उन्होंने बहुत बड़ा पाप किया है। जो धरा भगवान कृष्ण की कर्म स्थली रही हो, जहां पर पांडव सत्य और धर्म के लिए लड़े हो, जिस धरा से पावन मां गंगा बह रही हों, जो धरती प्रदेश की दिशा तय करती हो, उस धरती को श्रापित कहना बहुत बड़ा दुर्भाग्य है।

# नित्य संदेश की स्वामिनी का निधन, पत्रकार जगत में शोक की लहर



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** नित्य संदेश समाचार पत्र की स्वामिनी और वरिष्ठ पत्रकार लियाकत मंसूरी की पत्नी सदा (37) का हृदय गति रुकने से निधन हो गया। सदा पत्रकारिता जगत से संबंध रखती थी, वह नित्य संदेश की स्वामिनी, प्रकाशक और मुद्रक थीं।

गौरतलब है कि सदा कुछ दिनों से बीमार चल रही थी और उनका इलाज डॉक्टर तोमर से चल रहा था, मंगलवार रात्रि बेचैनी बढ़ने के कारण उन्हें चिकित्सक की सलाह पर मेडिकल अस्पताल में भर्ती कराया गया, परंतु डॉक्टर के अथक प्रयासों के बावजूद भी उन्हें बचाया नहीं जा सका और हृदय गति रुकने से उनकी मृत्यु हो गई। इधर जैसे ही लियाकत मंसूरी की पत्नी की मृत्यु की खबर जब पत्रकार जगत में पहुंची तो पत्रकार जगत में शोक की लहर दौड़ गई। सदा का दफीना ग्राम बातनौर में किया गया, जहां भारी संख्या में ग्रामवासी, पत्रकार एवं समाजसेवी उपस्थित रहे। शुक्रवार को ग्रामीण अंचलीय पत्रकार एसोसिएशन और अन्य संगठन से जुड़े पत्रकार साथी लियाकत मंसूरी के पैतृक गांव बातनोर पहुंचे और लियाकत मंसूरी सहित परिवार को इस दुख को सहने की ढांढस बांधते हुए सांत्वना दी। देर शाम सरधना विधायक अतुल प्रधान, कांग्रेस नेता रिहान आलम, कॉपरेटिव सोसायटी के चेयरमैन वेद प्रकाश आर्य, ग्राम प्रधान सजाऊद्दीन मलिक, पूर्व प्रधान नायब हुसैन आदि ने सांत्वना दी।

## बांग्लादेश में हुए निर्मम हत्याकांड के विरोध में मेरठ में फूटा गुस्सा, प्रदर्शनकारियों ने फूंका पुतला



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों और हाल ही में हुए निर्मम हत्याकांड के विरोध में शुक्रवार को माधवपुरम पर भारी संख्या में लोगों ने एकत्रित होकर अपना रोष प्रकट किया। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और दोषियों को कड़ी सजा देने की मांग की। आक्रोशित प्रदर्शनकारियों ने सां. केतिक रूप से पुतला फूंककर अपना विरोध दर्ज कराया। प्रदर्शनकारियों ने भारत सरकार और संयुक्त राष्ट्र (यूएन) से अपील की कि वे इस मामले में हस्तक्षेप करें और बांग्लादेश में मानवता की रक्षा सुनिश्चित करें। प्रदर्शन के दौरान हत्याकांड में मारे गए निर्दोष लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन भी रखा गया। प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे युवा नेता हर्ष वशिष्ठ ने कहा कि पड़ोसी देश में जिस तरह से मानवता को शर्मसार किया जा रहा है, उसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निर्दोषों की हत्या सभ्य समाज पर कलंक है। इस अवसर पर हर्ष वशिष्ठ, संदीप गुप्ता, सचिन चौधरी, राहुल जोशी, नवीन अग्रवाल, हिमांशु यादव, रमाकांत, शिवम् पंजाबी, नितिन तिवारी, अजय शर्मा, कृष्णा यादव, साहिल शर्मा, सहित सैकड़ों की संख्या में उपस्थित रहे।

# वोट कटने से भड़के बहरोड़ा के ग्रामीण बीएलओ को ठहराया जिम्मेदार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**किठौर।** किठौर थाना क्षेत्र के ग्राम बहरोड़ा में बीएलओ (बूथ लेवल ऑफिसर) मंजू नरेश और कविता हरेंद्र पर मतदाताओं के नाम वोटर लिस्ट से काटने का आरोप लगा है। ग्रामीणों ने इस कार्रवाई का कड़ा विरोध जताते हुए कहा कि सैकड़ों मतदाताओं के नाम बिना किसी पूर्व सूचना या सत्यापन के हटाए जा रहे हैं, जिससे उनके मतदान अधिकार पर संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों के अनुसार, जब उन्होंने बीएलओ से इस संबंध में जानकारी मांगी तो उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिला। उनका आरोप है कि पात्र मतदाताओं के नाम जानबूझकर सूची से हटाए जा रहे हैं, जिससे आगामी चुनावों में मतदान प्रभावित हो सकता है। इस मामले को लेकर गांव के लोगों में भारी नाराजगी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। साथ ही, उन्होंने जल्द से जल्द सभी पात्र मतदाताओं के नाम मतदाता सूची में पुनः शामिल करने की अपील की है। वहीं प्रशासनिक स्तर पर मामले की जांच कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया गया है। फरियाद पुत्र महमूद, शकील पुत्र उम्मेद, नासिर पुत्र आस मोहम्मद, रियाजुल पुत्र मुनाजर, रेशमा पत्नी रिजवान, शलमा पत्नी इकराम, गुलकाम पुत्र आस



मोहम्मद, भूरी पत्नी गुलफाम, नुसूफ पुत्र कलाम, मतलूम पुत्र महबूब, नसीम पत्नी महबूब, नाजिया पत्नी नासिर, गुलबहार पत्नी तसलीम, कलवा पुत्र रियासत, कमर जहां पत्नी कलवा, मुनकाद पुत्र अब्बास, सितारा पत्नी मुनकाद, भूरे पुत्र कय्यूम, इमरान पुत्र इस्लाम, सीना पत्नी इमरान और नफीस पुत्र अनीस सहित बहरोड़ा के कई निवासियों ने बताया कि वे करीब 30 वर्षों से चुनाव में मतदान करते आ रहे हैं, लेकिन अब उनके नाम वोटर लिस्ट से गायब हैं। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो वे उच्च अधिकारियों से शिकायत करने को मजबूर होंगे।

बीएलओ मंजू नरेश ने इस संबंध में बताया कि उन्हें स्वयं इस बात की जानकारी नहीं है कि संबंधित मतदाताओं के वोट कैसे कटे। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके स्तर से किसी भी मतदाता का नाम जानबूझकर नहीं हटाया गया है। मतदाता सूची से नाम हटने की प्रक्रिया उच्च स्तर पर ऑनलाइन सिस्टम के माध्यम से होती है। बीएलओ ने ग्रामीणों से अपील की है कि वह शांत रहे और आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन करें, ताकि समय रहते मतदाता सूची में नाम पुनः जुड़वाया जा सके।

## नगर पालिका में तैनात लिपिक पर अनियमितताओं के आरोप

■ सभासदों ने पटल परिवर्तन और जांच की मांग उठाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** नगर पालिका परिषद सरधना में कार्यरत एक लिपिक को लेकर सभासदों ने गंभीर आपत्तियां जताई हैं। इस संबंध में सभासदों ने नगर पालिका अध्यक्ष को एक लिखित शिकायत सौंपते हुए संबंधित लिपिक के पटल परिवर्तन और मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की है।

शिकायत पत्र में बताया गया है कि नगर पालिका में तैनात लिपिक विपिन कुमार बीते कई वर्षों से निर्माण पटल पर कार्यरत हैं, जो शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुरूप नहीं है। सभासदों का आरोप है कि एक ही पटल पर लंबे समय तक तैनाती रहने से कार्य प्रणाली पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है और पारदर्शिता प्रभावित हुई है।

सभासदों ने यह भी आरोप लगाया है कि निर्माण कार्यों से जुड़े ठेकों के आवंटन में अनियमितताएं बरती गईं, जिससे नगर पालिका को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा। इसके साथ ही कुछ ठेकेदारों के साथ मिलीभगत कर कर्मचारियों के ईपीएफ एवं ईएसआईसी से संबंधित धनराशि में गड़बड़ी किए जाने का आरोप भी लगाया गया है।

सभासदों का कहना है कि शासनादेशों के अनुसार समय-समय पर पटल परिवर्तन आवश्यक है, जिससे भ्रष्टाचार और मनमानी पर रोक लगाई जा सके। उन्होंने अध्यक्ष से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित लिपिक का तत्काल पटल परिवर्तन कराया जाए तथा आरोपों की जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाए। यह शिकायत सभासद आशीष त्यागी (वार्ड 23), राहुल पाल (वार्ड 10) और शानू जैन द्वारा संयुक्त रूप से दी गई है। सभासदों ने उम्मीद जताई है कि निष्पक्ष जांच के बाद दोषियों के विरुद्ध सख्त कदम उठाए जाएंगे।

## वीर बालक दिवस पर प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** महिला कल्याण विभाग द्वारा वीर बाल दिवस कार्यक्रम का आयोजन बाल गृह शिशु सदन रामपुर में जिला प्रोवेशन अधिकारी के नेतृव मे किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वीर खालसा सेवा समिति के अध्यक्ष अवतार सिंह जी व अन्य सदस्य द्वारा प्रतियोगिता मे निबन्ध एवं पोस्टर प्रीतियोगिता में प्रथम एवं दित्तीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली बालिकाओं को मोमेंटो व कलर किट देकर सम्मानित किया गया व बालिकाओं की सराहना की गई। बाल गृह शिशु सदन रामपुर के बच्चों द्वारा भी वीर बाल दिवस के कार्यक्रम मे पोस्टर प्रीतियोगिता व देश भक्ति के कार्यक्रम किए गए। अवतार सिंह जी के द्वारा बच्चों को बताया गया की शिक्षा का उद्देश्य विकास करना है इसके अतिरिक्त खेल के प्रति बच्चों को जागरूक किया। बच्चों को वीर बाल दिवस के अवसर पर चारो साहबजादों की वीरता के बारे मे बताया गया।

# अब तक 239380 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराकर उठाया सरचार्ज में छूट का लाभ

## प्रबंध निदेशक ने उपभोक्ताओं से की योजना का लाभ लेने की अपील

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मेरठ।** प्रबन्ध निदेशक रवीश गुप्ता (आईएएस) ने ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के घरेलू (02 किलोवाट तक) और वाणिज्यिक (01 किलोवाट तक) श्रेणी व भार के नेवर पेड एवं लॉन्ग अनपेड तथा विद्युत चोरी के समस्त प्रकरणों में राजस्व निर्धारण में छूट हेतू सभी पात्र उपभोक्तओं से अपील की है कि उपभोक्ता अधिक से अधिक संख्या में 'बिजली बिल राहत योजना 2025-26' में पंजीकरण कराकर योजना का लाभ उठाएँ। उपभोक्ता अपने निकटतम एसडीओ कार्यालय, विभागीय कलेक्शन सेंटर, जन-सुविधा केन्द्र (सीएससी, फिनटेक प्रतिनिधि, विद्युत सखी, मीटर रीडर (बिलिंग एजेन्सी) अथवा वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण कर योजना का लाभ अवश्य लें। योजना के प्रथम चरण समाप्त होने में पाँच दिन शेष हैं अधिकतम छूट का लाभ पाने के लिए उपभोक्ता आज ही, योजना मे पंजीकरण कराकर सरचार्ज माफी और छूट का लाभ उठायें।

योजना के अन्तर्गत लेट पेमेंट सरचार्ज (ब्याज) में 100 प्रतिशत तक की छूट तथा बिल के मूलधन में, पहली बार 25 प्रतिशत तक की भारी छूट का लाभ उपभोक्ताओं को योजना मे दिया जा रहा है। बिजली चोरी के मामलों में भी निर्धारित कर मे 50 प्रतिशत तक की छूट उपभोक्ताओं को दी जा रही है। अब तक पश्चिमांचल डिस्काम के मेरठ क्षेत्र प्रथम-मेरठ में 1712, मेरठ क्षेत्र द्वितीय-मेरठ में 24399, गाजियाबाद क्षेत्र-प्रथम गाजियाबाद में 632, गाजियाबाद क्षेत्र-द्वितीय गाजियाबाद में 9013, गाजियाबाद क्षेत्र-तृतीय गाजियाबाद मे 661, बुलन्दशहर क्षेत्र में 33712. मुजफ्फरनगर क्षेत्र में 28973, सहारनपुर क्षेत्र में 35005, नोएडा क्षेत्र में 9665, मुरादाबाद क्षेत्र में 52655 एवं गजरौला क्षेत्र में 42953 उपभोक्ता योजना में लाभ प्राप्त कर चुके हैं। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत अब तक दो लाख उनतालिस हजार तीन सौ अस्सी उपभोक्ताओं द्वारा पंजीकरण कराकर, सरचार्ज में अधिकतम छूट का लाभ और मूलधन में 25 प्रतिशत तक की भारी छूट का लाभ प्राप्त किया जा चुका है।

पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लि. के अन्तर्गत उपरोक्त श्रेणी के उपभोक्ताओं से अपील है की उपभोक्ता इस स्वर्णिम अवसर का लाभ उठाए। योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए निगम के विद्युत हेल्प लाइन नं. 1912 एवं टोल फ्री नं. 18001803002 पर संपर्क करें।

# लाल हरे रंगों में हमको मत बांटो, बस घर की छत पर एक तिरंगा रहने दो

■ हिंदू-मुस्लिम सब साथ रहे मिलजुल कर, ऐसा हिंदुस्तान बना दे या अल्लाह

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फलावदा।** कुतुबशाह जमालुद्दीन की याद में चल रहे मेला उर्स में कव्वाली मुकाबला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन पूर्व चेयरमैन नय्यर आलम कुरैशी, पूर्व चेयरमैन अब्दुस समद, चेयरपर्सन पुत्र सैयद मोहम्मद ईसा व कांग्रेस नेता सैयद रेहानुद्दीन, युवा नेता समाजसेवी तल्हा अजीज मेला सदर नवाबुद्दीन सैफी, नायब सदर नफीस राजा अंसारी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया।

बरेली से तशरीफ लाए कव्वाल नसीम आरिफ ने पढ़ा कि मेरे नबी ने भी देखा था इस वतन की तरफ, यहां का है यही एक इशारा था, फद्र मुझे ही नहीं मेरा मुल्क जंहा से अजीज, मेरे नबी को भी हिंदुस्तान प्यार था। फिर पढ़ा कि इश्क ए नबी ईमान बना दे या अल्लाह, दिल को मेरे कुरान बना दे या अल्लाह, हिंदू मुस्लिम साथ रहे सब मिलजुलकर, ऐसा हिंदुस्तान बना दे या अल्लाह। कानपुर से तशरीफ लाई कव्वालन आलिया इंडियन ने पढ़ा की जिस पर खुदा खुद भी फिदा है, वह अर्श पर अल्लाह मेहमान बना है, चिश्तिया रंग में आज रंगे हैं, ख्वाजा पिया मेरे दूल्हा बने हैं, मुझे भूल जाने वाले तुझे ये पता नहीं है, मेरे दिल में तू ही तू है कोई दूसरा नहीं है। इसके बाद नसीम आरिफ ने पढ़ा कि कोई फूल तो कोई गुलदान रो पड़े, और साथ-साथ में संतान रो पड़े, ऐसी फजा बनाओ मेरे देशवासियों, हिंदू का घर जले तो मुसलमान रो पड़े। आलिया इंडियन ने जवाब में पढ़ा कि काबे में तेरा जलवा काशी में नजारा है, यह भी हमें प्यारा है वह भी हमें प्यारा है, हिंदू को मिली गीता, इंजील इसाई को, मुस्लिम के लिए तूने कुरआन उतारा है। नसीम आरिफ ने पढ़ा कि तीर दिल के पार भी हो



जाएगा, जख्म खुशबूदार भी हो जाएगा, आप हमसे दोस्ती तो कीजिए, धीरे-धीरे प्यार भी हो जाएगा। कव्वाली का मुकाबला देर रात तक चला मुकाबला सुन्ने वाले भी ज्यादा ठंड में भी देर रात तक जमे रहे और मुकाबला का खुब लुत्फ उठाया। मुकाबला सुबह भोर होने तक चला। इस मौके पर कोषाध्यक्ष नईम अनवर, सरदार अहमद, फिरोज आलम कुरैशी, सैयद रजाऊद्दीन, सैयद उबैदुलगनी, सैयद असिम रिजवी, अनवर मंसूरी, शाहजमा मिर्जा, शहजाद कुरैशी, आशु मेंबर, फाईज अब्बास, वाईज अब्बास, आसिफ यासीन सैफी, मोहम्मद इमरान सैफी नगर अध्यक्ष कांग्रेस कमेटी, कादिर कुरैशी, वकार फरीदी, शाहबाज आलम, सीमाब रिजवी, मिनहाज गगसोना, शाहरुख रिजवी, सुहैल अनवर, हाफिज शहजाद कुरैशी के अलावा कस्बे व आसपास के गांवो के लोगों ने कव्वाली के मुकाबले का लुत्फ उठाया।

# महिलाओं के सम्मान के लिए जंतर-मंतर पर शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सरधना।** महिलाओं की गरिमा, सम्मान और संवैधानिक अधिकारों के समर्थन में शुक्रवार को शाहरुख बंटी के कार्यालय पर एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में महिलाओं के सम्मान से जुड़े हालिया घटनाक्रम पर गहन चर्चा की गई और सर्वसम्मति से शांतिपूर्ण आंदोलन का निर्णय लिया गया। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में आजाद समाज पार्टी (का.) के संस्थापक सदस्य बदर अली उपस्थित रहे। बैठक का संचालन हकीम कलीम द्वारा किया गया। बैठक में इमरान मेंबर, मुकेश मेंबर, दानिश सैफी, दानिश त्यागी, आजाद, काजी अकरम, विधानसभा अध्यक्ष रामकिशोर, अरशद खान, अशरफ मेंबर, इजहार खान, वसीम अब्बासी, जफर खान, हसीन, अर्जुन, जॉनसन सहित बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महिलाओं के सम्मान और गरिमा के समर्थन में एक शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। यह प्रदर्शन नीतीश कुमार पर मुस्लिम महिला का हिजाब खींचने के आरोप के विरोध में किया जा रहा है जो जंतर-मंतर, नई दिल्ली रविवार को किया जायेगा। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि महिलाओं के सम्मान के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जाएगा। समाज में महिलाओं की सुरक्षा, समानता और सम्मान सुनिश्चित करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी



है। आयोजकों ने सभी नागरिकों, सामाजिक संगठनों एवं न्याय प्रिय लोगों से अपील की है कि वे इस शांतिपूर्ण आंदोलन में शामिल होकर महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के लिए अपनी आवाज बुलंद करें।

## विधानसभा स्तरीय विधायक खेल प्रतियोगिता का आयोजित



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**टाण्डा।** शुक्रवार को मनसब अली स्पोर्ट स्टेडियम टाण्डा में विधायक खेल स्पर्धा विधानसभा क्षेत्र स्वार का शुभारंभ क्षेत्रीय विधायक शफीक अहमद अंसारी ने फीता काटकर एवं हरी झंडी दिखाकर किया तथा विज. `ेता खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया। 100 मीटर सीनियर वर्ग में रवि , एब्यूजर व पंकज मौर्या,100 मीटर सब जूनियर बालक वर्ग में समीर, नमन व मंदीप यादव, 100 मीटर जूनियर बालिका वर्ग में अनु यादव,आशी व हिबा, 100 मीतर सीनियर वर्ग में सीमा, खुशी व संगीता। वॉलीबॉल जूनियर वर्क बालक में रेनबो इंटर कॉलेज की टीम प्रथम ब सीकमपुर की टीम द्वितीय रही फुटबॉल सब जूनियर बालक वर्ग में सवार की टीम प्रथम खजुआ खेड़ा की द्वितीय रही।सीनियर पुरुष वर्ग में वॉलीबॉल में मसवासी प्रथम ब दढ़ियाल मुस्तकम की टीम द्वितीय रही। जूनियर बालक पर कबड्डी में रसूलपुर की टीम प्रथम डिलारी की टीम द्वितीय रही। प्रतियोगिता में विशाल कुमार जिला युवा कल्याण अधिकारी, नंदन सिंह क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, प्रभु दयाल, मुद्द सईद सागर ,कुमारी सोनम नीरज, वकील एडवोकेट, शरीफ जमील, अकबर अली, मुहम्मद तनवीर, अहमद नबी सैफी, जहीर जिया, सलीम कसगर, दीपक नागर, मंसूरी आदि उपस्थित रहे।

# महाभारत कालीन धरती को अपमानित करना दुर्भाग्यपूर्णः किशोर वाल्मीकि

## हस्तिनापुर विधानसभा का है आध्यात्मिक सांस्कृतिक और पौराणिक महत्त्व

■ सपा नेता बोले कि इस बार हस्तिनापुर की जनता मंत्री दिनेश खटीक को देगी करारा जवाब

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हस्तिनापुर।** उत्तर प्रदेश की ऐतिहासिक नगरी हस्तिनापुर को लेकर प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश खटीक ने विवादित बयान दिया है। उन्होंने हस्तिनापुर को एक श्रापित भूमि बताया है।

जिसके बाद राजनीतिक गल्यारो में हलचल तेज हो गई है। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेता किशोर वाल्मीकि ने दिनेश खटीक के बयान पर आपत्ति जताई है उन्होंने कहा कि जिस हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र ने मंत्री जी को मान सम्मान और पहचान दी। इस तरह श्रापित कहना गलत है। हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र की जनता सब जानती है और 2027 विधानसभा



सपा नेता किशोर वाल्मीकि।

चुनाव में हार के डर से ऐसा कह रहे हैं। मंत्री कि बयान के बाद सामाजिक और राजनीतिक लोगों में भी कई तरह की बातें सुनने में आ रही है और हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र में एक चर्चा यह भी बनी हुई है कि अगर हस्तिनापुर विधानसभा क्षेत्र से सपा पूर्व विधायक योगेश वर्मा का टिकट करती है तो दिनेश खटीक चुनाव लड़ेंगे। और इसी बात को लेकर सपा नेता किशोर वाल्मीकि ने दावा किया है कि समाजवादी पार्टी 2027 में बेदाग छवि वाले इंसान को मैदान में उतारेगी और 2027 में किशोर वाल्मीकि समाजवादी पार्टी का चेहरा होंगे वह क्षेत्रीय होने के कारण सभी वर्गों में उनकी मजबूत पकड़ रखते है और वह हस्तिनापुर में बीजेपी की भी वोट हासिल कर सकते है। इसी के साथ-साथ समाजवादी पार्टी के नेताओं का कहना है कि हस्तिनापुर में इस बार अखिलेश यादव किसी नए चेहरे पर दांव खेल सकते हैं। वहीं किशोर वाल्मीकि ने एक बार फिर जनता से अपील करते हुए कहा कि जिस व्यक्ति को जनता ने दो बार विधायक बनाया प्रदेश सरकार में मंत्री बनाया आज वहीं इंसान हस्तिनापुर की जनता को कोस रहा है और इस धरती को श्रापित बता रहा है जिसने उनके राजनीतिक जीवन को चमकाया है।

# मेलबर्न में एक दिन में 20 विकेट गिरे, ऑस्ट्रेलिया टॉप पर

**● मेजबान टीम 46 ओवर में 152 रन पर ऑलआउट हो गई जबकि इंग्लैंड 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हुई**

**मेलबर्न, वार्ता।** पिछले साल के बॉक्सिग डे टेस्ट की तुलना में मेलबर्न पिच पर सिर्फ चार मिलीमीटर ज्यादा घास होने से बॉक्सिग डे पर पिच शरारती हो गई, जिससे 20 विकेट गिरे, जो ऑस्ट्रेलिया में पहले दिन गिरे संयुक्त रूप से तीसरे सबसे ज्यादा विकेट हैं। मेजबान टीम 46 ओवर के अंदर 152 रन पर ऑल आउट हो गई, जिसके बाद इंग्लैंड एक कदम और आगे बढ़कर 30 ओवर से भी कम में सिर्फ 110 रन पर ढेर हो गई, यह सब एमसीजी में 94,199 दर्शकों की रिकॉर्ड भीड़ के सामने हुआ।

दिन का अंत शानदार ड्रामे के साथ हुआ। स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड के साथ ओपनिग करने आए और उन्होंने एक पूरा ओवर सुरक्षित रूप से खेला, जिससे पूरे स्टेडियम में मौजूद दर्शक बहुत खुश हुए, जो दिन भर के रोमांचक एक्शन के बाद पहले से ही अपनी सीटों पर खड़े थे। बेन स्टोक्स ने टॉस जीतकर ऑस्ट्रेलिया को पहले बल्लेबाजी करने भेजा, लेकिन इसमें एक अजीब विडंबना थी कि इंग्लैंड सालों तक घर पर सपाट पिचों पर तैयारी करने के बाद एक बार फिर हरी सीमिग पिच पर खेल रहा था, और ऑस्ट्रेलियाई चुनौती के लिए अपनी तेज गेंदबाजी की योजना ऊंचाई और उछाल के हिसाब से बना रहा था, जबकि चुनौती ने अलग सवाल पूछे। हालांकि, इस बार उनके गेंदबाजों ने बेहतर जवाब दिया, उन्होंने पूरी लेंथ पर गेंदें फेंकी और तुरंत इनाम पाया। ट्रैविस हेड, जिन्होंने दौरे पर पहले एक और मुश्किल पिच पर इंग्लैंड को चोट पहुंचाई थी, गस एटकिसन की गेंद पर अपने स्टंप्स पर आउट हो गए, लेकिन पहले बदलाव के गेंदबाज के रूप में जोश टंग के आने से सच में मैच का रुख बदल गया। जेक वेदरल्ड दुर्भाग्य से लेग साइड में आउट हो गए, लेकिन इसके बाद की गेंदों ने यह साबित कर दिया कि पर्थ और ब्रिस्बेन में टंग की कितनी कमी खली थी। मार्नस लाबुशेन ने बाहर



जाती हुई गेंद पर किनारा लगाया, जबकि स्टीव स्मिथ एक तेज इन-स्विगर पर बोल्ड हो गए। 51 रन पर 4 विकेट गिरने के बाद, उस्मान ख्वाजा और एलेक्स कैरी ने ऑस्ट्रेलिया को संभालने के लिए मिलकर 72 रन पर 4 विकेट तक पहुंचाया। लेकिन 38 रन की यह साझेदारी ब्रेक के बाद चौथे ओवर में टूट गई जब एटकिसन ने ख्वाजा का किनारा लिया। इस बार, स्निको पर आवाज और स्पाइक एक साथ आए और ऑन-फील्ड फैसला पलट दिया गया।

स्टोक्स, जिन्होंने दोपहर के सेशन में एटकिसन के साथ बॉलिग की शुरुआत की थी, उन्होंने एक अच्छी प्लानिग के तहत कैरी को लेग स्लिप पर कैच करवाया, जिससे ऑस्ट्रेलिया 91 रन पर 6 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। यह और भी बुरा हो सकता था, लेकिन माइकल नेसर को दो बार किस्मत का साथ मिला क्योंकि किनारे कॉर्डन में शॉर्ट गिरे, पहले जेमी स्मिथ के सामने और बाद में जो रूट के सामने, जिससे यह सवाल उठा कि क्या इंग्लैंड के कीपर और स्लिप कॉर्डन बहुत पीछे खड़े थे। नेसर ने मिले मौकों का पूरा फायदा उठाया और पलटवार किया, जोश टंग के एक ओवर में चार चौके लगाए, जबकि कैमरन ग्रीन ने मुश्किल पिच पर धैर्य और समझदारी दिखाई। सातवें विकेट के लिए उनकी 52 रन की साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को 150 रन के पार पहुंचाया, हालांकि ग्रीन की पारी एक जोखिम भरे सिगल और नॉन-स्ट्राइकर एंड पर ब्रायडन कार्स के डायरेक्ट हिट से खत्म हुई। मिशेल स्टार्क इस सीरीज में 50 से ज्यादा के एवरेज के साथ आए थे, लेकिन इस बार सस्ते में आउट हो गए, स्टोक्स ने मिड-ऑफ पर पीछे दौड़कर एक शानदार कैच पकड़ा। रिप्ले में दिखा कि कार्स का अगला पैर क्रीज के अंदर था, लेकिन तीसरे अंपायर ने बॉलर के पक्ष में फैसला दिया। फिर टंग ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को आउट किया, उसी ओवर में बोलैंड और नेसर, जो पारी के टॉप स्कोरर थे, को आउट करके ऑस्ट्रेलिया में अपना पहला पांच विकेट हॉल पूरा किया। इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। फिर नेसर ने एक और विकेट लिया, रूट की क्रीज पर बेकार को. शिश को एक जाने-पहचाने बाहरी किनारे के साथ खत्म किया और अनुभवी बल्लेबाज को 15 गेंदों पर शून्य पर आउट कर दिया। यह उनके टेस्ट करियर का 15वां शून्य था। सात ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ आए हैं। हैरी ब्रूक ने अगली गेंद पर छक्का मारा और गेंद के बार-बार गड़बड़ करने के बावजूद ट्रैक पर दौड़ने के लिए उत्सुक दिखे, लेकिन विडंबना यह है कि वह पगबाधा आउट हो गए, बोलैंड की एक गेंद पर क्रीज में फंस गए जो अंदर की तरफ आई थी।

## स्मिथ ने द्रविड़ का कैच रिकॉर्ड तोड़ा



**● राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे, स्टीव स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ राहुल द्रविड़ से आगे निकल गए हैं**

**मेलबर्न, वार्ता।** स्टीव स्मिथ ने एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ इंग्लैंड की शुरुआत खराब रही। बेन डकेट ने जल्दी ही स्टार्क को मिड-ऑन पर कैच दे दिया, जबकि नेसर, जो अपना पहला रेड-बॉल टेस्ट खेल रहे थे, ने ऑफ साइड से बाहर जाती गेंद पर एज लगाकर जैकब बेथेल को आउट किया। जैक क्रॉली भी जल्द ही आउट हो गए, अपने शरीर से दूर जाती गेंद पर जोर से शॉट लगाने की कोशिश में, जिससे इंग्लैंड 8 रन पर 3 विकेट गंवाकर मुश्किल में आ गया। स्टीव स्मिथ ने दूसरे स्लिप पर यह कैच पकड़ा, जिससे वह एक फील्डर के तौर पर सबसे ज्यादा कैच लेने के मामले में राहुल द्रविड़ के 210 कैच के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ गए। सिर्फ जो रूट (214) के पास उनसे ज्यादा कैच हैं। राहुल द्रविड़ ने 164 टेस्ट में 210 कैच लपके थे जबकि स्मिथ 122 टेस्ट में 212 कैच के साथ द्रविड़ से आगे निकल गए हैं। जो रूट ने 162 टेस्ट में 214 कैच लपके हैं।

## 70 टीमें जूनियर नेशनल खो-खो चैंपियनशिप में भाग लेंगी

**लद्दाख, जम्मू-कश्मीर, पुदुचेरी, चंडीगढ़, दादर नगर हवेली और दिल्ली केंन्द्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में में भाग ले रहे हैं**

**बेंगलुरु, वार्ता।** 44वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप 2025-26 में लगभग 35 लड़कों और इतनी ही लड़कियों की टीमों के भाग लेने की उम्मीद है, जो 31 दिसम्बर, 2025 से 4 जनवरी, 2026 तक गुंजूर, बेंगलुरु में होगी।

लद्दाख, जम्मू और कश्मीर, पुडुचेरी, चंडीगढ़, दादरा और नगर हवेली और दिल्ली केंद्र शासित प्रदेश हैं जो चैंपियनशिप में भाग ले रहे हैं। राज्यों के अलावा, कोल्हापुर, विदर्भ और मध्य भारत जैसे मान्यता प्राप्त खो खो संघों का प्रतिनिधित्व करने वाली टीमें भी चैंपियनशिप में खिताब के लिए मुकाबला करेंगी, जो लीग-कम-नॉकआउट आधार पर होगी। सभी की निगाहें महाराष्ट्र पर होंगी, जिसने 25 से 29 नवम्बर, 2024 तक अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में आयोजित 43वीं जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में खिताब जीता था। लड़कों और लड़कियों दोनों श्रेणियों में प्री-क्वार्टर फाइनल मैच सुबह और क्वार्टर फाइनल मैच दोपहर में 03 जनवरी को होंगे। 04 जनवरी को, सेमीफाइनल सुबह और उसके बाद फाइनल होंगे। लड़कों और लड़कियों दोनों टीमों को 8-8 समूहों में बांटा गया है। कर्नाटक राज्य खो खो संघ के अध्यक्ष श्री लोकेश्वरा ने कहा कि रेफरी के अलावा, तकनीकी अधिकारियों, कोचों और संघ के अधिकारियों सहित लगभग 25 अधिकारियों को चैंपियनशिप की तैयारियों और सुचारू संचालन के लिए तैनात किया गया है। खिलाड़ियों के रहने और खाने की व्यवस्था स्टेडियम के 3-4 किमी के दायरे में की गई है, और उनके आने-जाने के लिए 10 बसें लगाई गई हैं। चैंपियनशिप गुंजूर के अटल बिहारी वाजपेई स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।खो खो फेडरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष सुधांशु मित्तल ने कहा कि यह खो खो का एक फेस्टिवल है जिसमें देश भर के युवा टैलेंट टाइटल के लिए मुकाबला करते हैं। यह जूनियर टैलेंट के लिए अपने स्किल्स दिखाने का एक प्लेटफॉर्म भी है। टैलेंट की पहचान और उसे पहचानना खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा देने में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, क्योंकि हम पूरी लगन से खो खो को एशियन गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स और ओलंपिक्स में शामिल करने का लक्ष्य रखते हैं। भारत 9-14 मार्च, 2026 तक पहली कॉमनवेल्थ खो खो चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा, जबकि 58वीं सीनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (पुरुष और महिला) 2025-26 11-15 जनवरी, 2026 तक काजीपेट, तेलंगाना में और 35वीं सब-जूनियर नेशनल खो खो चैंपियनशिप (लड़के और लड़कियां) 2025-26 कुरुक्षेत्र, हरियाणा में 31 जनवरी 2026 से 4 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी।

## विराट-पंत की फिफ्टी, दिल्ली ने बनाए 252 रन




**● दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 254 रन बनाए**

**बेंगलुरु, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली (77) के लगातार दूसरे अर्द्धशतक और कप्तान ऋषभ पंत (70) की शानदार पारियों की बदौलत दिल्ली ने गुजरात के खिलाफ विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप डी मैच में शुक्रवार को 50 ओवर में नौ विकेट पर 254 रन का स्कोर बना लिया।

पिछले मैच में शतक जड़ने वाले विराट ने इस मुकाबले में अपनी फॉर्म जारी रखते 61 गेंदों में 13 चौकों और एक छक्के की मदद से 77 रन बनाए जबकि पंत ने 79 गेंदों पर 70 रन में आठ चौके और दो छक्के लगाए।

हर्ष त्यागी ने 40 और सिम. रजीत सिंह ने नाबाद 15 रन का योगदान दिया। गुजरात की तरफ से विशाल जायसवाल ने 42 रन देकर सर्वाधिक चार विकेट लिए।




## रोहित शून्य पर लुढ़के, लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हराया

**जयपुर, वार्ता।** स्टार बल्लेबाज और पूर्व भारतीय कप्तान रोहित शर्मा विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप सी मैच में उत्तराखंड के खिलाफ शुक्रवार को शून्य पर लुध्क गए लेकिन मुंबई ने उत्तराखंड को 51 रन से हरा दिया। मुंबई ने सात विकेट पर 331 रन का मजबूत स्कोर बनाने के बाद उत्तराखंड को नौ विकेट पर 280 रन पर रोक दिया।

उत्तराखंड की तरफ से ओपनर युवराज चौधरी ने 96 रन की शानदार पारी खेली। इससे पहले पिछले मैच के शतकधारी रोहित को देवेंद्र सिंह बोरा ने आउट किया। लेकिन मुशीर खान (55), सरफराज खान (55) और प्लेयर ऑफ द मैच हार्दिक तामोरे ने नाबाद 93 रन का योगदान देकर मुंबई को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में मदद की। शम्स मुलानी ने 48 रन बनाए। उत्तराखंड की तरफ से बोरा 74 रन पर तीन विकेट लेकर सबसे सफल रहे।

## रिंकू ने 56 गेंदों में जड़ा शतक

**● रिंकू सिंह की तूफानी पारी की बदौलत यूपी ने चंडीगढ़ को 227 रनों से दी मात**

**राजकोट, वार्ता।** टी-20 विश्व कप से पहले उत्तर प्रदेश के स्टार बल्लेबाज रिंकू सिंह ने विजय हजारे ट्रॉफी में एलीट ग्रुप बी मैच में चंडीगढ़ के खिलाफ तूफानी बल्लेबाजी करते हुए शानदार शतक जड़ा।

रिंकू ने महज 60 गेंदों पर नाबाद 106 रन बनाकर अपनी टीम को विजय हजारे ट्रॉफी ग्रुप बी मुकाबले में 4 विकेट के नुकसान पर 367 रन के विशाल स्कोर तक पहुंचाया जिसके जवाब में चंडीगढ़ की टीम 29.3 ओवर में 140 रन पर लुढ़क गई। यूपी की तरफ से जीशान अंसारी ने 29 रन देकर चार विकेट लिए। आर्यन जुयाल को उनकी 134 रन की पारी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। इससे पहले रिंकू ने चौकों और छक्कों की बारिश करते हुए 11 चौके और 4



गगनचुंबी छक्के लगाए। रिंकू के अलावा आर्यन जुयाल ने भी शानदार बल्लेबाजी का प्रदर्शन किया। उन्होंने 118 गेंदों पर 134 रन की तेज पारी खेली, जिसमें 7 चौके और 8 छक्के शामिल रहे। वहीं, ध्रुव जुरेल ने भी अहम योगदान देते हुए 57 गेंदों पर 11 चौकों की मदद से 67 रन बनाए। इसके अलावा समीर रिजवी ने 36 रन जोड़े, जबकि प्रशांत वीर 12 रन बनाकर नाबाद रहे। चंडीगढ़ ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया था। उत्तर प्रदेश की शुरुआत हालांकि खराब रही और महज 2-1 ओवर में सलामी बल्लेबाज अभिषेक गोस्वामी एक रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद आर्यन जुयाल और ध्रुव जुरेल ने पारी को संभालते हुए दूसरे विकेट के लिए 98 रन की साझेदारी की और टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश ने इससे पहले हैदराबाद को हराकर टूर्नामेंट में शानदार आगाज किया था।


## ब्रजेश पाठक ने पीएम को दिया नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप का निमंत्रण

**● ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया कि पीएम से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ**

**लखनऊ/दिल्ली, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर उन्ह चार से 11 जनवरी तक वाराणसी में आयोजित होने वाली नेशनल बॉलीबॉल चैंपियनशिप में शामिल होने का निमंत्रण दिया। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक के साथ वाराणसी के महापौर अशोक तिवारी भी मौजूद रहे। मुलाकात के बाद ब्रजेश पाठक ने 'एक्स' पर पोस्ट किया प्रधानमंत्री से आत्मीय भेंट कर स्नेहिल सानिध्य और मार्गदर्शन प्राप्त हुआ तथा उनके बहुमूल्य समय के लिए आभार व्यक्त किया। इस मुलाकात को राजनी. तिक नजरिए से भी अहम माना जा रहा है। हाल ही में लखनऊ में भाजपा के ब्राह्मण विधायकों की बैठक के बाद प्रदेश की राजनीति में चर्चाएं तेज हैं। 23 दिसम्बर 2025 को कुशीनगर से भाजपा विधायक पीएन के आवास पर हुई इस बैठक में करीब 40-50 ब्राह्मण विधायक और एमएलसी शामिल हुए थे। बैठक में ब्राह्मण समाज की घटती राजनीतिक भागीदारी, जातिगत संतुलन और विभिन्न सामुदायिक मुद्दों पर मंथन किया गया। गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में कुल 52 ब्राह्मण विधायक हैं, जिनमें से 46 भारतीय जनता पार्टी से हैं। ऐसे में पाठक की पीएम से यह मुलाकात खेल आयोजन के निमंत्रण के साथ-साथ सियासी दृष्टि से भी महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

## टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने डीपी वर्ल्ड के साथ कतर-ओमान का दौरा किया

**कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलइन के सामने थी**



**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत में राम सेतु के नाम से मशहूर, सांस्कृतिक रूप से पूजनीय एडम ब्रिज पर अपने शानदार लॉन्च के बाद, डीपी वर्ल्ड के साथ आईसीसी पुरुष टी-20 वर्ल्ड कप 2026 ट्रॉफी टूर ने कतर और ओमान में अपना सफर सफलतापूर्वक पूरा किया। इस दौरान दोनों देशों के प्रमुख शहरों और मशहूर जगहों पर फैंस, छात्रों और समुदायों को शामिल किया गया। कतर में, ट्रॉफी एक पारंपरिक धो नाव से दोहा कॉर्निश पहुंची, जो शहर के स्काईलाइन के सामने थी। यह देश की समुद्री विरासत और ग्लोबल खेल में उसकी बढ़ती भूमिका का प्रतीक था। देश भर की अपनी यात्रा के दौरान, ट्रॉफी ने कतर के कई सबसे मशहूर जगहों का दौरा किया, जिनमें सीलाइन बीच, एस्पायर जोन (जिसे दोहा स्पोर्ट्स सिटी के नाम से भी जाना जाता है), कटारा कल्चरल विलेज, सूक वकीफ और लुसैल बुलेवार्ड शामिल हैं। इन पड़ावों ने फैंस को ट्रॉफी के साथ जुड़ने का मौका दिया, साथ ही कतर की विरासत और आधुनिक विकास के मेल को भी दिखाया। इस टूर का मुख्य फोकस सामुदायिक जुड़ाव पर था। ट्रॉफी को एक केंद्रीय सार्वजनिक सभा स्थल पर सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित किया गया, जिसमें राष्ट्रीय खिलाड़ी, दूतावास और सामुदायिक नेता मौजूद थे, जिससे फैंस को ऑन-ग्राउंड एक्टिवेशन और फोटो के अवसरों के माध्यम से जुड़ने का मौका मिला। यह टूर स्कूलों और विश्वविद्यालयों तक भी पहुंचा, जिसमें बिरला पब्लिक स्कूल, यूडीएसटी यूनिवर्सिटी और कतर फाउंडेशन शामिल हैं, जिससे हजारों छात्र जुड़े और खेल के माध्यम से समावेशिता को बढ़ावा मिला। कतर फाउंडेशन में विशेष बातचीत में समावेशी पहलों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें ऑटिज्म से पीड़ित बच्चों के साथ जुड़ाव भी शामिल था। देश के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले कार्यबल को सम्मान देने के लिए, एशियन टाउन में एक विशेष एक्टिवेशन आयोजित किया गया, जिसमें दक्षिण एशियाई समुदाय और क्रिकेट के प्रति उनके प्यार का जश्न मनाया गया। कतर का सफर रेगिस्तान में सूर्यास्त के समय ट्रॉफी के प्रदर्शन के साथ समाप्त हुआ, जो देश में टूर के एक यादगार अध्याय के अंत का प्रतीक था। कतर के बाद, ट्रॉफी ओमान पहुंची, जहां इसने खेल स्थलों, सांस्कृतिक स्थलों और सार्वजनिक स्थानों का दौरा किया। प्रमुख पड़ावों में मुत्तरा किला, सुल्तान कबूस ग्रैंड मस्जिद, रॉयल ओपेरा हाउस मस्कट, ओमान अक्रॉस एजेस म्यूजियम, जबल अखदर व्यूप्वाइंट और कुरम बीच शामिल थे, जो फैंस के साथ बातचीत और मीडिया जुड़ाव के लिए सुंदर पृष्ठभूमि प्रदान करते थे। इस टूर का फोकस इंडियन स्कूल मस्कट और इंडियन स्कूल अल वादी अल कबीर जाकर युवाओं और फैंस को जोड़ने पर था, जिससे स्टूडेंट्स को ट्रॉफी को करीब से देखने का मौका मिला।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### महाराष्ट्र ने सिक्किम को आठ विकेट से हराया

**जयपुर, वार्ता।** प्लेयर ऑफ द मैच राजवर्धन हंगारगेकर (21 रन पर चार विकेट) की घातक गेंदबाजी से महाराष्ट्र ने सिक्किम को विजय हजारे ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच में शुक्रवार को 192 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हरा दिया। महाराष्ट्र ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करते हुए सिक्किम को 150 रन पर ढेर करने के बाद 18 ओवर में दो विकेट पर 153 रन बनाकर मुक. ाबला जीत लिया। महाराष्ट्र की तरफ से पृथ्वी शॉ ने 51, अर्शिन कुलकर्णी ने 40 और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने नाबाद 38 रन बनाए। सिक्किम की पारी में हंगारगेकर के चार विकेट के अलावा रामकृष्ण घोष ने तीन विकेट लिए।

### सूर्या, श्रुति, टॉप दो सीड को हराकर सेमीफाइनल में पहुंचीं

**विजयवाड़ा, वार्ता।** लोकल पसंदीदा सूर्या करिश्मा तामिरी और अनुभवी श्रुति मुंडाडा ने शुक्रवार को यहां सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैंपियनशिप के सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए सीधे गेम में टॉप दो सीड को हराया। सूर्या करिश्मा टॉप सीड उन्नति हुड्डा के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं, उन्होंने अपना क्वार्टर फाइनल सिर्फ 36 मिनट में 21-12, 21-15 से जीता, जबकि श्रुति ने दूसरी सीड और पूर्व नेशनल चैंपियन अनुपमा उपाध्याय को 39 मिनट में 22-20, 21-12 से हराया। सेमीफाइनल में, सूर्या करिश्मा का सामना रक्षिता श्री से होगा, जब 18 साल की खिलाड़ी ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वर्ल्ड जूनियर चैंपियनशिप की सिल्वर मेडलिस्ट तन्वी शर्मा को 16-21, 21-14, 21-18 से हराया। पुरुषों के सिंगल्स कैटेगरी में, टॉप सीड किरण जॉर्ज को 11वीं सीड रौनक की चुनौती से पार पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ी, उन्होंने 41 मिनट में 21-18, 21-18 से जीत हासिल की। अब उनका सामना 2024 ओडिशा ओपन चैंपियन ऋत्विक से होगा।

### युवराज संधू दूसरे राउंड में शानदार 64 के स्कोर के साथ टॉप पर पहुंचे

**जमशेदपुर, वार्ता।** युवराज संधू जमशेदपुर के बेल्डीह और गोलमुरी गोल्फ कोर्स में खेले जा रहे 2 करोड़ रुपये के टाटा ओपन 2025 और पीजीटीआई के सीजन-फिनाले के दूसरे राउंड में अपने शानदार आठ-अंडर 64 के स्कोर की बदौलत लीडरबोर्ड में टॉप पर पहुंच गए हैं। युवराज (67-64), जिन्होंने शुक्रवार को बेल्डीह में खेला था, ने हाफवे स्टेज पर कुल 11-अंडर 131 का स्कोर बनाया और तीन शॉट की बढ़त के साथ अपने पिछले रात के आठवें स्थान से सात स्थान ऊपर आ गए। युवराज, जिन्होंने इस साल पीजीटीआई पर छह बार जीत हासिल की है, पहले ही 2025 पीजीटीआईऑर्डर ऑफ मेरिट का ताज जीत चुके हैं और इस तरह अगले साल के लिए डीपी वर्ल्ड टूर में अपनी जगह पक्की कर ली है।

### नोएडा निजास ने कानपुर वॉरियर्स को मात दी

**नोएडा, वार्ता।** उत्तर प्रदेश के नोएडा सेक्टर 21 ए स्थित नोएडा इनडोर स्टेडियम में देर रात गुरुवार को यूपी कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया।

अकस्मात शुरू हुए देर रात कबड्डी प्रतियोगिता का पहला मुकाबला नोएडा निजास और कानपुर वारियर्स के बीच हुआ जहां नोएडा निजास ने कानपुर वारियर्स के 39-36 से मात देकर जीत दर्ज की। उत्तर प्रदेश कबड्डी सीजन दो प्रतियोगिता के आयोजकों द्वारा शुक्रवार को जानकारी दी गई कि उत्तर प्रदेश कबड्डी लीग सीजन दो प्रतियोगिता की शुरुआत गत बुधवार को होना था, जिसके लिए आयोजकों द्वारा जिला प्रशासन एवं खेल संबंधी प्रशासन से अनुमति में देरी होने के चलते ए समस्या सामने आई जिस कारण जिला प्रशासन द्वारा बढ़ते प्रदूषण के स्तर पर ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान चतुर्थ के अंतर्गत पाबंदियों अथवा निर्देशों का हवाला देते हुए कबड्डी खेल आयोजन को स्थगित कर दिया गया था,जो 24 दिसम्बर तय तारीख के मुताबिक आयोजित नहीं की जा सकी, अथवा कुछ समय पश्चात जिला प्रशासन के जारी निर्देशों के अनुपालन के तहत कबड्डी खेल परिसर में एयर प्यूरिफायर और मास्क लगाने की अनिवार्य शर्त पर आयोजन के लिए मंजूरी दे दी गई।

शाह टाइम्स

सम्पादकीय

शनिवार, 27 दिसम्बर 2025

# देर से उठाया कदम


आखिरकार भारत ने बांग्लादेश के प्रति अपना रुख सख्त कर दिया है, लेकिन देर हो चुकी है। जब दीपू दास की हत्या हुई थी, उसी समय भारत की प्रतिक्रिया आनी चाहिए थी, लेकिन अब तक चार अल्पसंख्यकों की हत्या के बाद भारत की प्रतिक्रिया सामने आई है, जिसे देर से उठाया जा रहा कदम बताया जा रहा है। किसी भी देश में वहां के नागरिकों की सुरक्षा की जिम्मेदारी वहां की सरकार की होती है, लेकिन भारत ने इस पर कोई कदम नहीं उठाया था। दीपू दास की हत्या के बाद भारत में प्रदर्शन हुए, राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन भेजे गए, तब कहीं जाकर भारत सरकार ने अपना मुंह खोला है। विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हिंसा, एचवन बी वीजा, ऑस्ट्रेलिया टेरर अटैक और कनाडा में भारतीय छांत्र की मौत मामले पर प्रतिक्रिया दी। बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के मामले को लेकर मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल का कहना है कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के खिलाफ जो हो रहा है वो चिंता का विषय है। हम बांग्लादेश में हाल ही में एक हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं। इस अपराध के दोषियों को न्याय के कटघरे में लाया जाएगा। भारत का हमेशा यह ध्येय रहा है कि पड़ोसी देशों से संबंध अच्छे रहे, लेकिन यूनुस सरकार ने इन संबंधों पर पानी फेर दिया। भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के पक्ष में है। बांग्लादेश में शांति और स्थिरता चाहता हैं। सरकार को देश के नागरिकों से कई शिकायतें मिली हैं, जिन्हें अपने वीजा अपाइंटमेंट को रीशेड्यूल करने में दिक्कतें आ रही हैं। वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं। इन मुद्दों और अपनी चिंताओं को भारत ने अमेरिकी पक्ष के सामने उठाया है। उल्लेखनीय है कि बुधवार को बांग्लादेश में भीड़ ने जबरन वसूली के आरोप में अमृत मंडल नामक हिंदू शख्स को पीट-पीटकर मार डाला। इससे पहले मैमनसिंह के भालुका में कथित ईशनिंदा के आरोप में 25 साल के हिंदू गारमेंट फैक्ट्री वर्कर दीपू चंद्र दास की भी भीड़ ने हत्या कर दी थी,जिसको लेकर भारतभर में विरोध प्रदर्शन हुए थे। अब इस मामले में बालीवुड के अभिनेता और अभिनेत्रियां सामने आने लगे हैं। सभी ने बांग्लादेश में हुई हत्याओं की कड़ी निंदा की है और इसे नरसंहार का नाम दे डाला है।हम दुनिया के दूसरे छोर पर हो रही घटनाओं पर रोते रहेंगे, जबकि हमारे अपने भाई-बहन जलाकर मार दिए जा रहे हैं। किसी भी रूप में मौजूद उग्रवाद की निंदा और विरोध करना जरूरी है, इससे पहले कि हम अपनी इंसानियत को भूल जाएं।

## राहुल गांधी की गतिविधियों पर नजर



राहुल गांधी के विदेश दौरों के दौरान भारतीय दूतावास के अधिकारी उन पर नजर रखते हैं और कई बार विदेशी नेताओं से उन्हें न मिलने को कहा जाता है, मैने खुद देखा है कि राहुल गांधी के होटल, मीटिंग्स और एयरपोर्ट पर उनकी गतिविधियों पर नजर रखी जाती है, हालांकि इसके सबूत नहीं हैं, लेकिन अनुभव के आधार पर यह बात कह रहा हूं, भाजपा के राहुल पर देश की छवि को नुकसान पहुंचाने के आरोप बेबुनियाद हैं , विदेश यात्राएं अचानक तय नहीं होतीं, बल्कि महीनों पहले से उनका कार्यक्रम बनता है, सच तो सच होता है, चाहे वह भारत में बोला जाए या विदेश में, डबल स्टैंडर्ड नहीं हो सकते, राहुल गांधी या कांग्रेस का किसी भी तरह के एंटी-इंडिया नेटवर्क से कोई संबंध नहीं है। सब बकवास है। **-सैम पित्रोदा, चेयरमैन, ओवरसीज कांग्रेस**

# देश को याद आ रहे आर्थिक संकट से उबारने वाले डा. मनमोहन सिंह




डॉ. मनमोहन सिंह भारतीय राजनीति के ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं जिनका नाम आते ही सादगी, ईमानदारी, विद्वता और दूरदर्शिता का भाव स्वत: मन में उभर आता है। वे केवल एक प्रधानमंत्री नहीं थे, बल्कि आधुनिक भारत की आर्थिक नींव को मजबूती देने वाले एक ऐसे शिल्पकार थे जिनकी सोच, निर्णय और कार्यशैली ने देश की दिशा ही बदल दी। उनका जीवन इस बात का उदाहरण है कि शांत स्वभाव, गहरी समझ और निस्वार्थ भावना के साथ भी कोई व्यक्ति देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकता है।

डॉ. मनमोहन सिंह का जन्म 26 सितम्बर 1932 को तत्कालीन अविभाजित भारत के गाह (अब पाकिस्तान में) नामक गांव में हुआ था। विभाजन के समय उन्होंने अपने परिवार के साथ भारत आकर कठिन परिस्थितियों में जीवन की नई शुरुआत की। बचपन से ही वे अत्यंत मेधावी थे। पढ़ाई के प्रति उनकी लगन इतनी गहरी थी कि सीमित संसाधनों के बावजूद उन्होंने शिक्षा को ही अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया। पंजाब विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद वे कैम्ब्रिज विश्वविद्यालय पहुंचे और फिर ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय से अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट की उपाधि प्राप्त की। यह अपने आप में एक असाधारण उपलब्धि थी, क्योंकि उस दौर में विदेश जाकर उच्च शिक्षा प्राप्त करना आसान नहीं था।

शिक्षा पूरी करने के बाद उन्होंने अध्यापन और शोध को अपना प्रारंभिक क्षेत्र बनाया। दिल्ली स्कूल ऑफ इकनॉमिक्स और पंजाब विश्वविद्यालय जैसे प्रतिष्ठित संस्थानों में उन्होंने छात्रों को अर्थशास्त्र पढ़ाया। उनके व्याख्यानों में गहराई, तार्किकता और व्यावहारिक दृष्टिकोण साफ झलकता था। धीरे-धीरे उनकी पहचान एक गंभीर और विद्वान अर्थशास्त्री के रूप में बनने लगी। यही कारण था कि उन्हें भारत सरकार में आर्थिक मामलों से जुड़े कई महत्वपूर्ण पदों पर कार्य करने का अवसर मिला।

डॉ. मनमोहन सिंह का प्रशासनिक जीवन बेहद प्रभावशाली रहा। वे भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर बने, योजना आयोग के उपाध्यक्ष रहे और बाद में प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार भी बने। इन सभी पदों पर रहते हुए उन्होंने हमेशा देशहित को सर्वोपरि रखा। वे निर्णय लेने से पहले गहराई से सोचते थे और किसी भी मुद्दे को भावनाओं के बजाय तथ्यों और आंकड़ों के आधार पर परखते थे। उनकी यही विशेषता उन्हें एक असाधारण नीति-निर्माता बनाती है। साल 1991 भारत के इतिहास का एक निर्णायक मोड़ था। देश गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। विदेशी मुद्रा भंडार लगभग समाप्त हो चुका था, महंगाई बढ़ रही थी और आर्थिक व्यवस्था चरमराने लगी थी। ऐसे समय में प्रधानमंत्री पीवी नरसिम्हा राव ने डॉ. मनमोहन सिंह को वित्त मंत्री नियुक्त किया। यह एक साहसिक निर्णय था, क्योंकि वे राजनीति में सक्रिय नहीं थे, लेकिन उनकी काबिलियत पर पूरा देश भरोसा करता था।

वित्त मंत्री के रूप में डॉ. मनमोहन सिंह ने जो ऐतिहासिक फैसले लिए, उन्होंने भारत की आर्थिक तस्वीर ही बदल दी। उन्होंने उदारीकरण, निजीकरण और वैश्वीकरण की नीति को अपनाया, जिसे आमतौर पर एलपीजी सुधार कहा जाता है। लाइसेंस राज की समाप्ति, विदेशी निवेश को बढ़ावा, उद्योगों को स्वतंत्रता, आयात-निर्यात में सरलता और बैंकिंग सुधार जैसे कदमों ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई गति दी। यह वही दौर था जब भारत विश्व अर्थव्यवस्था से मजबूती से जुड़ना शुरू हुआ। आज जो भारत एक उभरती हुई आर्थिक शक्ति के रूप में देखा जाता है, उसकी नींव उसी समय रखी गई थी। साल 2004 में डॉ. मनमोहन सिंह देश के प्रधानमंत्री बने। यह अपने आप में एक ऐतिहासिक क्षण था, क्योंकि वे स्वतंत्र भारत के पहले ऐसे प्रधानमंत्री थे जो सीधे तौर पर राजनीति की पारंपरिक पृष्ठभूमि से नहीं आए थे। उन्होंने कभी आक्रामक भाषण नहीं दिए, न ही वे दिखावे में विश्वास रखते थे।

उनकी ताकत उनके काम, उनकी ईमानदारी और उनकी दूरदृष्टि थी। प्रधानमंत्री के रूप में उनके कार्यकाल को विकास, स्थिरता और सामाजिक कल्याण के लिए जाना जाता है। उनके नेतृत्व में भारत ने आर्थिक मोर्चे पर उल्लेखनीय प्रगति की। देश की विकास दर तेज हुई, विदेशी निवेश बढ़ा और भारत को वैश्विक मंच पर एक जिम्मेदार और भरोसेमंद राष्ट्र के रूप में पहचान मिली। उन्होंने सूचना प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, शिक्षा और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में बड़े सुधार किए। उनकी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धियों में मनरेगा योजना मानी जाती है, जिसने ग्रामीण भारत को रोजगार की गारंटी दी। इस योजना ने करोड़ों गरीब परिवारों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान की और गांवों की अर्थव्यवस्था को मजबूत किया। शिक्षा के क्षेत्र में सर्व शिक्षा अभियान और शिक्षा का अधिकार कानून जैसे कदमों ने देश के भविष्य को मजबूत आधार दिया। स्वास्थ्य के क्षेत्र में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन ने दूर-दराज के इलाकों तक स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाईं। विदेश नीति के क्षेत्र में भी डॉ. मनमोहन सिंह का योगदान उल्लेखनीय रहा। उन्होंने अमेरिका के साथ परमाणु समझौता कर भारत को वैश्विक परमाणु शक्ति के रूप में मान्यता दिलाई। यह समझौता भारत के लिए ऊर्जा सुरक्षा के लिहाज से अत्यंत महत्वपूर्ण था। इसके अलावा उन्होंने पड़ोसी देशों के साथ संबंध सुधारने, व्यापार बढ़ाने और शांति बनाए रखने पर भी जोर दिया। वे हमेशा संवाद और सहयोग के पक्षधर रहे। डॉ. मनमोहन सिंह की सबसे बड़ी विशेषता उनकी ईमानदारी थी। राजनीति में रहते हुए भी उनके ऊपर कभी व्यक्तिगत भ्रष्टाचार का कोई दाग नहीं लगा। वे एक साधारण जीवन जीते थे, सादे कपड़े पहनते थे और बिना किसी दिखावे के अपना कार्य करते थे। सत्ता में रहते हुए भी उन्होंने कभी अपनी मर्यादा नहीं छोड़ी। वे आलोचनाओं से विचलित नहीं होते थे और चुपचाप अपना काम करते रहते थे। उनके आलोचक भी इस बात से इंकार नहीं कर सकते कि वे एक सच्चे राष्ट्रभक्त और विद्वान नेता थे। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को हमेशा प्रेरित करता रहेगा और भारतीय इतिहास में उनका स्थान सदैव सम्मान के साथ सुरक्षित रहेगा। **-मौ. इमरान**

# भयंकर तेजी से क्यों पिघल रहे ग्लेशियर

**ग्लेशियरों का कम होना बढ़ते वैश्विक तापमान के सबसे भयावह परिणामों में से एक है। ग्लेशियरों के पिघलने से समुद्र तल में वृद्धि होती है जिससे तटीय क्षरण बढ़ता है। इसके साथ ही साथ उग्र तटीय तूफान पैदा होते रहते हैं क्योंकि समुद्री तापमान में वृद्धि होती है और गर्म हवाएं बहुत तेज रफ्तार से चलती हैं, जिससे समुद्री बर्फ और ग्लेशियर पिघलते हैं और महासागर गर्म होते हैं। समुद्र की धाराएं दुनिया भर में मौसम व समुद्री जीव-जंतुओं को प्रभावित करती हैं। ग्लेशियरों के पिघलने से जैव विविधता को नुकसान पहुंचता है और जीव-जंतुओं की दुर्लभ प्रजातियां खत्म होने लगती हैं। इसके अलावा ग्लेशियरों के पिघलने से दीर्घावधि में ताजे पानी की मात्रा में कमी आ सकती है। साथ ही समुद्र के किनारे बसे शहरों के जलमग्न होने का खतरा भी है।**

पृथ्वी पर करीब 2 लाख ग्लेशियर (हिमनद) हैं, किंतु अब ग्लोबल वार्मिंग एवं बढ़ते प्रदूषण के कारण दुनिया भर के ग्लेशियरों का पिघलना तेजी से बढ़ रहा है। पॉट्सडैम इंस्टिट्यूट फॉर क्लाइमेट चेंज इंपैक्ट में जलवायु प्रोफेसर का कहना है कि पिछले 100 सालों में दुनिया के समुद्र तल में 35 फीसदी इजाफा ग्लेशियरों के पिघलने की वजह से हुआ है।

जर्नल दी क्रायोस्फियर में प्रकाशित शोध के अनुसार बर्फ अब 65 प्रतिशत ज्यादा तेजी से पिघल रही है। 1994 से 2017 के बीच 28 लाख करोड़ टन बर्फ पिघल चुकी है। किलिमंजारो पहाड़ों की बर्फ 1912 के बाद से 80 प्रतिशत से अधिक पिघल गई है। भारत में गढ़वाल हिमालय में ग्लेशियर के तेजी से पिघलने के आधार पर वैज्ञानिकों का मानना है कि अधिकांश मध्य और पूर्वी हिमालय के ग्लेशियर 2035 तक गायब हो सकते हैं। कुछ समय पूर्व ही अंटार्कटिका में दुनिया का सबसे बड़ा हिमखंड 'ए-76' टूट कर अलग हुआ है। इसका कुल क्षेत्रफल 4320 वर्ग किलोमीटर है। यह हिमखंड अंटार्कटिका में मौजूद ग्लेशियर रोने आइस शेल्फ के पश्चिमी हिस्से से टूटकर वेडेल सागर में गिरा है।

शोधकर्ताओं के अनुसार तेजी से बर्फ पिघलने के कारण समुद्र का जल स्तर तेजी से बढ़ रहा है, जिसके कारण पूरी दुनिया पर बड़ा संकट आ रहा है। ग्लेशियरों के पिघलने से दुनिया के उन लोगों पर असर पड़ेगा जिनके लिए ग्लेशियर ही पानी का प्रमुख स्रोत हैं। इससे अकेले दक्षिण-पूर्व एशिया में ही 70 करोड़ लोगों के जीवन पर असर पड़ेगा। हिमालय के ग्लेशियर आस-पास रहने वाले 25 करोड़ लोगों और ऐसी नदियों को पानी देते हैं जो करीब 1.65 अरब लोगों के लिए भोजन, ऊर्जा और कमाई का साधान है।



नेदरलैंड्स की डेल्फ्ट यूनिवर्सिटी ऑफ टेक्नोलॉजी के हैरी जोकोलारी के अनुसार ज्यादातर लोग इस बात का महत्व नहीं समझते कि बर्फ की विशाल संरचनाएं कितनी जरूरी हैं। एक स्वस्थ ग्लेशियर गर्मी में थोड़ा पिघलता है और सर्दियों में और बड़ा बन जाता है। इसका मतलब है कि लोगों को जब पानी की ज्यादा जरूरत होती है तो उन्हें ग्लेशियर से पानी मिलता है। प्रमुख शोधकर्ता व लीड्स विश्वविद्यालय के प्रो. थॉमस स्लेटर का अनुमान है कि समुद्री जल स्तर में हर एक सेंटीमीटर की वृद्धि से करीब एक लाख लोग विस्थापित होंगे। इसके साथ ही प्राकृतवासों व वन्य जीवों पर भी खतरा है। हाल ही में विश्व मौसम विज्ञान संगठन की स्टेट ऑफ ग्लोबल क्लाइमेट रिपोर्ट 2020 से पता चला है कि 2020 इतिहास का सबसे गर्म वर्ष था। नेशनल ओशिएनिक एंड एटमॉस्फेरिक एडमिनिस्ट्रेशन (एनओएए) के नेशनल सेंटर फॉर एनवायर्नमेंटल इंफॉर्मेशन (एनसीईआई) द्वारा जारी रिपोर्ट के अनुसार वर्ष 2021 इतिहास का छठा सबसे गर्म वर्ष था। रिपोर्ट के अनुसार पिछले वर्ष तापमान 20वीं सदी के औसत तापमान से 0.84 डिग्री सेल्सियस ज्यादा दर्ज किया गया था। स्पष्ट है पृथ्वी अब तेजी से गर्म होती जा रही है जिसका असर ग्लेशियरों पर हो रहा है। आईपीसीसी की रिपोर्ट में बताया गया है कि यदि हम ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन को रोकने में सफल हो जाएं और दुनिया के तापमान में बढ़त को उद्योग-पूर्व स्तर से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक पर सीमित कर दिया जाए तब भी एशिया के ऊंचे पर्वतों के ग्लेशियर अपनी एक तिहाई बर्फ खो सकते हैं। पहाड़ों के ऊपर उड़ने वाली धूल तेजी से बर्फ को पिघला रही है, क्योंकि धूल में सूरज की रोशनी अवशोषित हो जाती है जिसकी वजह से बढ़ी गर्मी के कारण बर्फ पिघलने लगती है।


**(स्रोत फीचर्स)**

# नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता है पर्किंसन रोग

पर्किंसन रोग नर्वस सिस्टम में धीरे-धीरे बढ़ता एक डिसऑर्डर है जिससे पूरे शरीर की गतिविधि प्रभावित होती है। शुरू में धीरे-धीरे इसके बढ़ते रहने के कारण आमतौर पर इसके कोई लक्षण नजर नहीं आते हैं या बमुश्किल किसी हाथ में कंपकंपी महसूस होती है। आम तौर पर हाथों में कंपकंपी से ही पर्किंसन की मौजूदगी की पुष्टि हो जाती है, लेकिन इसके साथ ही जकडन या शारीरिक गतिविधियों में धीमापन या अति संवेदनशीलता जैसे लक्षण भी प्रकट हो सकते हैं। शुरुआती चरणों में चेहरे पर शायद कोई लक्षण न दिखे या टहलते समय बाजुओं में कोई झटका महसूस न हो सके, लेकिन जुबान धीमी या अस्पष्ट हो सकती है और रोग बढने के साथ ही ये लक्षण बदतर होने लगते हैं। ऐसी स्थिति में किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से तत्काल संपर्क करना जरूरी है।

पर्किंसन रोग में मस्तिष्क के कुछ स्नायु तंत्र (न्यूरॉन) धीरे-धीरे कमजोर या मृतप्राय होने लगते हैं। कई लक्षण उन न्यूरॉन की क्षति के कारण बढ़ जाते हैं जो आपके मस्तिष्क तक रासायनिक संदेशवाहक यानि डोपेमाइन बनाते हैं। डोपेमाइन का स्तर जब कम हो जाता है तो इससे मस्तिष्क की गतिविधि असामान्य होने लगती है, जिससे पर्किंसन के लक्षण सामने आने लगते हैं। पर्किंसन रोग की वजह अभी तक अज्ञात है, लेकिन इसके पनपने में कई कारक जिम्मेदार माने जाते हैं, जिनमें शामिल हैं- आनुवांशिक, पर्यावरण प्रभाव, लेवी बॉडीज की मौजूदगी। इसके रिस्क फैक्टर्स है:-उम्र, वंशानुगत, लिंग, टॉक्सिन की चपेट में आना: इसके लक्षण और संकेत अलग-अलग तरह के लोगों पर अलग-अलग तरह के हो सकते हैं। शुरुआती लक्षण बहुत मामूली और न पहचाने जाने लायक हो सकते हैं। अक्सर ये लक्षण शरीर के एक हिस्से से शुरू होते हैं और जब तक शरीर के दोनों तरफ लक्षणों का असर होता है, तब तक अमूमन वह हिस्सा बहुत बिगड़ चुका होता है। कंपकंपी, धीमी गतिविधि, सख्त मांसपेशियां, शरीर की असाधारण मुद्रा और संतुलन, स्वाभाविक गतिविधियों पर विराम, बोली में बदलाव, लिखावट में बदलाव। सबसे अच्छा होगा कि मेडिकल स्थिति के आधार पर किसी अनुभवी न्यूरोलॉजिस्ट से जांच करवाएं, शारीरिक जांच कराएं और इसके लक्षणों और संकेतों का मूल्यांकन करें। एमआरआई, मस्तिष्क की अल्ट्रासाउंड, एसपीईसीटी और पीईटी स्कैन जैसी इमेजिंग जांच भी दूसरे तरह के डिसऑर्डर का पता लगाने में मददगार साबित हो सकती है।

इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन (डीबीएस) में सर्जन आपके मस्तिष्क के एक खास हिस्से में इलेक्ट्रोड का प्रत्यारोपण करते हैं। ये इलेक्ट्रोड्स आपके कॉलरबोन के पास आपके सीने में इंप्लांट किए गए जनरेटर से जुड़े होते हैं, जिससे आपके मस्तिष्क तक इलेक्ट्रिकल पल्स भेजे जाते हैं और आपके पर्किंसन रोग के लक्षणों को कम किया जा सकता है। डीप ब्रेन स्टिमुलेशन अक्सर एडवांस स्टेज में पहुंच चुके पर्किंसन पीड़ितों को दिया जाता है, जिन पर दवाइयों का असर खत्म हो जाता है। डीबीएस चिकित्सा स्थिति के उतार-चढ़ाव को स्थिर कर सकता है, अस्वाभाविक गतिविधियों (डिसकिनेसियास) को कम या रोक सकता है, कंपकंपी, अकड़न को कम कर सकता है और सामान्य गतिवधियों में आई कमी को सुधार सकता है। डिसकिनेसियास पर नियंत्रण पाने के लिए ली जा रही दवाइयों का असर प्रभावी बनाने के लिए डीबीएस कारगर होता है। हालांकि डीबीएस उन समस्याओं में मददगार नहीं होता, जिनमें कंपकंपी के अलावा चिकित्सा पद्धति का कोई असर नहीं होता। कंपकंपी यदि दवाइयों से बहुत ज्यादा नियंत्रित नहीं हो पाती है, तो इसे डीबीएस से नियंत्रित किया जा सकता है। पीडी के लक्षणों को कम करने के लिए दवाइयों का तात्कालिक प्रभाव ही होता है। जब किसी व्यक्ति पर दवाइयों का प्रभावी असर रहता है तो उसे ऑन-फेज कहा जाता है और जब दवाइयां उस पर बेअसर हो जाती है तो उसे ऑफ फेज कहा जाता है। एक समय बाद शरीर पर दवाइयों का प्रभाव खत्म हो जाता है और दवाइयां लेने की दर बढ़ जाती है। मरीज को यदि दिन में तीन बार दवाइयां लेने की सलाह दी जाती है तो प्रभाव कम होते रहने के कारण उस पर दिन में आठ से ज्यादा बार भी दवाइयां लेनी पड़ सकती है। इससे उसके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित होती है, क्योंकि उसमें कई बार ऑन और ऑफ प्रभाव की स्थिति में जीना पड़ जाता है। डीबीएस मरीज पर लगातार 24 घंटे तक प्रभावी रहता है। इससे डिसकिनेसियास की स्थिति से भी निपटा जा सकता है जिस कारण अस्वाभाविक गतिविधियां रुक जाती हैं। इसके अलावा डीबीएस कंपकंपी में उतार-चढ़ाव नहीं आने देता है, जैसाकि दवाइयां लेने से होता है। दवाइयां अनिश्चित लक्षणों के प्रभाव को कम कर सकती हैं और काम पर जाने या खरीदारी करने की योजना बनाने वाले मरीजों में अटैक का खतरा बना रह सकता है क्योंकि दवाइयों का असर किसी भी वक्त कम हो सकता है जिससे उनके जीवन की गुणवत्ता प्रभावित हो सकती है।



**इमेजिंग टेस्ट सिर्फ पर्किंसन्स रोग की डायग्नोसिस में मददगार नहीं होती है। कई बार पर्किंसन रोग की पहचान करने में बहुत समय लग जाता है। डॉक्टर आपकी स्थिति और समय के साथ आपके लक्षणों का मूल्यांकन करने तथा पर्किंसन्स रोग की पहचान करने के लिए मूवमेंट डिसऑर्डर में प्रशिक्षित न्यूरोलॉजिस्टों से नियमित रूप से परामर्श लेते रहने की सलाह दे सकते हैं।**

(साभार प्र.सा.)



नई दिल्ली। पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की पहली पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी।

## दक्षिणी लेबनान में इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह सदस्य की मौत

**बेरुत/यरूशलेम।** दोपहर दक्षिणी लेबनान में गुरुवार को इजरायली हवाई हमले में हिजबुल्लाह का एक सदस्य मारा गया। लेबनानी सूत्रों और इजरायली सेना ने यह जानकारी दी। लेबनान की आधिकारिक राष्ट्रीय समाचार एजेंसी (एनएए) ने बताया कि गुरुवार दोपहर सीमावर्ती गांव मजदल सेल्म के प्रवेश द्वार पर एक इजरायली ड्रोन ने एक पिकअप ट्रक को निशाना बनाया। लेबनान के सार्वजनिक स्वास्थ्य मंत्रालय के आपातकालीन संचालन केंद्र ने पुष्टि की कि हमले में एक नागरिक मारा गया। एक सुरक्षा सूत्र ने मृतक की पहचान मोहम्मद अला अल-दीन नामक हिजबुल्लाह सदस्य के रूप में की।

## भारत में मिल रही नकली रेबीज वैक्सीनः ऑस्ट्रेलिया


**नई दिल्ली।** आस्ट्रेलिया में वैक्सीन के लिए काम करने वाली सरकार की संस्थान आस्ट्रेलियन टेक्निकल एडवाइजरी ग्रुप आन इम्यूनाइजेशन (एटीएजीआई) ने शुक्रवार को भारत में इस्तेमाल होने वाली रेबीज वैक्सीन के लिए चेतावनी जारी की है। ये चेतावनी ABHAYRAB ब्रांड के लिए जारी की गई है। चेतावनी में कहा गया है। ABHAYRAB ब्रांड की वैक्सीन नकली है और रेबीज बीमारी के लिए फायदेमंद नहीं है। नवम्बर 2023 से ये नकली वैक्सीन सप्लाई हो रही है। एटीएजीआई के मुताबिक नकली वैक्सीन में सही मात्रा में एक्टिव इंग्रीडिएंट नहीं हैं। ABHAYRAB का इस्तेमाल आस्ट्रेलिया में नहीं होता है।

# भारत की आर्थिक वृद्धि अनुमानों से कहीं बेहतर होगी

### अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगाः गोल्डमैन सैक्स

**नई दिल्ली।** वैश्विक स्तर पर काम करने वाले अमेरिका के निवेश बैंक गोल्डमैन सैक्स के एक ताजा अनुमान के अनुसार भारत अगले दो वर्ष तक दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में बना रहेगा और देश की वृद्धि की रफ्तार वैश्विक स्तर पर लगाए जा रहे अनुमानों से बेहतर होगी।

इस प्रतिष्ठित बैंकिंग की शुक्रवार को प्रकाशित मैक्रोइकोनॉमिक आउटलुक (वृहत आर्थिक परिदृश्य) रिपोर्ट के 2026 में भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वास्तविक (स्थिर कीमत पर) वृद्धि 6.7 प्रतिशत और 2027 में 6.8 प्रतिशत रह सकती है। यह धीमी पड़ रही वैश्विकअर्थव्यवस्था के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था के बढ़ते जुझारूपन और संरचनात्मक शक्ति को दिखाता है। रिपोर्ट के अनुसार भारत की वृद्धि के बारे में ये अनुमान अधिकांश विकसित और उभरती अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में काफी ऊपर हैं। भारत से इस तरह के प्रदर्शन




यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है

की उम्मीद ऐसे समय में है जबकि कड़ी वित्तीय स्थितियों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और लगातार व्यापार बाधाओं के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था की वृद्धि धीमी होने के आसार हैं। गोल्डमैन सैक्स का अनुमान है कि 2026 में वैश्विक अर्थव्यवस्था लगभग 2.8 प्रतिशत की अपेक्षाकृत स्थिर लेकिन मामूली गति से बढ़ेगी, जो मौजूदा अनुमानों से थोड़ी अधिक है। अनुमान में यह सुधार मुख्य रूप से महंगाई में कमी और वित्त बाजार की स्थिति के धीरे-धीरे सामान्य होने को देखते हुए है। रिपोर्ट में कहा गया है कि इस वैश्विक परिदृश्य में भारत निर्यात पर अत्यधिक निर्भरता के बिना वृद्धि की उच्च दर को बनाए रखने की अपनी क्षमता की दृष्टि से अलग दिखता है। वैश्विक मांग में उतार-चढ़ाव के आगे कमजोर पड़ने वाली कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं के बिपरीत भारत की वृद्धि दर एक बड़ी सीमा तक घरेलू खपत, सार्वजनिक निवेश और संरचनात्मक सुधारों से संचालित हो रही है। रिपोर्ट में उम्मीद जताई गई है कि भारत का बड़ा आंतरिक बाजार, बढ़ता घरेलू खर्च और सरकार के नेतृत्व में बुनियादी ढांचे का लगातार विस्तार देश में आर्थिक गतिविधि के लिए मजबूत आधार के रूप में काम करेगा है। इसके अनुसार, 'सार्वजनिक पूंजीगत व्यय भारत के मध्यम अवधि के दृष्टिकोण का एक प्रमुख चालक बना हुआ है।

## संक्षिप्त समाचार

### जापान में 58 अरब डालर के रिकॉर्ड रक्षा बजट को मंजूरी

**टोक्यो।** जापान के मंत्रिमंडल ने क्षेत्रीय तनाव और चीन की बढ़ती सैन्य गति. विधियों को देखते हुए शुक्रवार को अब तक के सबसे बड़े रक्षा बजट को अपनी मंजूरी दे दी। आगामी वित्तीय वर्ष के लिए जापान सरकार ने रक्षा क्षेत्र को लगभग 58 अरब डॉलर का आवंटन किया है। जापानी मुद्रा एन में यह राशि नौ हजार अरब एन है। स्थानीय मीडिया जापान टुडे के मुताबिक इस भारी भरकम बजट का मुख्य उद्देश्य जापान की जवाबी हमले की क्षमता को बढ़ाना और अत्याधु. निक मानवरहित हथियारों, ड्रोनों के जरिए तटीय सुरक्षा को पुख्ता करना है।

### नाइजीरिया ने आईएस ठिकानों पर हवाई हमलों की पुष्टि की

**अबुजा।** नाइजीरियाई सरकार ने इस बात की पुष्टि की कि अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय सहयोगियों ने मिलकर अफ्रीकी देश के पश्चिमोत्तर हिस्से के आईएस के आतंकी ठिकानों पर हवाई हमले किए हैं। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता किमिबी एबिएनफा ने कहा कि यह अभियान पश्चिमी अफ्रीकी देश में आतंकवाद और हिसक उग्रवाद को खत्म करने के लिए अमेरिका सहित अंतर्राष्ट्रीय साझेदारों के साथ नाइजीरिया के सुरक्षा सहयोग का हिस्सा था।

### ईरान में पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्याः मीडिया रिपोर्ट

**तेहरान।** ईरान की राजधानी तेहरान में एक सशस्त्र हमले में एक पूर्व अफगान पुलिस कमांडर की हत्या कर दी गई। अर्ध-सरकारी समाचार एजेंसी मेहर ने गुरुवार को यह जानकारी दी। मेहर ने ईरान पुलिस के एक जानकार सूत्र के हवाले से बताया कि मृतक की पहचान इकरामुद्दीन सरी के रूप में हुई है, जो पूर्व अफगान सरकार के तहत उत्तरी अफगानिस्तान के तखर प्रांत में पुलिस कमांडर थे। सरी को वलियासर स्ट्रीट स्थित अपने कार्यस्थल से निकलने के बाद गोली मार दी गई।

# H-1B वीजा में देरी पर भारत ने जताई चिंता

### कहाः बच्चों की पढ़ाई और परिवारों पर गंभीर असर, वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है

**नई दिल्ली।** विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों से जुड़े मामलों को लेकर भारत सरकार ने एक बार फिर साफ किया है कि वह अपने नागरिकों के हितों की रक्षा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। वीजा परेशानियों, सुरक्षा से जुड़े मामलों, भगोड़े अपराधियों की वापसी और विदेशों में भारतीय छात्रों की मौत जैसे मुद्दों पर विदेश मंत्रालय ने अपनी स्थिति स्पष्ट की है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने कहा कि सरकार को एच1बी वीजा नियुक्ति के बार-बार पुनर्निर्धारित होने को लेकर कई शिकायतें मिली हैं। इस कारण बड़ी संख्या में भारतीय नागरिक लंबे समय से विदेशों में फंसे हैं, जिससे उनके परिवार और बच्चों की पढ़ाई पर गंभीर असर पड़ा है।

प्रवक्ता ने बताया कि वीजा से जुड़े मुद्दे किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने अपनी चिंताएं अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाई हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ लगातार बातचीत की जा रही है ताकि भारतीय नागरिकों को हो रही दिक्कतों को कम किया जा सके। भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर गंभीर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय ने कहा कि बड़ी संख्या में भारतीय आवेदकों के पहले से तय एच-1बी वीजा साक्षात्कार अचानक रद्द या आगे खिसका दिए गए हैं, जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने




भारत ने अमेरिका में काम करने वाले हजारों भारतीय पेशेवरों से जुड़े एच-1बी वीजा मामले पर तथ्यों से अवगत कराया

साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में बताया कि सरकार को कई भारतीय नागरिकों से शिकायतें मिली हैं। इन शिकायतों में कहा गया है कि वीजा साक्षात्कार पुनर्निर्धारित होने के कारण वे लंबे समय से भारत में फंसे हुए हैं और अमेरिका लौटकर अपनी नौकरी जाइन नहीं कर पा रहे हैं।

मंत्रालय के अनुसार, दिसम्बर के मध्य से जिन एच-1बी वीजा आवेदकों के साक्षात्कार तय थे, उन्हें अचानक कई महीनों के लिए टाल दिया गया है। कुछ आवेदकों को ई-मेल के जरिए बताया गया कि उनके साक्षात्कार अब अगले साल मई तक के लिए बढ़ा दिए गए हैं। बताया जा रहा है कि यह फैसला सोशल मीडिया प्रोफाइल और आनलाइन गतिविधियों की अतिरिक्त जांच के चलते लिया गया है। साथ ही ये भी स्पष्ट किया कि वीजा से जुड़े फैसले किसी भी देश के संप्रभु अधिकार क्षेत्र में आते हैं, लेकिन भारत ने इस मुद्दे को अमेरिका के सामने नई दिल्ली और वाशिंगटन डीसी, दोनों जगह उठाया है। उन्होंने कहा कि इस देरी से भारतीय नागरिकों और उनके परिवारों को आर्थिक, पारिवारिक और शैक्षणिक स्तर पर गंभीर कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। रणधीर जायसवाल ने आस्ट्रेलिया के बान्डी बीच में हुई आतंकी घटना पर भी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि भारत इस हमले से जुड़े जिम्मेदार लोगों की गतिविधियों से अवगत है और इस मामले में संबंधित विदेशी एजेंसियों के संपर्क में है। विदेश मंत्रालय ने दोहराया कि भारत उन सभी लोगों को वापस लाने के लिए प्रतिबद्ध है, जो देश में कानून से बचकर विदेशों में छिपे हुए हैं। इसके लिए कई देशों से बातचीत चल रही है। प्रवक्ता ने कहा कि प्रत्यर्पण की प्रक्रिया में कई कानूनी स्तर होते हैं, लेकिन सरकार की मंशा साफ है कि ऐसे लोग भारत लौटें और अदालतों में मुकदमे का सामना करें। कनाडा में एक भारतीय छात्र की मौत पर विदेश मंत्रालय ने गहरा दुख जताया। रणधीर जायसवाल ने बताया कि सरकार मृतक छात्र के परिवार के संपर्क में है और स्थानीय अधिकारियों से मौत की परिस्थितियों को लेकर जानकारी ली जा रही है। भारत का दूतावास परिवार को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है।

## बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या नजरअंदाज नहीं कर सकतेः भारत

**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश में जारी अशांति और अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचारों को लेकर चिंता जताई है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने शुक्रवार को साप्ताहिक प्रेस ब्रीफिंग में कहा कि हिंदू युवक दीपू चंद्र दास की निर्मम हत्या को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने कहा कि हम ढाका में हिंदू युवक की हत्या की निंदा करते हैं और उम्मीद करते हैं कि अपराधियों को जल्द से जल्द सजा मिलेगी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने यह भी कहा कि सरकार ललित मोदी और विजय माल्या को वापस लाने के लिए काम कर रही है। उन्होंने इसके अलावा कई सवालों के जवाब दिए। जायसवाल ने कहा कि भारत बांग्लादेश में फैलाई जा

**विदेश मंत्रालय बोलाः हत्यारों को जल्द सजा मिले, भगोड़े ललित मोदी-माल्या को वापस लाएंगे**

रही भारत-विरोधी झूठी कहानी को खारिज करता है। वहां कानून-व्यवस्था और सुरक्षा बनाए रखना बांग्लादेश की अंतरिम सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान अल्पसंख्यकों के खिलाफ हिंसा की 2,900 से अधिक घटनाएं दर्ज की गई हैं। इन घटनाओं को महज मीडिया की बयानबाजी या राजनीतिक हिंसा कहकर खारिज नहीं किया जा सकता। जायसवाल ने आगे कहा कि भारत बांग्लादेश के लोगों के साथ अपने संबंधों को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है।

# पाक ने एलओसी पर एंटी ड्रोन सिस्टम तैनात किए

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने पाक-अधिकृत कश्मीर (पीओ. के) में लाइन ऑफ कंट्रोल (एलओसी) के पास एंटी-ड्रोन सिस्टम तैनात कर दिए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक नए काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम रावलकोट, कोटली और भिंबर सेक्टर में लगाए गए हैं। काउंटर-अनमैन्ड एरियल सिस्टम वह तकनीक है, जो दुश्मन के ड्रोन को पहचानने, ट्रैक करने और उन्हें जैम या मार गिराने के लिए इस्तेमाल की जाती है। पाकिस्तानी सेना को आशंका है कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक पाकिस्तान ने एलओसी पर 30 से ज्यादा खास एंटी-ड्रोन यूनिट्स तैनात की हैं। ये तैनाती मुर्री की 12वीं इन्फैंट्री डिवीजन और 23वीं इन्फैंट्री डिवीजन ने की हैं, जो कोटली/भिंबर इलाके की ब्रिगेड्स को संभालती हैं। इसका मकसद एलओसी के पास हवाई निगरानी और इलेक्ट्रानिक वारफेयर क्षमता मजबूत करना है। स्पाइडर एंटी-ड्रोन सिस्टम रेडियो फीक्वेंसी के जरिए ड्रोन का पता लगाता है और करीब 10 किलोमीटर तक छोटे ड्रोन और लोइटरिंग म्यूनिशन पहचान



पाक सेना ने आशंका जताई कि भारत फिर से ऑपरेशन सिंदूर जैसा खतरनाक कदम उठा सकता है

सकता है। यह पोर्टेबल और वाहन-माउंटेड दोनों रूपों में उपलब्ध है। यह ड्रोन के कम्युनिकेशन को बाधित कर हवा में रुकने, वापस लौटने या लैंड करने पर मजबूर करता है। स्पाइडर काउंटर-यूएएस सिस्टम को पाकिस्तान की ग्लोबल इंडस्ट्रियल एंड डिफेंस सोल्यूशन (जीआईडीएस) ने विकसित किया है। सुफ्रा जैमिंग गन-यह कंधे पर रखकर चलाया जाने वाला हथियार है जिसकी रेंज करीब 1.5 किलोमीटर है। यह ड्रोन के कंट्रोल, वीडियो और जीपीएस लिंक को बाधित करता है। यह एक साथ कई कामीकाजे ड्रोन को डिएक्टिवेट कर सकती है। सुफ्रा जैमिंग गन को पाक के नेशनल इलेक्ट्रानिक्स काम्प्लेक्स ने विकसित किया है।

# पाक के परमाणु शस्त्र दुनिया के लिए खतरा

### दस्तावेजों से खुलासाः पुतिन ने 24 साल पहले जॉर्ज बुश को किया था आगाह

**नई दिल्ली।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने साल 2001 में अमेरिका के तत्कालीन राष्ट्रपति जार्ज डब्ल्यू बुश से अपनी पहली मुलाकात के दौरान पाकिस्तान को लेकर चिंता जताई थी। पुतिन ने कहा था कि पाकिस्तान असल में एक सैन्य शासन यानी जुंटा है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं।

यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं है। पुतिन के मुताबिक, इसके बावजूद पश्चिमी देश पाकिस्तान की आलोचना नहीं करते, जो चिंता की बात है। उन्होंने कहा था कि इस मुद्दे पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। दोनों नेता पाकिस्तान के अंदरूनी हालात, राजनीतिक अस्थिरता और परमाणु कमांड सिस्टम को लेकर चिंतित थे। उन्हें डर था कि



यह कोई लोकतांत्रिक देश नहीं हैः पुतिन

अगर हालात बिगड़े तो परमाणु तकनीक गलत हाथों में जा सकती है। यह जानकारी दोनों के बीच 2001 से 2008 के दौरान हुई बातचीत के डीक्लासिफाइड दस्तावेज सामने आए हैं। ये दस्तावेज अमेरिका की नेशनल सिक्योरिटी आर्काइव ने सूचना के अधिकार कानून के तहत जारी किए हैं। यह बातचीत ऐसे समय में हुई थी जब दुनिया में आतंकवाद और दक्षिण एशिया की सुरक्षा को लेकर हालात काफी संवेदनशील थे। पुतिन का मानना था कि परमाणु हथियारों से लैस किसी गैर-लोकतांत्रिक देश का होना वैश्विक सुरक्षा के लिए खतरा बन सकता है। बातचीत में पाकिस्तान के 'एक्यू खान नेटवर्क', ईरान और उत्तर कोरिया तक परमाणु तकनीक पहुंचने के खतरे और पाकिस्तान की परमाणु सुरक्षा व्यवस्था पर चिंता जताई गई है। 2001-2008 के दौर में पाकिस्तान में सैन्य शासक परवेज मुशर्रफ का शासन था। 9/11 के बाद आतंकवाद विरोधी लड़ाई में अमेरिका और रूस दोनों उसका सहयोग ले रहे थे।

# यूएई प्रेसिडेंट पाक पहुंचे, शहबाज व मुनीर स्वागत करने एयरपोर्ट आए

**इस्लामाबाद।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान शुक्रवार को पाकिस्तान की आधिकारिक यात्रा पर पहुंचे हैं। पीएम शहबाज शरीफ और चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेस आसिम मुनीर यूएई प्रेसिडेंट को रिसीव करने एयरपोर्ट पहुंचे। यह इस साल उनकी पाकिस्तान की दूसरी यात्रा है।

इससे पहले जनवरी 2025 में वे रहीम यार खान में निजी यात्रा के दौरान शहबाज से मुलाकात कर चुके हैं। हालांकि राष्ट्रपति के रूप में उनकी पहली आधिकारिक पाकिस्तान यात्रा है। विदेश कार्यालय के एक बयान के अनुसार, राष्ट्रपति अल नाहयान प्रधानमंत्री शहबाज के साथ द्विपक्षीय संबंधों के पहलुओं की समीक्षा करेंगे। क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर बात करेंगे। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह दौरा दोनों देशों के बीच लंबे

**ट्रेड-एनर्जी पर डील संभव, पाक को सऊदी जैसा रक्षा समझौता होने की उम्मीद**

समय से चले आ रहे भाईचारे को और मजबूत करने का अच्छा मौका है। साथ ही व्यापार, निवेश, ऊर्जा, विकास और क्षेत्रीय सुरक्षा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में समझौते हो सकते हैं। यात्रा से पहले, इस्लामाबाद में राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी, प्रधानमंत्री शहबाज और यूएई के राष्ट्रपति शेख मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान के बिलबोर्ड लगे हुए हैं। इस्लामाबाद जिला प्रशासन ने यात्रा के दिन यानी आज पूरी राजधानी में छुट्टी की घोषणा की। पाकिस्तान और यूएई के बीच गहरे राजनयिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंध हैं। जो यूएई में रहने वाले बड़ी पाकिस्तानी प्रवासी आबादी के कारण और मजबूत हुए हैं।




# कनाडा में भारतीय छात्र की हत्या, यूनिवर्सिटी में गोली मारी

**टोरंटो।** कनाडा के यूनिवर्सिटी ऑफ टोरंटो के पास भारतीय मूल के 20 वर्षीय छात्र शिवांक अवस्थी की गोली मारकर हत्या कर दी गई। यह टोरंटो में 2025 की 41वीं हत्या है।

यह घटना कैंपस के पास होने से छात्रों में डर का माहौल है और यूनिवर्सिटी ने भी सुरक्षा अलर्ट जारी किया। पुलिस के अनुसार, 23 दिसम्बर को दोपहर में हत्या की सूचना मिली। पुलिस ने मौके पर शिवांक अवस्थी को गोली लगी हालत में पाया और मौके पर ही उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। संदिग्ध पुलिस के आने से पहले मौके से फरार हो गए थे। पुलिस ने लोगों से संदिग्ध से जुड़ी कोई भी जानकारी मिलने पर सूचना देने की अपील की है। टोरंटो में 3 दिन के अंदर दो भारतीयों का हत्या हुई। इससे पहले 20 दिसम्बर को भारतीय मूल की महिला हिमांशी खुराना

**कैंपस में सुरक्षा अलर्ट जारी, आरोपी फरार, पिछले तीन दिनों के दौरान दो भारतीयों का मर्डर**

का उसके पार्टनर ने मर्डर कर दिया था। टोरंटो में भारतीय दूतावास ने इस दुखद घटना पर गहरा दुख व्यक्त किया और कहा कि वे शिवांक के परिवार से संपर्क में हैं। स्थानीय अधिकारियों के साथ मिलकर हर संभव मदद मुहैया करा रहे हैं। दूतावास ने अपने बयान में शिवांक को एक युवा भारतीय डाक्टरल छात्र बताया है, हालांकि कुछ रिपोर्ट्स में उन्हें लाइफ साइंसेज का अंडरग्रेजुएट छात्र भी कहा गया है। इसी शहर में कुछ दिन पहले ही एक अन्य भारतीय महिला हिमांशी खुराना की हत्या हुई थी। वो 30 साल की थीं और टोरंटो में रहती थीं। पुलिस ने मामले में एक संदिग्ध की गिरफ्तारी के लिए वारंट जारी किया।

# बांग्लादेश के ढाका यूनिवर्सिटी में भारत विरोधी प्रदर्शन

### हादी के हत्यारे को सजा देने की मांग, बांग्लादेशी हिंदू की हत्या मामले में 6 और गिरफ्तार

**ढाका।** बांग्लादेश में एक बार फिर भारत विरोधी प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। इंकिलाब मंच ने नेता उस्मान हादी की हत्या के खिलाफ न्याय की मांग करते हुए ढाका के शाहबाग इलाके में प्रदर्शन किया।

इस दौरान भारत विरोधी नारे भी लगाए गए। जुमा की नमाज के बाद ढाका यूनिवर्सिटी से जुलूस निकाला गया, जो शाहबाग पहुंचकर धरने में बदल गया। प्रदर्शनकारियों ने सड़क जाम कर दी, जिससे इलाके में यातायात ठप हो गया। इंकिलाब मंच का कहना है कि जब तक हादी की हत्या में न्याय नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। शरीफ उस्मान हादी की पिछले हफ्ते हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद देश में एक बार फिर अशांति फैल गई है। प्रदर्शन के दौरान 'आई एम हादी' जैसे नारे गूंजते रहे। ढाका यूनिवर्सिटी वही जगह है, जहां जुलाई



हिंदू संगठन ने ढाका में प्रदर्शन किया

2024 में हुए आंदोलन की रणनीति बनी थी। बांग्लादेश में दीपू चंद्र दास की बेरहमी से की गई हत्या के मामले में पुलिस ने छह और लोगों को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में छापेमारी के दौरान हुई। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, इन लोगों पर आरोप है कि वे दीपू दास पर अपनी नौकरी छोड़ने का दबाव बना रहे थे। इस मामले में अब तक कुल 18 लोगों को हिरासत में लिया जा चुका है। दीपू चंद्र दास की 18 दिसम्बर को भीड़ ने पीट-पीटकर हत्या कर दी थी। इसके बाद हमलावरों ने उन्हें एक पेड़ से आग भी लगा दी थी। इस घटना के बाद अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय ने बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन किया था। इस घटना के विरोध में हिंदू संगठन नेशनल हिंदू महाजोत ने ढाका के नेशनल प्रेस क्लब पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने दीपू दास की हत्या की निंदा की और मांग की कि दोषियों को कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने यह भी कहा कि बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदुओं पर हमले बढ़ रहे हैं और सरकार को उनकी सुरक्षा के लिए ठोस कदम उठाने चाहिए। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी चिंता जताई जा रही है।

